
सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 20 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 106, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**अमेरिका-ईरान तनाव तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा**

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभायेंगे। } 10

**कांग्रेस और द्रमुक ने महिलाओं के साथ किया विश्वासघात**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और द्रमुक पर तीखा हमला किया और उन पर संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण से वंचित कर उनसे विश्वासघात करने का आरोप लगाया। } 12

## पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 16 की मौत

### तमिलनाडु के विरुधुनगर की घटना पर पीएम मोदी और सीएम स्टालिन ने जताया दुख

एजेंसी



चेन्नई। तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 16 लोगों की मौत और छह घायल हो गए। धमाके के समय करीब 30 कर्मचारी मौजूद थे। दमकल ने आग पर काबू पाया और बचाव कार्य जारी रहा।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दुख जताकर मंत्रियों को मौके पर भेजने, राहत कार्य तेज करने और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद देने के निर्देश दिये। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के कट्टनारपट्टी इलाके में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है और छह अन्य घायल हुए हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब कुछ दिन पहले ही इसी जिले में एक और फैक्टरी में धमाका हुआ था। धमाका इतना जोरदार था कि फैक्टरी के कई हिस्से पूरी तरह तबाह हो गए। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचा और अब तक कई शव मलबे से निकाले जा चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अंदर फंसे लोगों को निकालने का अभियान जारी है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। फैक्ट्री में विस्फोट उस समय हुआ जब कर्मचारी काम कर रहे थे। अचानक हुए धमाके से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग तेजी से फैल गई और कई लोग अंदर ही फंस गए। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ममता सरकार आदिवासी विरोधी : मोदी

एजेंसी



पुरुलिया (बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह घुसपैठ के जरिए राज्य की भाषा और संस्कृति बदल रही है, आदिवासी क्षेत्रों की अनदेखी कर रही है और महाजंगलराज चला रही है। आदिवासी आबादी वाले पुरुलिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले जंगलमहल क्षेत्र में भाजपा की राजनीतिक धार तेज करने की कोशिश की और चुनावी मुकाबले को विकास बनाम तुष्टीकरण की लड़ाई बताया।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण बंगाल की भाषा और संस्कृति बदल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल की राजनीति ने राज्य के सामाजिक चरित्र को बदल दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर हमला तेज करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण आदिवासी पहचान और भाषा की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि संथाली भाषा का अपमान हो रहा है, जबकि मदरसा शिक्षा के लिए रिकॉर्ड बजट दिया जा रहा है। यह और कुछ नहीं, सिर्फ तुष्टीकरण है। प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस शासन को बार-बार महाजंगलराज करार देते हुए आरोप लगाया कि पुरुलिया, बांकुड़ा और झाड़ग्राम जैसे आदिवासी बहुल जिलों को सड़क, पेयजल, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा, तृणमूल के महाजंगलराज में आदिवासी बहुल जिले विकास और बुनियादी सुविधाओं में पिछड़ गए हैं। आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा को स्वाभाविक राजनीतिक विकल्प के रूप में पेश करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने स्थानीय गिरोहों के जरिए आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया, तृणमूल गिरोह ने आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लिया है। सत्तारूढ़ दल को कटमनी (रिश्वत) दिए बिना कोई काम नहीं होता। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल ने संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का विरोध इसलिए किया, क्योंकि उसे ज्यादा महिला जनप्रतिनिधियों से डर था। उन्होंने कहा, तृणमूल को डर था कि अगर ज्यादा महिला विधायक चुनकर आएंगी तो वे महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगी। इसलिए उसने महिला आरक्षण का विरोध किया। मतदान के समय इस अपराध की सजा भी तृणमूल को देनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और उगाही ने राज्य में शासन व्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों को पंगु बना दिया है। तृणमूल के जंगलराज में रिश्वत दिये बिना कोई काम नहीं होता। जब रिश्वतखोरी थोप दी जाए तो उद्योग कैसे फलेंगे-फूलेंगे? इसलिए यहां उद्योग भी बदहाल हैं। भ्रष्टाचार को बेरोजगारी से जोड़ते हुए मोदी ने दावा किया कि तृणमूल के 15 वर्षों के शासन में पश्चिम बंगाल में खतरनाक स्तर की बेरोजगारी रही है। स्कूल भर्ती घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल नेताओं ने हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि तृणमूल मंत्रियों ने शिक्षकों की भर्ती में लूट की और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विपक्ष का आचरण द्रौपदी के चीरहरण जैसा : सीएम

### विरोधी दलों की नारी-विरोधी मानसिकता उजागर, सीएम योगी का तीखा हमला, इंडी गठबंधन का पाप नारी शक्ति कभी नहीं करेगी माफ

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष का आचरण भारतीय इतिहास के उस पीड़ादायक प्रसंग की याद दिलाता है, जब भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण हुआ था। मुख्यमंत्री ने इसे नारी सम्मान और लोकतंत्र दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि देश की नारी शक्ति इस अक्षम्य पाप को कभी माफ नहीं करेगी।

लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन ने समाज के हर वर्ग और देशहित में उठाए गए कदमों को रोकने का षड्यंत्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत अन्य विपक्षी दलों ने महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े संशोधन को पारित नहीं होने दिया, जिससे उनकी नारी-विरोधी मानसिकता उजागर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालते ही गरीब, युवा, किसान और नारी को प्राथमिकता दी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने हर प्रगतिशील कदम का विरोध किया। सीएम ने कहा कि आधी आबादी के मन में विपक्ष के प्रति आक्रोश है और यह आक्रोश कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आरजेडी, टीएमसी, डीएमके समेत इंडी गठबंधन के दलों के खिलाफ है। सीएम योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के बाद महिलाओं की मांग पर इसे 2029 से लागू करने के लिए संशोधन लाया गया था। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होते समय स्पष्ट किया था कि किसी का भी हक नहीं लिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया था कि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएंगी और किसी राज्य का हक कम नहीं होगा, लेकिन विपक्ष ने इसे रोक दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की बात करना भी दोहरा रवैया है। उन्होंने शाहबानो प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस सरकार मौन रही थी। वहीं ट्रिपल तलाक के खिलाफ बने कानून का भी विपक्ष ने विरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने महिलाओं के सम्मान और स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

### आज भी अडिग है सनातन आस्थाः सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है।

सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और आज यतो धर्मस्ततो जयः के भाव के साथ पुनः अपने स्वाभिमान के शिखर पर स्थापित हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक पुनरुत्थान का उल्लेख करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया और कहा कि आज वही सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना करते हुए इसे भारत की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दृढ़ नेतृत्व में अपनी गौरवशाली विरासत के साथ-साथ आधुनिक विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि भारत के शास्त्रों की मान्यता के अनुसार जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी इस अजर-अमर पथ का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबने देखा है कि भारत की सनातन संस्कृति पर सदियों से हमले होते रहे, लेकिन हमलावर भारत की आस्था को न तो तोड़ पाए और न ही झुका पाए। लगभग 1000 वर्ष पहले द्वादश ज्योतिर्लिंगों में देवाधिदेव महादेव के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ भगवान के मंदिर पर विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी के नेतृत्व में कायराना हमला किया गया। आक्रांताओं ने भारत की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### पुलिस की गिरफ्त में पांच साइबर ठग

बरेली। बरेली पुलिस ने कथित तौर पर चीन से जुड़े और नेपाल के जरिये भारत में साइबर ठगी में लिप्त अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करके गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। गिरोह के सरगना नवाबगंज निवासी सुमित समेत अन्य फरार सदस्यों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी शाकिब अली, राजकुमार, आशीष सिंह, बबलू उर्फ माधोराम और सचेंद्र कुमार नकली खातों और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके विभिन्न राज्यों में लोगों को ठगने में शामिल थे। उन्हें विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने एक लैपटॉप, सात मोबाइल फोन, बैंक दस्तावेज़, 11 कार्ड, एक वाहन (स्कॉर्पियो) और अवैध हथियार बरामद किए हैं, साथ ही धोखाधड़ी से संबंधित डेटा भी प्राप्त हुआ है। भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों ...शेष पृष्ठ 10 पर

### जुड़वा बहनों की गला रेत कर हत्या

कानपुर। जिले के नौबस्ता थाना क्षेत्र स्थित अपने फ्लैट में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी नाबालिग जुड़वा बेटियों की रविवार तड़के धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना रविवार तड़के नौबस्ता थाना क्षेत्र के किदवई नगर स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में हुई। आरोपी की पहचान शशि रंजन मिश्रा (48) के रूप में हुई है, जो मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस के मुताबिक त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में मिश्रा अपनी पत्नी रेशमा, 11 वर्षीय जुड़वां बेटियों और छह वर्षीय बेटे के साथ रहता था। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि पुलिस प्रतिक्रिया वाहन को सुबह लगभग साढ़े चार बजे जुड़वां बहनों की हत्या की सूचना मिली।

## गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा शुरू

### प्रधानमंत्री मोदी के नाम से हुई प्रथम पूजा, धामी ने गंगोत्री धाम में की विशेष आराधना

प्रमुख संवाददाता



उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर रविवार को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण, पारंपरिक विधि-विधान और भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसी के साथ उत्तराखंड की विश्वप्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2026 का विधिवत शुभारंभ हो गया। दोनों धामों में कपाट खुलने के अवसर पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मंदिर परिसरों में घंटानाद, शंखध्वनि, पुष्पवर्षा और जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने इस पावन क्षण के साक्षी बनकर दर्शन किए। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से संपन्न कराई गई। इस दौरान राष्ट्र की समृद्धि, शांति, नागरिकों के कल्याण और चारधाम यात्रा के सफल एवं निर्विघ्न संचालन की कामना की गई। वैदिक आचार्यों ने विशेष पूजा-अनुष्ठान कर देश की उन्नति का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं गंगोत्री धाम पहुंचे और मां गंगा के चरणों में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, देश की प्रगति और यात्रा की सफलता की प्रार्थना की। उन्होंने श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया तथा यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। मां गंगा की उत्सव डोली भैरोंघाटी स्थित भैरव मंदिर से गंगोत्री धाम पहुंची, जहां मार्गभर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। विशेष अनुष्ठान के पश्चात दोपहर 12:15 बजे गंगोत्री मंदिर के कपाट खोले गए। वहीं मां यमुना की डोली शीतकालीन गद्दी स्थल खरसाली से शनिदेव महाराज की अगुवाई ...शेष पृष्ठ 10 पर

## डील न हुई तो अंधेरे में डूबेगा ईरान : ट्रंप

### ईरान के साथ वार्ता के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज पाकिस्तान पहुंचेगा

एजेंसी



वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिकी वार्ताकार सोमवार को ईरान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान पहुंचेंगे।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इस्लामाबाद में ईरान के साथ होने वाली दूसरे दौर की वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में कौन अधिकारी शामिल होंगे। व्हाइट हाउस और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के कार्यालय, जिन्होंने वार्ता के पहले दौर का नेतृत्व किया था, ने रविवार सुबह इस मामले से जुड़े संदेशों का तुरंत जवाब नहीं दिया। ट्रंप ने अपने पोस्ट में ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य में गोलीबारी करके संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और धमकी दी कि अगर ईरान अमेरिका द्वारा प्रस्तावित समझौते को स्वीकार नहीं करता है तो वह ईरान में नागरिक बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। ट्रंप ने कहा, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिका ईरान के हर एक बिजली संयंत्र और हर पुल को नष्ट कर देगा। ट्रंप ने कहा कि अब नरमी दिखाने का वक्त खत्म हो चुका है और ईरान की किलिंग मशीन को खत्म करना जरूरी हो गया है। उनके इस बयान से मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। डोनल्ड ट्रंप ने ईरान पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह क्षेत्र में हिंसा और अस्थिरता फैलाने में भूमिका निभा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब 'मिस्टर नाइस गाइ' बनने का समय नहीं है, ईरान की किलिंग मशीन को रोका जाना चाहिए। बता दें कि यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच पहले से ही तनाव चरम पर है। हाल के महीनों में मध्य पूर्व में संघर्ष और सैन्य गतिविधियां बढ़ी हैं। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर युद्ध जारी है। होर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के इलाकों में रणनीतिक टकराव भी बढ़ा है। ट्रंप के ताजा बयान पर ईरान की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन पहले भी तेहरान ने अमेरिका के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि वह अपने हितों की रक्षा करेगा। वहीं ईरान ने इस्लामाबाद में वार्ता से इनकार करते हुए कहा कि जब तक होर्मुज क्षेत्र में अमेरिका नाकेबंदी नहीं हटायेगा तबतक ईरान उससे कोई बात नहीं करेगा। भारत ने भी इससे पहले ईरानी राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

**विशेष खबर**

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पावन स्मृति में राजधानी लखनऊ के राजेन्द्र नगर, पानी टंकी पार्क में किया गया वितरण, नयी बस्ती मैदान उदयगंज में भी बांटे गये चश्मे

## विराज सागर दास ने जरूरतमंदों को बांटे चश्मे

अनिल कुमार सिंह





लखनऊ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार एवं राजधानी लखनऊ के पूर्व मेयर तथा बीबीडी ग्रुप के संस्थापक प्रेरणास्रोत डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पावन स्मृति में आज अपराह्न डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिन्टन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन व यू.पी. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

> डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के मार्ग पर चलकर करता रहूंगा समाज सेवा : विराज सागर दास

## ईडी ने कोलकाता पुलिस उपायुक्त व्यवसायी के परिसरों पर छापा मारा

एजेंसी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक धन शोधन मामले की जांच के तहत रविवार को कोलकाता पुलिस के उपायुक्त शांतनु सिन्हा बिस्वास और एक स्थानीय व्यवसायी के कोलकाता स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की यह कार्वाई पश्चिम बंगाल में एक कथित अपराधी और उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई। अधिकारियों ने बताया कि बालीगंज क्षेत्र स्थित बिस्वास के आवास सहित उनसे संबंधित दो परिसरों और सन एंटरप्राइज नामक कंपनी के प्रबंध निदेशक जॉय कामदार के एक परिसर पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापा मारा गया। कामदार को अधिकारियों द्वारा पूछताछ के लिए स्थानीय ईडी कार्यालय ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल और कोलकाता पुलिस कल्याण समिति के मुख्य समन्वयक और नोडल अधिकारी बिस्वास अपने परिसर में मौजूद नहीं थे। यह कार्वाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू नामक एक कथित स्थानीय अपराधी के खिलाफ धन शोधन के मामले से जुड़ी है। उस पर हत्या के प्रयास और वसूली के आरोपों में कई मामले ...शेष पृष्ठ 10 पर

# लखनऊ से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा को योगी ने दिखायी हरी झंडी

## सोमनाथ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं ने जताया आभार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा 'उत्तर प्रदेश' का शुभारंभ किया। धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा के बीच शुरू हुई इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रवाना हुई इस विशेष ट्रेन ने श्रद्धालुओं की आस्था को नया आयाम दिया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने आम लोगों की वर्षों पुरानी मनोकामना पूरी करने का कार्य किया है।

खासतौर पर मुजफ्फरनगर के बंती खेड़ा निवासी सतीश कुमार भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से उनकी इच्छा थी कि बाबा सोमनाथ मंदिर के दर्शन करने जाएं, लेकिन कभी अवसर नहीं मिला। सरकार की पहल से यह यात्रा शुरू होने से उनका सपना पूरा हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने आम लोगों की भावनाओं को समझा है। वहीं बरेली की बिंदु इशिका

- **प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की सराहना की**

सिंघानिया ने कहा कि यह यात्रा केवल दर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति को मजबूत करने वाली पहल है। इससे एक राज्य के लोग दूसरे राज्य की संस्कृति को जान सकेंगे और युवा पीढ़ी भी अपनी परंपराओं से जुड़ेगी। बिंदु इशिका ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। आजमगढ़ के अनंत तिवारी ने कहा कि सरकार की यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान है। कई लोग श्रद्धा रखते हैं, लेकिन आर्थिक अभाव में तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते। अब उन्हें भी सोमनाथ धाम जाने का अवसर मिलेगा। मेरठ के अनंत राना ने बताया कि वह पहली बार सोमनाथ दर्शन के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को इस यात्रा से बड़ा लाभ मिलेगा। बिजनौर और गोरखपुर से आए श्रद्धालुओं ने भी सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि योगी सरकार हर वर्ग की आस्था का सम्मान कर रही है। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के शुभारंभ के साथ योगी सरकार ने यह संदेश दिया है कि विकास के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# रविवार और अवकाश में नहीं कटेगा बिजली कनेक्शन

### जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 रुपये तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन युद्धस्तर पर प्रयास कर रहा है। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 रुपये तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। ऊर्जा मंत्री ने लखनऊ स्थित शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये।

**45 दिन तक बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा :** ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी हाल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

**रिपोर्ट आने तक पुराने मीटर बदलने की प्रक्रिया पर रोक :** ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा में निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा और डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा।

**स्मार्ट मीटर की चार सदस्यीय कमेटी करेगी जांच :** इसके अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके। वहीं ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं यूपी पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्मार्ट मीटर की तकनीकी गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की है। इसमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के प्रोफेसर अंकुश शर्मा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के ही प्रोफेसर प्रबोध बाजपेयी, इलेक्ट्रिकल रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन वडोदरा के अनुभाग प्रमुख तेजस मिस्त्री और यूपी पावर कारपोरेशन लि. के निदेशक (वितरण) जीडी द्विवेदी को शामिल किया गया है। समिति 10 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप रिपोर्ट आने तक प्रदेश में पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। आगे का निर्णय समिति की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। वहीं उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ता मार्गदर्शिका जारी की गई है, जिसमें स्मार्ट मीटर से जुड़े लाभ और भ्रांतियों का तथ्यात्मक विवरण दिया गया है। इसके साथ ही सोशल, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

**इन नम्बरों पर कर सकते है शिकायत :** ऊर्जा विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा वेबसाइट और व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मध्यांचल-766-900-3409/ पश्चिमांचल-785-980-4803/ पूर्वांचल-801-096-8292/ दक्षिणांचल-801-095-7826/ केस्को-828-783-5233 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतों की दैनिक मॉनिटरिंग कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# 17 अप्रैल काला दिवस के रूप में जाना जायेगा : अन्नपूर्णा देवी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है और अब उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त करने की दिशा में ठोस पहल की जा रही थी। संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा सार्थक रही, लेकिन विपक्षी दलों कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके ने बिल का विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इन दलों ने हमेशा की तरह इस बार भी नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लटकाने, भटकाने और अटकाने की राजनीति अपनाई। इसके लिए 17 अप्रैल काला दिवस के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक और सशक्त हो चुकी हैं तथा हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उसका अधिकार नहीं दिया। ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का कार्य एनडीए सरकार ने किया।

सपा पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। उन्होंने मुखर होकर कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी परिवारवाद की राजनीति कर रहे हैं। इन्हें देश की जनता के हितों से कोई लेना देना नहीं है।

# परिसीमन बिल का गिरना लोकतंत्र की जीत : अखिलेश यादव

## सपा सरकार बनने पर परशुराम जयंती पर फिर घोषित करेगी अवकाश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा में परिसीमन बिल पास नहीं होना भाजपा सरकार की बदनीयती की हार हुई हैं। यह ऐतिहासिक दिन है। परिसीमन बिल का गिरना लोकतंत्र की जीत हुई है।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं लेकिन जल्दबाजी में जिस तरह से लाया गया, उसके खिलाफ है। जातीय जनगणना होगी तो देश आरक्षण मांगेगा, भाजपा उससे बचना चाहती है। श्री यादव रविवार को समाजवादी पार्टी के मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम महिला बिल के खिलाफ नहीं थे। सन 2023 के बिल का हमने समर्थन किया था। अब वह बिल ऐक्ट भी बन गया है। अभी 543 सांसदों की संख्या पर भी सरकार आरक्षण घोषित कर सकती थी। हम आधी आबादी को हक और सम्मान देने के पक्ष में है लेकिन उसमें पिछड़ी और अल्पसंख्यक महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाए।

श्री यादव ने कहा कि अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की 2027 में सरकार बनने पर परशुराम जयंती पर फिर अवकाश घोषित करेगी। श्री यादव ने कहा कि आज पत्रकारों के समक्ष फतेहपुर के चाय दुकानदार आर्यन यादव और उसके पिता शेषमन यादव तथा लोधी कथा वाचक अवधेश चन्द्र को पेश किया। फतेहपुर में अखिलेश यादव ने जहां चाय पी थी, उस चाय की दुकान पर अधिकारी यह आरोप लगाकर दुकान सील कर दिए कि एल्युमिनियम के बर्तन में चाय क्यों बनाते हो। श्री यादव ने आर्यन को तांबे के बर्तनों का सेट भेंट किया।

# मृदा स्वास्थ्य व उर्वरता बढ़ाने के लिए हरी खाद का प्रयोग करें किसान

**लखनऊ।** कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी ने प्रदेश के किसानों से मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए हरी खाद को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि फसलों से अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए मिट्टी में जीवांश कार्बन की उपलब्धता अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश की मृदा में जीवांश कार्बन की मात्रा मात्र 0.2 से 0.3 प्रतिशत रह गई है, जिसे बढ़ाकर 0.8 से 1 प्रतिशत तक ले जाने की आवश्यकता है। रासायनिक उर्वरकों जैसे यूरिया और डी.ए.पी. के अत्यधिक प्रयोग तथा गर्मी में जुताई न करने के कारण मिट्टी से मित्र कीट और केंचुए गायब हो रहे हैं, जिसका सीधा असर उत्पादन और उर्वरकों की बढ़ती मांग पर पड़ रहा है।

कृषि निदेशक डॉ० पंकज त्रिपाठी ने जानकारी दी कि दलहनी और गैर-दलहनी फसलों को उनकी वानस्पतिक वृद्धि के समय मिट्टी में दबाना ही हरी खाद है। इसके लिए

- **किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे हरी खाद के बीज**

ढैंचा, सनई, लोबिया, ग्वार और मक्का जैसी फसलों का चयन किया जा सकता है। ये फसलें अपनी जड़ ग्रंथियों में उपस्थित जीवाणुओं के माध्यम से वातावरण की नाइट्रोजन को मिट्टी में स्थिर करती हैं। किसान भाइयों को वर्ष में कम से कम एक बार इन फसलों की बुवाई कर 30 से 40 दिन के भीतर इन्हें मिट्टी में पलट देना चाहिए। इससे मृदा में न केवल जैविक पदार्थों की वृद्धि होगी, बल्कि सूक्ष्म जीवों की क्रियाशीलता और पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की उपलब्धता भी बढ़ेगी। डॉ० त्रिपाठी ने बताया कि अप्रैल और मई की भीषण गर्मी में खेतों को हरी खाद की फसलों से ढकने से ऊसर बढ़ने की आशंका कम होती है और आगामी फसलों के लिए भूमि तैयार हो जाती है।

# एआई की निगरानी में सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा सम्पन्न

## परीक्षा में 39 हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल





विशेष संवाददाता (vol)

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या-51) के 16 विषयों की लिखित पुनर्परीक्षा रविवार को प्रदेश के छह जिलों में कड़ी निगरानी के बीच सम्पन्न कराई गई। परीक्षा आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के 50 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई। पुनर्परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक हुई। आयोग द्वारा स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई। एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर सतत नजर रखी गई, जिससे परीक्षा नकलविहीन और व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई।

आयोग अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में परीक्षा संचालन की समीक्षा की गई। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रयागराज में पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के बाद ओएमआर शीट की परीक्षा कक्षों में ही स्कैनिंग कराई गई।

यह प्रक्रिया कक्ष निरीक्षकों और अभ्यर्थियों की उपस्थिति में पूरी की गई तथा स्कैन डेटा तुरंत सुरक्षित किया गया। आयोग अध्यक्ष ने प्रयागराज के तीन केंद्र—मेरी वानामेकर गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज, कर्नलगंज इंटर कॉलेज टैगोर टाउन और प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कॉलेज—पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया। दो दिनों में कुल 39,192 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 18 अप्रैल को 19,718 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जिनमें 41.35 प्रतिशत महिलाएं और 58.64 प्रतिशत पुरुष थे। वहीं 19 अप्रैल को 19,474 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें 30.93 प्रतिशत महिलाएं और 69.07 प्रतिशत पुरुष अभ्यर्थी थे। जिला प्रशासन के सहयोग से परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराई गई।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा में भागीदारी बढ़ी, 18.29% छात्रों ने लिया हिस्सा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, आधुनिक और व्यवस्थित बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा किए जा रहे सुधारों का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की परीक्षा में छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 12,510 अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जो मदरसा शिक्षा प्रणाली में बढ़ते विश्वास का संकेत माना जा रहा है। साल 2025 में जहां कुल 68,423 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 80,933 पहुंच गई। यानी करीब 18.29 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

योगी सरकार की ओर से परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, नकलविहीन माहौल और समयबद्ध परिणाम की व्यवस्था ने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों का भरोसा मजबूत किया है। उल्लेखनीय है कि उ०प्र० मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित अरबी-फारसी की मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी) एवं आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) परीक्षा 9 फरवरी को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई थी। परीक्षा 71 जनपदों के 277 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में मुंशी/मौलवी परीक्षा और दूसरी पाली में आलिम अरबी परीक्षा हुई। मुंशी/मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 32,389 छात्र और 29,843 छात्राएं शामिल थीं। वहीं आलिम परीक्षा में 18,701 विद्यार्थी पंजीकृत हुए, जिनमें 9,092 छात्र तथा 9,609 छात्राएं थीं। यह आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि मदरसा शिक्षा में छात्राओं की भागीदारी लगातार मजबूत हो रही है। योगी सरकार ने परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए थे। जनपद स्तर पर सचल दल, आंतरिक निरीक्षण टीम, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। इसके साथ ही परिषद स्तर पर केंद्रीकृत निगरानी व्यवस्था लागू की गई, जिसके तहत सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की गई। सख्त व्यवस्था का ही परिणाम रहा कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

मदरसा शिक्षा परिषद के अधिकारियों का कहना है कि मई माह में परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी भी अंतिम चरण में है। समय पर परिणाम आने से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई, प्रवेश प्रक्रिया और अन्य शैक्षिक योजनाओं में लाभ मिलेगा। वहीं मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने, आधुनिक सुविधाएं देने और पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों ने सकारात्मक माहौल बनाया है। इसी भरोसे का परिणाम है कि इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में छात्र-छात्राओं ने मदरसा बोर्ड परीक्षा में भाग लेकर सरकार की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है।

# नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक गिरने पर महिलाओं का विरोध, विपक्ष पर बरसीं नेता

विशेष संवाददाता (vol)









**लखनऊ।** संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक गिरने के बाद उत्तर प्रदेश में महिलाओं के बीच विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। महिलाओं ने इसे नारी विरोधी कदम बताते हुए विपक्ष पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप लगाया है। यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से जुड़ा था।

प्रदेश की महिला नेताओं का कहना है कि विपक्षी दलों ने लोकसभा में इस विधेयक को पारित नहीं होने दिया, जिससे आधी आबादी के अधिकारों को नुकसान पहुंचा है। भाजपा से जुड़ी महिला नेताओं ने इसे विपक्ष की चुनावी हार की शुरूआत बताया। उनका आरोप है कि सपा और कांग्रेस समेत विपक्षी दल केवल अपने परिवार की महिलाओं को ही राजनीति में आगे बढ़ाना चाहते हैं और परिवारवाद से ग्रस्त हैं। महिला नेताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं से विपक्ष घबराया हुआ है। उनका दावा है कि यह विधेयक किसी भी वर्ग की महिलाओं के खिलाफ नहीं है और मोदी सरकार के कार्यकाल में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति मिली। प्रदेश सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केवल यादव परिवार की डिम्पल यादव को ही संसद जाने का अधिकार है, या देश और प्रदेश की आम महिलाओं को भी अवसर मिलना चाहिए। मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि आज देश की राष्ट्रपति महिला हैं और कई उच्च पदों पर महिलाएं काम कर रही हैं। ऐसे समय में संसद में 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का मौका आया तो विपक्ष ने विरोध कर दिया। मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त भारत के सपने को विपक्ष बाधित कर रहा है। उनका आरोप है कि समाजवादी पार्टी महिलाओं को आरक्षण मिलने से घबराई हुई है। विधायक अदिति सिंह ने कहा कि एक महिला के सशक्त होने से परिवार ही नहीं, पूरा समाज सशक्त होता है।

# भाजपा महिलाओं की आड़ में ओझिल राजनीति आगे बढ़ा रही : सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के समय महिलाओं के नाम पर राजनीति करना और बाद में उन्हें वास्तविक अधिकारों से वंचित रखना, यह दोहरी नीति अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता

- **महिला एकता ही बीजेपी को बाहर का रास्ता दिखाए**

पार्टी महिलाओं की आड़ में अपनी ओझिल राजनीति को आगे बढ़ा रही है, लेकिन देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और समय आने पर ऐसी राजनीति को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुरुष नेताओं की मानसिकता आज भी नहीं बदली है और वे अपनी सीटें छोड़ना नहीं चाहते। यही कारण है कि महिला आरक्षण का मुद्दा वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि वास्तविक नारी सम्मान तभी संभव है, जब महिलाओं को राजनीति, प्रशासन और निर्णय लेने वाली सभी संस्थाओं में समान भागीदारी मिले।

# गन्ना समितियों में व्यवसाय के लिए महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क स्थान

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए गन्ना समितियों में रोजगार के लिए निशुल्क स्थान देने का निर्णय लिया है। यह स्थान आधी आबादी को प्रेरणा कैंटीन और अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के लिए दिया जाएगा। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने एमओयू साइन किया है। योगी सरकार की पहल से स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को गन्ना समितियों के माध्यम से सीधे रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश की आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गन्ना समितियों में अपने उत्पादों की बिक्री के लिए स्थान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की गन्ना सहकारी समितियां अपने परिसरों में उपलब्ध खाली या अतिरिक्त स्थान को महिला स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध

- **समूह की महिलाओं को प्रेरणा कैंटीन और मार्केटिंग सेंटर खोलने के लिए दिया जायेगा स्थान**
- **चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने साइन किया एमओयू**

कराएंगी। यह स्थान प्रेरणा कैंटीन चलाने और अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के लिए उपयोग किया जाएगा। खास बात यह है कि इन स्थानों के उपयोग के लिए शुरूआती दो वर्षों तक कोई किराया नहीं लिया जाएगा। दो साल की मोरेटोरियम अवधि के बाद स्वयं सहायता समूहों को केवल 50 प्रतिशत किराया ही देना होगा, जो जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित सर्किल रेट के अनुसार तय किया जाएगा। गन्ना आयुक्त ने बताया कि गन्ना समितियों की ओर से उपलब्ध कराए गए स्थान का स्वामित्व पूरी तरह संबंधित समिति के पास ही रहेगा। किसी भी परिस्थिति में इस स्थान का स्वामित्व स्वयं सहायता समूहों या किसी अन्य संस्था को हस्तांतरित नहीं किया जाएगा।

# संविधान के मूल भाव को बचाने के लिए करना होगा संघर्ष : पंकज श्रीवास्तव

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में दलित-पिछड़ों के उत्थान में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता पंकज श्रीवास्तव प्रवक्ता एआईसीसी ने कहा कि हमें संविधान के मूल भाव को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा, हमसे वोटिंग राइट छीना जा रहा है। जो लोग संविधान की

- **दलित-पिछड़ों के उत्थान में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका पर गोष्ठी**

शपथ लेकर सत्ता पर काबिज हैं, वही आज संविधान को नष्ट कर रहे हैं। वे भूल रहे हैं कि वे देश के राजा नहीं, बल्कि चुने हुए प्रतिनिधि हैं और उन्हें संविधान के अनुसार सीमित समय तक कार्य करने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले का भारत ऐसा था जहाँ जाति के आधार पर भेदभाव था और संपत्ति जागीरदारों व जमींदारों तक सीमित थी। उन्होंने कहा कि पिछड़ों और दलितों के उत्थान में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका रही है। यूपीए सरकार में पिछड़ी जातियों को शिक्षा संस्थानों में आरक्षण मिला, जिसका परिणाम आगे नौकरियों में उनकी बढ़ती भागीदारी के रूप में दिखा। इसके अतिरिक्त बैंकों का राष्ट्रीयकरण और जमींदारी उन्मूलन भी महत्वपूर्ण कदम रहे।

## संक्षेप

### आज मनेगा मोना का जन्मदिन

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना का जन्मदिन आज सोमवार को सशक्तीकरण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रातः नौ बजे पूजन अर्चन के साथ विधायक के जन्म दिन पर संगोष्ठी व सशक्तिकरण सम्मान होगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र ने दी

### दो आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। सीओ की फटकार पर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाने के तिना दुबान निवासी राजेन्द्र प्रसाद कोरी पुत्र ननकुराम कोरी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती अठ्ठारह अप्रैल को वह दिन में अपनी लड़की के साथ लालगंज बाजार आया था। चैक पर कस्बा लालगंज निवासी नन्चू यादव पुत्र रामदुलार व एक अज्ञात ने उसे गाली देना शुरू किया। मना करने पर आरोपियों द्वारा पीड़ित को लाठी डंडे से मारपीटकर चुटहिल कर दिया गया। चैक पर लोगों को जुटता देख आरोपी जाति सूचक गालियां देते चले गये। तहरीर पर लालगंज पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तब पीड़ित ने सीओ से फरियाद की। सीओ आशुतोष मिश्रा की फटकार पर पुलिस आरोपी नन्चू समेत दो आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा गाली गलौज व मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है।

### जेई व लाइनमैन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

प्रतापगढ़। ग्यारह हजार क्षमता की लाइन से करंट की चपेट में आने से युवक की मौत को लेकर उदयपुर पुलिस ने अवर अभियंता तथा लाइनमैन समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। अवर अभियंता पर केस दर्ज होने को लेकर रविवार को विभाग में हड़कंप का माहौल भी दिखा। उदयपुर थाना के अमावां निवासी देवेन्द्र प्रताप सिंह की पत्नी सीमा सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते चैदह अप्रैल को उसका पुत्र शिवम सिंह उर्फ आदित्य टैक्टर ट्राली लेकर उदयपुर के पूरे चैहान वीरगढ़ गया था। टैक्टर चालक ने खेत में टैक्टर खड़ा किया। इस बीच मृतक शिवम ट्राली से नीचे उतरने के लिए खड़ा हुआ तब वह ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार क्षमता की लाइन के करंट की चपेट में आ गया। परिजन शिवम को पड़ोसी जिले अमेठी के गौरीगंज जिला अस्पताल ले गये। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में लापरवाही को लेकर तहरीर के आधार पर पुलिस ने अवर अभियंता राजापुर आनंद कुमार व लाइन मैन भोलू मिश्रा एवं लाइन मैन शिवमूरत कोरी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी टेज्नी आईपीएस आफताब आलम ने कहा है कि केस दर्ज किया गया है, जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

### शिवनगर डिडई पुलिस ने दो को पकड़ा



सिद्धार्थनगर- शिवनगर डिडई पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई संजय अपराधों की रोकथाम के तहत की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बांसी श्री सुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिडई की पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर उनका चालान किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अजमत पुत्र अब्दुल्लाह और नईम पुत्र मुस्तफा के रूप में हुई है। ये दोनों ग्राम परसाखुर्द (भटपुरवा), थाना शिवनगर डिडई, जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय और कांस्टेबल सौरभ सिंह शामिल थे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

## वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर विचार रखे



सिद्धार्थनगर- बांसी में रविवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जन्मोत्सव मनाई गई। इस अवसर पर नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया! शोभायात्रा दोपहर 11:30 बजे सियाराम विवाह वाटिका से शुरू हुई। यह पेट्रोल पंप तिराहे पर स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी पार्क, आजाद चौक, मंगल बाजार और टेकधर बाबा की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए रोडवेज से होकर गुजरी। शोभायात्रा दोपहर 12:50 बजे वापस अपने शुरूआती बिंदु पर समाप्त हुई। इस दौरान युवाओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाए। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 1:09 बजे दीप प्रज्वलन, मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ हुई। विधायक राजा जय प्रताप सिंह ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। सपा नेत्री, भीष्म शंकर त्रिपाठी और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठजनों ने भी माल्यार्पण किया। इसके बाद, मंच पर उपस्थित विप्रों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। नारी शक्ति और समाज में कार्यरत कई अन्य लोगों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों और शिक्षाओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन भोला नाथ पाठक ने किया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य अनीता द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा। आयोजक समिति के प्रमुख विनोद शुक्ला ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में शिवांगी दूबे, राम किंकर त्रिपाठी, शिव कुमार त्रिपाठी, सोनू जायसवाल, हर गोविन्द साहू, अनुपमा सिंह दूबे, विभा शुक्ला, भोला नाथ पाठक, अतुल उपाध्याय, विजय दूबे, जितेंद्र मिश्रा, शनि जायसवाल, दिलीप चतुवेर्दी, अजय कुमार श्रीवास्तव 'अज्जू', आरएस पांडेय, परमात्मा पांडेय, विकास मिश्रा, सूरज पाठक, पंकज पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीय पर विविध कार्यक्रम आयोजित




बांसी सिद्धार्थनगर- बांसी में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बांसी विधानसभा के सियाराम विवाह वाटिका में हुए इस आयोजन में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय व सांसद जगदंबिका पाल सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव विभा शुक्ला और पूर्व सांसद कुशल तिवारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संयोजन विभा शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन कर समाज एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना की गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के त्याग, शौर्य, धर्म और न्याय के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य के मार्ग पर दृढ़ता से चलने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी (लाल बाबा), प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र पांडेय, भोला नाथ पाठक, जयप्रकाश दुबे, विकास मिश्रा, सूरज पाठक, विजय दुबे, रामकिंकर त्रिपाठी, अनीता द्विवेदी, शुभांगी द्विवेदी, अनुपमा सिंह दुबे, ध्रुव त्रिपाठी, जयंत्री मिश्रा, हेमंत शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी, आशुतोष मिश्रा, गुड्डू पाठक, धर्मवीर पाठक, कर्मवीर पाठक और आकाश त्रिपाठी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी गई और समाज तथा राष्ट्र के उत्थान में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया।

# बेलहरी सिरसिया में श्रीराम मंदिर का भव्य शिलान्यास



श्रावस्ती। अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयन्ती के पावन अवसर पर जनपद श्रावस्ती के बेलहरी सिरसिया में श्रीराम जानकी मंदिर का भव्य शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भूमि दानकर्ता बनवारी मौर्या एवं मंशाराम मौर्या का विशेष योगदान रहा, जिनकी उदारता से मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय समाज सेवा हिन्दू आर्मी के प्रेम नारायण पाण्डेय जी के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर लक्ष्मी निवास, अनिल तिवारी, उमेश कुमार, पप्पू पाण्डेय, किसान यूनियन से जुड़े विजय कुमार तथा जिला पंचायत सदस्य कामेश्वर प्रसाद सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं शिलान्यास की विधि सम्पन्न कराई गई। उपस्थित जनसमूह ने इस धार्मिक एवं सामाजिक पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विकास की कामना की।

# मिशन शक्ति अभियान में रच रहा इतिहास

## एक हजार महिलाओं में दिया सशक्तीकरण का संदेश




श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत श्रावस्ती पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर ॡबहू-बेटी सम्मेलनॡ का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारीगणों के पर्यवेक्षण में यह अभियान प्रभावी रूप से संचालित हुआ।

जनपद के 09 स्थानों पर आयोजित इन सम्मेलनों में 1000 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लेकर जागरूकता का संदेश ग्रहण किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, संवैधानिक अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए उनमें आत्मविश्वास का संचार करना रहा।

थाना कोतवाली भिनगा, मल्हीपुर, सोनवा, हरदत्तनगर गिरंट, गिलौला, इकौना, सिरसिया, नवीन मॉडर्न थाना, महिला थाना एवं शक्ति मोबाइल टीम द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, गृहिणियां तथा किशोरियों की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मेलन में महिलाओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न एवं आपात सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं।

महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 108, 1098, 102, 1076 एवं 1930 के बारे में जागरूक करते हुए विपरीत परिस्थितियों में तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, किशोरियों को बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं गुड टचझ्बैड टच जैसे विषयों पर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों द्वारा आत्मरक्षा के सरल उपाय सिखाए गए, जिससे महिलाएं स्वयं को सुरक्षित रखने में सक्षम बन सकें। श्रावस्ती पुलिस का यह अभियान महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हो रहा है।

# महिला आरक्षण विधेयक पर पीएम मोदी कर रहे राजनैतिक ड्रामा: प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लिया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर संविधान संशोधन का प्रधानमंत्री मोदी का प्रयास देश की जनता के साथ छल व धोखा तथा राजनीतिक ड्रामा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम को अगर महिलाओं को न्याय दिलाने की इतनी चिन्ता है तब वह देश को बतायें कि भाजपा किसी महिला को प्रधानमंत्री क्यों नहीं बना पा रही है। उन्होंने कहा कि स्पीकर और पार्टी अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में प्रधानमंत्री को चुनौती है कि वह इसका प्रमुख किसी सक्षम महिला को बनायें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर सबसे बड़ा झूठ बोलकर देश की जनता को गुमराह किया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस विधेयक को लेकर भाजपा की नीति और नीयती कभी सही नहीं रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि महिला आरक्षण विधेयक की आड़ में परिसीमन पर संशोधन को लेकर आखिर संसद सत्र के पूर्व सरकार ने सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलायी। सांसद प्रमोद तिवारी ने चुनौती पूर्ण अंदाज में कहा कि जिस महिला आरक्षण विधेयक में प्रधानमंत्री पचास प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षण की बात कर रहे हैं आखिर विधेयक में इस पर एक भी लाइन क्यों नहीं है ? सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस समेत सम्पूर्ण विपक्ष ने समर्थन देकर पारित करा दिया।

# रंज सहते रहे मुस्कुराते रहे, साथ हम जिंदगी का निभाते रहे ...

## हंडौर में 24वें राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में बही साहित्य की रसधार







प्रतापगढ़। सगरासुन्दरपुर के समीप हण्डौर में सावित्री शैक्षणिक एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा 24वा राष्ट्रीय कविसम्मेलन एवं मुशायरे में नामचीन कवियों ने राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों पर जमकर प्रहार किया। साहित्यिक आयोजन की शुरूआत शासकीय अधिवक्ता आलोक त्रिपाठी व डॉ शक्ति कुमार पांडेय के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के द्वारा हुआ। कवि सम्मेलन का आगाज सुरेश नवीन की वाणी वंदना से हुयी। सुल्तानपुर की सपना मिश्रा ने- बांधूंगी नहीं आज तुमको प्रिया, वन को जाओ छोड़ महल अपनी प्रिया से लोगों को आध्यात्म से जोड़ा। हास्य कवि निर्झर प्रतापगढ़ी ने अपनी रचना- जय गुंडा काका, तोहरे भय से कांपे गांव गली नाका... से वर्तमान परिस्थितियों पर करारा व्यंग्य किया। शायर कृष्ण कांत कामिल ने- रंज सहते रहे मुस्कुराते रहे, साथ हम जिंदगी का निभाते रहे साथ मंच को ऊंचाई दी। सीतापुर के रोहित विश्वकर्मा ने अपनी रचना- कहीं गुस्सा आई लव यू उनसे बोलने वाले, वही लड़की भी उनकी बाद में चप्पल भी खाते हैं सुनाकर लोगों को गुदगुदाया। लखीमपुर खीरी रंजना सिंह हया ने- इक नजर तुझको देखने आई हूं मैं, देख लूं इक नजर फिर चली जाऊंगी से युवाओं को झकझोरा। मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पति डॉ राकेश सिंह ने कहा कि साहित्यकार समाज का दर्पण होता है। उन्होंने कहा कि रचनाकार देश और समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है। कवि सम्मेलन में गड़बड़ सुल्तानपुरी, हुमा अक्सीर, डॉ अंजनी अमोघ, फैयाज परवाना, विशाल श्रीवास्तव, सुरेश नवीन, बिहारी लाल अम्बर, चंद्र शेखर विकास, आशुतोष दीपक की भी रचनाएं श्रोताओं को भायी। अध्यक्षता हरिवंश शुक्ल शौर्य, संचालन हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर ने किया। स्वागत अविनाश पाण्डेय संजय शुक्ल तथा आभार संयोजक आयोजक कवि अनूप त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर कृष्ण प्रताप सिंह मथुरा प्रसाद यादव, श्याम जी जायसवाल, अभय प्रताप सिंह मुन्ना, मनोज सिंह, बच्चू दुबे, विदेहानंद जी महाराज रहे।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

● सम्मान कार्यक्रम व भंडारे की रही धूम



**प्रतापगढ़।** भगवान परशुराम के जन्मदिन पर रविवार को विविध आयोजनों की धूम रही। ब्राम्हण उत्थान समिति रामपुर खास के द्वारा भव्य शोभायात्रा नेशनल हाईवे के रायबरेली प्रतापगढ़ रोड पर अगई मोड से निकाली गयी। भगवान परशुराम के जयघोष के साथ निकली शोभा यात्रा रानीगंज कैथौला बाजार, रायपुर तियाई, मेढ़ावां, नया का पुरवा, वर्मा नगर होते हुए लालगंज चैक पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में दोपहिया वाहनों तथा चार पहिया वाहनों पर भगवान के अनुयायियों को भगवान परशुराम के जयघोष में मगन देखा गया। डीजे के धुन पर भक्ति संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों में अनुयायियों को उत्साह में देखा गया। समिति के संयोजक पूर्व प्रधान रामचन्द्र तिवारी तथा धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू के संयोजन में शोभायात्रा निकाली गयी। कथा वाचक आचार्य योगेश जी महाराज व आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण पाल तिवारी एवं आचार्य धीरेन्द्र के वैदिक मंत्रोंच्चारण के मध्य भगवान परशुराम का पूजन अर्चन हुआ।

मेढ़ावां के तिवारी नगर में सहसंयोजक रवीन्द्र तिवारी के संयोजन में हुए पूजन उत्सव में भगवान की विधिविधान से भक्तों ने पूजा की। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी वर्चुवल संबोधन के जरिये लोकमंगल की कामना की। शोभायात्रा में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, भुवनेश्वर शुक्ल, वीरू पाण्डेय, बलराम शुक्ला, अतुल शुक्ला, सुनील तिवारी, विजयशंकर मिश्र, सुनील पाण्डेय, अनिल तिवारी महेश, सिंटू मिश्रा, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, राकेश चतुर्वेदी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार हर्ष बहादुर सिंह हर्ष ने किया। इसी तरह बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप भगतपुर तिराहे पर ब्राम्हण महासभा भारत के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव एवं संगठन प्रभारी शिवशंकर तिवारी सोहगौरा तथा जिलाध्यक्ष शशिधर त्रिपाठी के संयोजन में भगवान परशुराम की प्रतिमा व फरसा पूजन हुआ। इसके पहले भक्तों ने किठावर बाजार से सिंघनी, पहाड़पुर होते हुए बाबा घुइसरनाथ धाम तक भव्य शोभायात्रा निकाली। यहां आयोजन समिति द्वारा जिला पंचायत सदस्य दिलीप पाण्डेय, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, समाजसेवी आनन्द त्रिपाठी, कमलेश मिश्र, उमानन्द दुबे, राजेन्द्र पाण्डेय, मनोज तिवारी, इन्द्रदेव मिश्र, डॉ. सर्वेश तिवारी, राजेश पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, उमेश द्विवेदी, जेबी सिंह, सुनील मिश्रा, ओमानंद द्विवेदी, अजय मिश्रा आदि को ब्राम्हण गौरव सम्मान प्रदान किया गया। यहां आयोजन समिति द्वारा भगवान के जन्मदिन पर भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर लालगंज के अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज में अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार द्वारा भगवान परशुराम के जन्मदिन पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक रमाकान्त मिश्र मधुबनी, प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर उपाध्याय व जिलाध्यक्ष अभय शुक्ला एवं संयोजक ललित त्रिपाठी व आलोक मिश्रा ने प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. अंजनी अमोघ, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, अरूण तिवारी, सर्वेश तिवारी, राजेश तिवारी, डॉ. रामसमुझ मिश्र अकेला समेत बड़ी संख्या में शिक्षकों को सम्मान पत्र व शाल भेंट कर सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार पवन प्रखर ने किया।

# नाबालिग अपहरण मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



श्रावस्ती। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रावस्ती पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना इकौना पुलिस टीम ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 8 अप्रैल को वादी की तहरीर के आधार पर थाना इकौना में मुकदमा संख्या 0072/2026 धारा 137(2), 352, 351(3) इठर के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप था कि अभियुक्त ने 31 मार्च 2026 को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया तथा फोन पर धमकी भी दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया। उसके बयान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 87, 65(1) इठर तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। मामले में प्रकाश में आए अभियुक्त राहुल चौहान पुत्र ननके चौहान निवासी ग्राम झूला घाट थाना विशेश्वर गंज जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक प्रयागदत्त चौबे एवं आरक्षी अनिल कुमार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बकाया मानदेय को लेकर रोजगार सेवकों की कलमबंद हड़ताल, आंदोलन तेज होने के संकेत




सिद्धार्थनगर- जिले के मिठवल ब्लॉक में ग्राम रोजगार सेवकों ने अपने बकाया मानदेय और अन्य मांगों को लेकर जोरदार तरीके से मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर रोजगार सेवकों ने कलमबंद हड़ताल शुरू करते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ब्लॉक मुख्यालय पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए रोजगार सेवकों ने बीडीओ सौरभ पाण्डेय की अनुपस्थिति में एडीओ आईएसबी संतराम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। मिठवल ब्लॉक अध्यक्ष लाल सिंह वर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में मौजूद पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने एकमत होकर 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया। रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि महीनों से मानदेय बकाया होने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उनका आरोप है कि कई बार मांग उठाने के बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे मजबूर होकर उन्हें कलमबंद हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी जायज मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है, लेकिन समाधान नहीं। हड़ताल के दौरान कृष्ण गोपाल, कृष्ण चंद्र चौधरी, विकास मिश्र, आसिफ अली, सरवन, सूर्य प्रकाश, जियाउर्रहमान, सचिदानंद, अखिलेश चौधरी, इंद्रजीत, नूर मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# इटवा में नहर किनारे मिली नवजात बच्ची



सिद्धार्थनगर- इटवा थाना क्षेत्र के आईटीआई नहर क्षेत्र में रविवार सुबह करीब 11 बजे एक नवजात बच्ची कपड़े और गमछे में लिपटी हुई मिली। नहर किनारे जमीन पर पड़ी बच्ची के रोने की आवाज सुनकर राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्ची का नाड़ा भी नहीं कटा था और उस समय तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस था। इटवा निवासी बब्लू पेट्रोल भराने जा रहे थे, तभी उन्हें आईटीआई नहर मार्ग पर बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। पास जाकर देखने पर उन्होंने नवजात को कपड़े और गमछे में लिपटा हुआ पाया। बब्लू ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी और स्थानीय निवासी निहाल अहमद चौधरी को भी घटना की जानकारी दी। लगभग 15 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा पहुंचने पर इलाज को लेकर विवाद खड़ा हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर ने तत्काल उपचार शुरू करने के बजाय पहले पुलिस रिपोर्ट कराने की बात कही। नवजात की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया और बच्ची को तुरंत इलाज देने की मांग की। इस दौरान अस्पताल परिसर में काफी देर तक बहस होती रही। स्थानीय निवासी निहाल अहमद चौधरी ने आरोप लगाया कि यदि दबाव न बनाया जाता तो बच्ची को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पहले औपचारिकता पूरी करने की बात कही जा रही थी, जबकि उस समय बच्ची की जान बचाना अधिक महत्वपूर्ण था। विवाद बढ़ने और स्थानीय लोगों के विरोध के बाद नवजात बच्ची को आखिरकार एनआईसीयू में भर्ती किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची की उम्र 10 से 12 दिन के बीच बताई जा रही है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व तीर्थ यात्रा रवाना

सिद्धार्थनगर। रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व तीर्थ यात्रा का शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, जिला प्रशासन और जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में यह यात्रा शुरू हुई। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों के 10 तीर्थयात्रियों को लेकर एक बस को लखनऊ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बस को प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी और नोडल अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाई। ये तीर्थयात्री लखनऊ पहुंचने के बाद सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन से आगे की यात्रा करेंगे। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ऐसी आध्यात्मिक यात्राएं समाज में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने और पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की इन योजनाओं का उद्देश्य आमजन को धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से जोड़ना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन और समन्वय में नोडल अधिकारी के सहायक सिद्धार्थ शंकर का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से यह कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सका। इस अवसर पर सतीश रस्तोगी (नगर अध्यक्ष, भाजपा), प्रो. केपी त्रिपाठी (पूर्व प्राचार्य), हर्षवर्धन नाथ गौतम, गिरीश चंद्र मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, कमलेश कुमार गुप्ता, संत राम सुधार चौधरी, रमेश चंद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# अन्याय के खिलाफ भगवान परशुराम ने उठाया था फरसा : राजेश त्रिपाठी



गोरखपुर। बड़हलगंज उपनगर के नवसृजित पटना चौराहा, जिसे अब राम परशुराम चौक के नाम से घोषित किया गया है, रविवार को भगवान परशुराम के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर आचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और श्रद्धा के साथ भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम अन्याय और अधर्म के खिलाफ संघर्ष के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि जब-जब समाज में अत्याचार बढ़ा, तब-तब भगवान परशुराम ने अपने फरसे के माध्यम से धर्म की रक्षा की और न्याय की स्थापना की। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाए और क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही, जिन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

इस दौरान सायंकाल भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया आयोजन को सफल बनाने में परशुराम सेवा समिति, चाणक्य विचार संस्थान, जनसेवा संस्था, बाबा खुदी राम ब्रम्ह सेवा संस्थान मुजौना और चिल्लूपार भाजपा परिवार के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## महर्षि परशुराम में रहा शास्त्र व शस्त्र का अद्भुत संगम : बलभद्र मिश्र एडवोकेट



चौरीचौरा, गोरखपुर। महर्षि परशुराम में शास्त्र (विद्या) व शस्त्र (हथियार फरसा) दोनों का अद्भुत संगम था वे अति क्रोधी थे। अन्यायकारी राजाओं को दण्ड देना उनके स्वभाव में कूट कूट कर भरा हुआ था। उक्त बातें परशुराम जयंती पर तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बलभद्र मिश्र ने कहा। उन्होंने बताया कि जमदग्नि ऋषि व रेणुका के पुत्र महर्षि परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। इनके अंदर शास्त्र व शस्त्र का अद्भुत संगम विद्यमान है। भगवान परशुराम अन्याय कारी क्षत्रियों का संहार कर के धर्म की स्थापना करने वाले महान योद्धा थे। उन्होंने परशु अस्त्र है महिष्मति के अहंकारी राजा कार्तवीर्यार्जुन का बध किया था। कार्यक्रम को तमाम लोगों ने भगवान परशुराम के कृतित्व व व्यक्तित्व पर वृहद रूप से चर्चा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरीशचंद्र पाण्डेय, संचालन बलभद्र मिश्र तथा आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्याण पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जन समूहों को ब्राम्हण जन कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्याण पाण्डेय ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर प्रमोद पाण्डेय उर्फ बबलू पाण्डेय, सुरेश दूबे, अंबर उपाध्याय महानन्द चौबे गौतम ओझा कुलदेव दूबे, जितेंद्र अंबरीष धर द्विवेदी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया।

# बाबा साहब की बताए विचारों को आत्मसात करें



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित सुंदरम लॉन में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती पर विधानसभा सम्मान अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व डीसीएफ चेयरमैन गुलाबरजध्वज सिंह उर्फ महंथ सिंह रहे। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने अतिथि गणों के साथ बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर पं दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश के संविधान निर्माण में बाबा साहब की सबसे बड़ी भूमिका रही। बाबा साहब का जहां जन्म हुआ जहां शिक्षा प्राप्त किया और जहां बौद्ध धर्म अपनाया और उनकी जहां मृत्यु हुई और जहां बाबा साहब का दाह संस्कार हुआ, वहां भाजपा सरकार ने पंच तीर्थ घोषित किया। हम सभी को बाबा साहब की बताए गए विचारों को आत्मसात कर चलना चाहिए यही इनका सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब गरीब आशा में शोषितों की सच्ची मसीहा थे जिन्होंने समाज में समरसता समानता स्थापित करने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। बाबा साहब के सपने को भाजपा सरकार पूरा कर रही है। हम सभी बाबा साहब की जयंती के अवसर पर शत शत नमन करते हैं। कार्यक्रम को भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, जिला उपाध्यक्ष रतन प्रकाश दुबे, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय व बनवारी प्रसाद ने संबोधित किया। गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोला अजय राजभर व संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेश निषाद ने किया। इस अवसर पर चेयरमेन प्रतिनिधि महेश उमर, जिपंस बालचंद सोनकर, सभासद दीपक जायसवाल व विद्याधर पांडेय, श्याम नारायण दुबे, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, अनिल भट्ट, आलोक पांडेय, देवनाथ बेलदार, दुर्गेश मिश्रा, इमरान अंसारी, पंकज सोनकर, सुमित सिंह, रणविजय कन्नौजिया, रमेश कुमार, रिंकू चौधरी, बृजेश वर्मा, गंगेश मिश्रा, विजेंद्र तिवारी व अनिल कुमार सहित अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# अयोध्या में गूंजा इटावा का नाम ,गुलशन यादव अंबेडकर लेगेसी अवार्ड से सम्मानित



इटावा। जब कलम की स्याही सामाजिक परिवर्तन का संकल्प बन जाए, तो सम्मान स्वयं चलकर द्वार तक आते हैं। जनपद इटावा के युवा साहित्यकार और प्रखर विचारक गुलशन ऋषि यादव ने अपनी बौद्धिक क्षमता और रचनात्मक कौशल से एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि शब्द ही सबसे बड़ा अस्त्र हैं। अयोध्या की पावन धरा पर त्रेतायुग फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक भव्य गरिमामयी समारोह में गुलशन को डॉ. बी. आर. अंबेडकर लेगेसी अवार्ड से अलंकृत किया गया। गुलशन ऋषि यादव को यह सम्मान मिलना महज एक साहित्यिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उनके उस संघर्ष की पहचान है जो उन्होंने अपनी पुस्तक स्वलिखित बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के जरिए की है। जहाँ आज का दौर सतही लेखन की ओर झुक रहा है, वहीं गुलशन ने संविधान शिल्पी के जीवन दर्शन और समानता के विचारों को अपनी लेखनी का आधार बनाया। समारोह में जूरी सदस्यों ने गुलशन के कार्य को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी रचनाएँ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को जागरूक करने और उसे संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग बनाने का कार्य करती हैं। गुलशन ऋषि केवल एक लेखक ही नहीं, बल्कि श्शी निर्मला फाउंडेशनश् और मन साहित्य के माध्यम से समाज को नई दिशा देने वाले पथ-प्रदर्शक भी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के वरिष्ठ साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुलशन की सफलता ने यह साबित किया है कि अगर नीयत साफ हो और कलम में सच्चाई, तो इटावा जैसी माटी से निकले शब्द राष्ट्रीय पटल पर अपनी धमक छोड़ते हैं।

# भगवान परशुराम शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा



इटावा। नगर में धूमधाम से निकल गई भगवान परशुराम शोभा यात्रा पर व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलामंत्री कृष्ण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शास्त्री चैराहा पर शीतल पेय पदार्थ पिलाकर पुष्प वर्षा के साथ व्यापारियों ने किया स्वागत। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप, युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, जिलाउपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल जिला उपाध्यक्ष शरद बाजपेई जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार दुबे युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे प्रांतीय सदस्य राहुल चैहान उद्योग मंच के जिला अध्यक्ष मेजर पांडे शहर उपाध्यक्ष अंशु दुबे युवा शहर उपाध्यक्ष अमित दुबे भोले युवा शहर उपाध्यक्ष आशीष तिवारी युवा शहर कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्णा भदोरिया युवा शहर महामंत्री अनिल यादव युवा शहर मंत्री कपिल पाठक शिवा ठाकुर अखिलेश शर्मा पीयूष वर्मा अमित पांडे ऋषभ शर्मा उपस्थित रहे।

# परिश्रम ही सफलता की कुंजी

## करियर काउंसलिंग में एम्स निदेशक ने छात्रों दिया मंत्र




सहजनवां,गोरखपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को होटल क्लार्क में आयोजित ₹पाथवे आफ्टर 12₹ करियर काउंसलिंग में छात्रों को करियर की राह दिखाई गई। शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए हजारों छात्र-छात्राओं ने विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर अपने भविष्य की संभावनाएं टटोलीं। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एम्स गोरखपुर की निदेशक मेजर डॉ विभा दत्ता ने कहा कि आज आपके सामने दो ही विकल्प हैं। परिश्रम या मौज-मस्ती। मौज-मस्ती में समय गंवाया तो भविष्य अंधकारमय होगा। इंतजार करने वालों को उतना ही मिलता है, जितना संघर्ष करने वाले छोड़ देते हैं।₹ उन्होंने कहा कि आज का कठिन परिश्रम ही कल उन्नति के सोपान पर ले जाएगा।

8 से अधिक क्षेत्रों पर हुए अलग-अलग सत्र

काउंसलिंग में इंजीनियरिंग, मेडिकल, फार्मा, कानून, प्रबंधन, पैरामेडिकल, होटल मैनेजमेंट और बैंकिंग के क्षेत्रवार सत्र आयोजित किए गए। एमएमएमयूटी, डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय, बीआरडी मेडिकल कॉलेज और एम्स के वरिष्ठ प्रोफेसरों ने छात्रों के सवालों के जवाब दिए। प्रो राकेश तिवारी, प्रो गोविंद पांडेय, प्रो मनीष श्रीवास्तव, सीए अभिजीत शर्मा, होटल मैरियट के प्रबंधक भारत गौरव, डीडीयू की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अनुभूति दुबे और वरुण बेवरेज के प्रबंधक हिमांशु ठाकुर सहित दर्जनों विषय विशेषज्ञों ने करियर में आने वाली अड़चनों से निपटने के व्यावहारिक टिप्स साझा किए। आरपीएम ग्रुप के चेयरमैन अजय शाही, नवल्स ग्रुप के चेयरमैन डॉ संजयन त्रिपाठी और सेंट्रल एकेडमी ग्रुप के चेयरमैन सृजन त्रिपाठी ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर बीआईटी के निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, निदेशक डॉ रूप रंजन, सीटीओ विजय कुमार श्रीवास्तव, फार्मेसी निदेशक डॉ आशीष सिंह सहित सभी संस्थाओं के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएचसी गोला में बालिकाओं को मुफ्त एचपीवी वैक्सीनेशन

गोला, गोरखपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में बालिकाओं को गर्भाशय व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा रही है। यह टीकाकरण प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमरेन्द्र नाथ ठाकुर ने बताया कि यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए निर्धारित है। वैक्सीन की एक डोज बाएं हाथ की बांह के मांसपेशी में लगाई जाती है, जो गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में प्रभावी है। उन्होंने कहा कि एचपीवी संक्रमण महिलाओं में होने वाले कैंसर का एक प्रमुख कारण है, जिससे समय रहते टीकाकरण के माध्यम से बचाव संभव है। डॉ. ठाकुर ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बालिकाओं को निर्धारित आयु में सीएचसी गोला लाकर टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरी तरह निःशुल्क है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष रूप से संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र के सभी लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अधिक से अधिक बालिकाओं का टीकाकरण कराने की अपील की है।

## कूटरचित दस्तावेज से पासपोर्ट बनवाने का आरोप

मझगावां/गगहा, गोरखपुर। बासगांव तहसील क्षेत्र में कार्यरत महिला लेखपाल सुप्रिया गुप्ता ने गगहा पुलिस से मिलकर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक द्वारा फर्जी दस्तावेज लगाकर निवास प्रमाण पत्र बनवाने और एक युवक द्वारा कूटरचित दस्तावेज के सहारे फर्जी पासपोर्ट हासिल करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाई करने की मांग किया है। महिला लेखपाल गगहा क्षेत्र के टिकरी और डिहुलपार की लेखपाल है।

# मुस्लिम समाज ने पुष्प वर्षा कर किया शोभायात्रा का स्वागत



इटावा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर टिक्सी मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा के दौरान अकालगंज तिराहा पर सांप्रदायिक सौहार्द की अनोखी तस्वीर देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष वसीम चैधरी के नेतृत्व में यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पुष्प वर्षा की गई और फल, पानी, कोल्ड ड्रिंक वितरित कर पतीका पहनाकर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल रहे और पूरा शहर जयघोष से गूंजता रहा। अकालगंज तिराहा स्थित सपा नेता के आवास पर मुस्लिम समाज द्वारा किया गया स्वागत कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। शहर के कई स्थानों पर यात्रा का स्वागत हुआ, लेकिन यहां जिस तरह दोनों समुदायों ने मिलकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया, वह खास रहा। लोगों ने एक-दूसरे का सम्मान करते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखा और कार्यक्रम शांति व सद्भाव के साथ संपन्न हुआ। ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण दुबे ने इस मौके पर मुस्लिम समाज का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वसीम चैधरी के नेतृत्व में किया गया यह आयोजन समाज में बढ़ती दूरियों को कम करने और हिन्दू-मुस्लिम एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और आपसी विश्वास बढ़ाते हैं। इस मौके पर फिरोज अहमद खान, अफसर वारसी, रफीक पहलवान, चांद वारसी, जमील अंसारी, शोएब वारसी, रहमान मंसूरी, मुन्ना बाबू, झप्पू, जुबैर चैधरी, मुन्ना चैधरी, जीशान अली, सादिक सलमानी, रिजवान खां, लल्लू भाई, यामीन राईन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भक्ति भाव से मना परशुराम जन्मोत्सव




पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। मंगत खेड़ा में मंदिर निर्माण के लिए भूमि मिल गयी है। सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा भगवान परशुराम जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला उन्नाव इकाई के पदाधिकारी विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में कई सामाजिक व अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। ग्राम मंगत खेड़ा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मनोज द्विवेदी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान किसान उत्थान सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय पांडे, योगेन्द्र द्विवेदी पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत,पुरवा विधानसभा पुरवा अध्यक्ष बाल जी पांडे अमित शर्माअर्पित पांडे तथा जिला महामंत्री पवन तिवारी की भी उपस्थिति रहें। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी लाल लोधी एवं सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने ग्राम मंगत खेड़ा में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण के लिए भूमि की मांग की। जिस पर ग्राम प्रधान मनोज द्विवेदी ने सहमति देते हुए भूमि उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने बताया कि जल्द ही ग्राम मंगत खेड़ा में भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर इसे पूर्ण कराया जाएगा। इस घोषणा से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीलेश,राजा,तरुण,अनुराग शिवा सहित काफी संख्या में लोगों ने बाइक रैली निकाल कर समाज को प्रेरित करने का कार्य किया।

# गर्म मैदानी क्षेत्र में फल दे रहा सेब का पेड़

## किसानों में जगी नयी उम्मीद



फतेहपुर चैरासी, उन्नाव ।स्थानीय क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर खुर्द में एक अनोखा कृषि प्रयोग चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां एक बाग के बीच लगाया गया सेब का पेड़ न केवल जीवित है, बल्कि उस पर फल भी लगे हैं। आमतौर पर सेब की खेती पहाड़ी और ठंडे इलाकों में ही संभव मानी जाती है, ऐसे में गर्म मैदानी क्षेत्र में इसका फल देना लोगों को हैरान कर रहा है। ग्राम निवासी अजीत ने लगभग पांच वर्ष पूर्व अपनी करीब आठ बिस्वा जमीन में बाग लगाया था। शुरूआत में उनका उद्देश्य सब्जी उत्पादन करना था, लेकिन प्रयोग के तौर पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के पेड़ भी लगाए। बाग में 19 पेड़ लाल चंदन, 12 पेड़ सफेद चंदन तथा 5 पौधे सेब के लगाए गए थे। बताया गया कि सेब के पौधे एचआरएमएन 99ह्व प्रजाति के थे, जिनकी कीमत करीब डेढ़ सौ रुपये प्रति पौधा थी। समय के साथ अन्य सेब के पौधे नष्ट हो गए, लेकिन एक पेड़ जीवित रह गया। यही पेड़ अब फल दे रहा है और पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आसपास के ग्रामीण इसे देखने के लिए पहुंच रहे हैं। बाग के मालिक अजीत का कहना है कि उन्हें भी उम्मीद नहीं थी कि सेब का पेड़ इस जलवायु में फल देगा, लेकिन यह प्रयोग सफल होता नजर आ रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सेब की खेती के लिए ठंडा मौसम, ऊंचाई और विशेष तापमान की आवश्यकता होती है। ऐसे में उन्नाव जैसे मैदानी और गर्म क्षेत्र में इसका फल लगना असामान्य है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह उन्नत प्रजाति, उचित देखभाल और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूलन का परिणाम हो सकता है। इस अनोखे उदाहरण ने क्षेत्र के किसानों के बीच नई उम्मीद जगाई है। कई किसान अब यह जानने के इच्छुक हैं कि क्या आधुनिक तकनीक और विशेष प्रजातियों के माध्यम से मैदानी क्षेत्रों में भी सेब की खेती संभव है। हालांकि कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह अभी एक प्रयोगात्मक सफलता है। बड़े स्तर पर इसकी खेती के लिए और अध्ययन व परीक्षण आवश्यक होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले कभी अपने क्षेत्र में सेब का पेड़ फलते नहीं देखा।

# जैन समाज की महिलाओं ने किया गन्ने के रस का वितरण



जसवंतनगर, इटावा। नगर में पावन पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के प्रथम आहार के उपलक्ष्य में जैन समाज की महिला मंडल द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मान्यता है कि भगवान आदिनाथ को दीर्घ तपस्या के पश्चात राजा श्रेणिक द्वारा गन्ने के रस का प्रथम आहार कराया गया था। इसी धार्मिक प्रसंग की स्मृति में नगर में जैन महिला मंडल पिछले 26 वर्षों से निरंतर गन्ने के रस का वितरण करता आ रही है। इस वर्ष भी जैन महिला मंडल की ओर से भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति के बीच श्रद्धालुओं को गन्ने का रस वितरित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर इस पुण्य अवसर का आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिसने धार्मिक परंपरा के साथ सामाजिक एकता का भी संदेश दिया। इस प्रकार नगर में अक्षय तृतीया का पर्व भक्ति, सेवा और परंपरा के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।

## घोषणा/सार्वजनिक सूचना

मैं, उमेश चंद्र पांडेय, पुत्र श्री हरि नाथ पांडेय, निवासी A-108, अजेआ बोटानिका, वृंदावन योजना, सेक्टर-11, लखनऊ - 226029, यह घोषित करता हूँ कि मेरे नाम पर जारी आवंटन पत्र दिनांक 12/09/2018 कहीं खो गया है। **उक्त संपत्ति का विवरण निम्नलिखित है:** फ्लैट नंबर: B3-1101, कियारा रेजीडेंसी, अंसल API, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

मैं आगे यह भी घोषित करता हूँ कि मैं उक्त संपत्ति पर SBI, कानपुर रोड शाखा ब्रांच कोड 16730 से ऋण प्राप्त करने हेतु इक्विटेबल मॉर्गेज बनाना चाहता हूँ। इस संबंध में, खोए हुए आवंटन पत्र के लिए मैंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी है, **जिसका विवरण निम्न है:**

FIR नंबर: 20260000358791, दिनांक: 18/04/2026।

यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया SBI, कानपुर रोड शाखा में नवीन कुमार (मोबाइल नंबर: 9450772753) से संपर्क करें।

# सदर विधायक को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उ०प्र० के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, जिला उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी द्वारा सदर विधायक पंकज गुप्ता को एक ज्ञापन देकर भीषण गर्मी व लू के चलते विद्यालय समय में परिवर्तन की मांग की है। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों का समय प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक है। अप्रैल माह में तापमान विगत कई माह की अपेक्षा काफी अधिक है जिस कारण बच्चों को विद्यालय से घर जाने में असुविधा होती है संगठन की मांग है कि बच्चों की सुविधा के दृष्टिगत विद्यालय का समय प्रातः 7:30 से दोपहर 12:30 कर दिया जाए। प्रदेश में बढ़ रही भीषण गर्मी तथा लू बचाव के दृष्टिगत शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से 16 अप्रैल को जारी एक पत्र में प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में इस प्रकोप से बचाव एवं राहत हेतु निर्देश प्रदान किए गए थे परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे गर्मी व धूप से परेशान हो जा रहे हैं।



बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में अब भी सचिव बेसिक शिक्षा उ प्र, प्रयागराज के आदेश के क्रम में विद्यालय पूर्वांह 8 बजे से अपराहन 2 बजे तक संचालित हो रहा है। इधर अप्रैल माह में मौसम ने अपना रूख बदला है। 10 बजे के बाद ही आसमान से आग बरसने लगा रही है। मौसम विभाग में इस विषय में चेतावनी भी जारी की है चिकित्सकों ने भी सभी को धूप से बचने की सलाह दी है। संगठन द्वारा जिलाधिकारी उन्नाव एवं मुख्य विकास अधिकारी उन्नाव को भी इस विषय में ज्ञापन देकर विद्यालय समय परिवर्तन करने की मांग की थी ऐसे में प्रदेश संगठन के प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी में बच्चों की बीमार होने की आशंका है लिहाजा विद्यालय समय 7:30 से 12:30 बजे तक का किया जाना नौनिहालों की स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

# विष्णु के छठवें अवतार परशुराम जन्मोत्सव पर ली सामाजिक एकता की शपथ

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मौरावां में पूर्व सभासद टिंकू त्रिपाठी के आवास पर सम्पन्न जन्मोत्सव समारोह की शुरूआत परशुराम जी के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने सवर्ण समाज की एकता पर जोर दिया। सनद रहे कि भगवान परशुराम को विष्णु के छठवें अवतार के रूप में जाना जाता है।विप्र होने के कारण वह ब्राह्मणों के आदर्श हैं मौरावां में रविवार को पूर्व सभासद टिंकू त्रिपाठी के आवास पर सम्पन्न जंयती समारोह को सामाजिक एकता के रूप में मनाया गया।अपने संबोधन में ब्राह्मण नेता योगेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भगवान परशुराम हमारे आदर्श हैं जयंती समारोह को विस्तार देना चाहिए उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम हमारे लिए सदैव पूज्य है वह विष्णु के छठवें अवतार हैं। पहली बार हुए समारोह में शामिल लोगों में गजब का उत्साह दिखाई दिया खास यह कि सभी ने समाज को संगठित करने की बात कही इस अवसर प्राणेश्वर त्रिपाठी, गदाधर त्रिपाठी, लल्लन त्रिपाठी, शिवम पांडेय, राजन शुक्ल, दीपू अग्निहोत्री, अंबुज दुबे, प्रियम मिश्र, सुनील मिश्र, अशोक शुक्ल, आशु शुक्ल, विमल अवस्थी, संतोष अवस्थी, राहत त्रिपाठी, अन्नू त्रिपाठी, कुलदीप अवस्थी, राम जी त्रिपाठी, पंकज अवस्थी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# डीएम ने पिलुआ मंदिर का निरीक्षण किया

इटावा। जिलाधिकारी ने राज्य योजना के अंतर्गत पिलुआ महाराज मंदिर परिसर के समग्र पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य योजना के प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संस्कृति पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य को जल्द से जल्द कराया जाए।

संक्षेप

## 23 को मितौली आ सकते हैं यूपी के मुख्यमंत्री

लखीमपुर खीरी। 23 अप्रैल को कस्ता विधानसभा के मितौली क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते है। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के आने की तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री करीब 100 करोड़ रुपये की लागत वाली 45 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर सकते है। करीब 8 करोड़ लागत का मितौली तहसील भवन और करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से गोमती नदी पर महिदा घाट पुल शामिल है। साथ ही 14.50 करोड़ रुपये की लागत का लोहिया घाट पुल और उससे जुड़ी सड़कें भी परियोजनाओं में शामिल है।

## मिला अज्ञात शव

पसगवां खीरी। सोमवार की दोपहर रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। उचौलिया थाना क्षेत्र होकर गुजरने वाले शाहजहांपुर से सीतापुर रेलखंड पर सुनौआ गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे रविवार की दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला स्थानीय लोगों ने शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची उचौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरक्षक गोपाल नारायण ने बताया रेलवे पटरी पर पड़े पत्थरों के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला है जिसकी काफी कोशिश करने के बाद भी पहचान नहीं हो पाई हैं शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## बाउंसरों पर अभद्रता के आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चैती मेला की अवधि तीन दिन बढ़ाए जाने के बाद व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार को आयोजित जलपरी कार्यक्रम के दौरान बाउंसरों पर अभद्र व्यवहार और मारपीट के आरोप लगने से मेले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर भीड़ नियंत्रण के दौरान तैनात महिला बाउंसरों ने लोगों के साथ धक्का-मुक्की की। आरोप है कि इस दौरान महिलाओं के साथ भी सख्ती बरती गई, जिससे कई लोग असहज हो गए और मौके पर नाराजगी देखने को मिली। मेला देखने आई कुछ महिलाओं का कहना है कि वे झूला झूलने के लिए पहुंची थीं और उनसे शुल्क भी लिया गया, लेकिन भीड़ का हवाला देकर उन्हें झूला नहीं झुलाया गया। विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद मेले में मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया और व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेला बढ़ाने के बावजूद सुरक्षा और प्रबंधन के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## ग्रामीणों ने नाली निर्माण के लिए सीएम पोर्टल पर लगायी गुहार

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अंतर्गत एक ग्राम में कई साल पूर्व बनी सकरी नाली से पानी निकासी सुचारू रूप से न होने के कारण सड़क पर जलभराव होने से परेशान ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर आवेदन संख्या 40015426024289 नाली निर्माण हेतु शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरई खैरा के मजरे फरीदपुर महीपत सिंह निवासी निर्मल मिश्रा आदि ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव के अंदर तालाब तक नाली निर्माण कराने हेतु गुहार लगाई है।

# तालाब में डूबकर दो बच्चों की मौत

### मछली पालन के लिए बने तालाब में नहाने गये थे बच्चे

मानपुर (सीतापुर)। मानपुर थाना क्षेत्र के बन्नीखरैला के मजरा खरैला में मछली पालन के लिए बने तालाब में नहाते समय डूबने से दो युवकों की मौके पर मौत हो गयी। तालाब में डूबता एक युवक देख गांव में हल्ला मचाते हुए पहुंचा। जहां पर गांव के लोग भारी संख्या में इकठ्ठा होकर तालाब पर पहुंचे। तब तक दोनों युवक तालाब में डूब चुके थे। गांव वालों की मदद से दोनों शव को बाहर निकला गया और शव की पहचान कराई गयी तो दोनों युवक महमदापुर ग्राम पंचायत के रमईपुर गांव के बताये गये। जिसमें एक युवक की पहचान कपिल पुत्र सुरेन्द्र यादव जिसकी उम्र करीब 12 वर्ष के रूप में हुयी। वहीं पर दूसरे युवक की पहचान अर्पित पुत्र शिवकुमार जिसकी उम्र करीब 14 वर्ष के रूप में हुयी। बताते चलें कि अर्पित ग्राम भनवापुर थाना तालगांव का निवासी था और अपने ननिहाल में नाना के यहां रहता था। दोनों युवक खरैला के एक मछली पालन के तालाब सलाह करके नहाने गए थे। तालाब मछली पालन के लिए खुदाई करके बनाया गया है। जिससे तालाब में पानी समर सेबुल से भरा जाता है। वहीं पर नहाने गए युवक पानी भरे गहरे खड्डे में पहुंच गये। जहां पर पैर न लगने से दोनों युवक की डूबने से मौत हो गयी। जिसकी सूचना ग्रामीणों की मदद से पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस नें शव को अपने कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर ले लिया गय। वहीं पर परिजनों नें पोस्टमार्टम न कराने को लेकर कहा। जिस पर लोगों की संतुष्टि बनी और पंचनामा भरकर नाबालिक दोनों युवकों के शव परिजनों को सौंप दिए गये। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पर गांव में सन्नाटा पसर गया।

## तीन पत्नियां फिर भी ईओ ने दिया शादी का झांसा, पांच साल तक किया दुष्कर्म

हरगांव (सीतापुर)। नगर पंचायत महोली व गोला में तैनात रहने वाले अधिशाषी अधिकारी अपनी इश्क बाजी के लिए मशहूर रहे हैं। अब उन्होंने अपनी गोपामऊ हरदोई में भी तैनाती के दौरान सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव की किशोरी वाला प्रकरण एक बार फिर सामने आया है। जहां पर उक्त अधिशाषी अधिकारी ने उसे अपनी हवस का शिकार कइयों बार बनाया फिर गर्भवती होने की सूचना पर उससे गर्भ गिरवाने को लेकर कहासुनी में फसाद हो गया। जिस पर किशोरी ने हरगांव थाने मे तहरीर देकर विपक्षी के विरूद्ध मुकदमा कायम कर कार्रवाई किए जाने की फरियाद की है। जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव की युवती का जनपद लखीमपुर खीरी के थाना खीरी के ग्राम सरखनपुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र जगमोहन लाल से काफी समय से दूरभाष पर सम्पर्क चल रहा था। तहरीर के अनुसार दिनेश कुमार का अपनी प्रेमिका के घर पर बराबर आना जाना लगा रहता था। जिससे उसके उससे अवैध सम्बन्ध हो गये। दिनेश कुमार वर्तमान में हरदोई जिले की गोपामऊ नगर पालिका में अधिशाषी अधिकारी के पद पर तैनात हैं। युवती के गर्भ रह जाने पर युवती ने जब दिनेश को आप बीती बताई तो वह आग बबूला हो गये और शादी से मुकरते हुए गभार्पात कराने की सलाह देते हुए धमकी दी। जिस पर वाद-विवाद बढ़ने पर युवती ने हरगांव थाने पहुंच कर एक तहरीर देकर विपक्षी दिनेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उचित न्यायिक कार्यवाई करने की गुहार लगाई है। थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि तहरीर मिली है जांचोपरांत विधिक कार्यवाई की जाएगी।

## ससुराल आए युवक का साड़ी के फंदे से लटका मिला शव

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कला क्षेत्र के एक गांव में गेहूं कटवाने ससुराल आए एक युवक का शव छत पर छत के छल्ले से साड़ी के फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और तरह-तरह की चचाओं का माहौल है। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली बिसवा क्षेत्रांतर्गत कल्याणपुर निवासी प्रमोद कुमार (लगभग 32 वर्ष), पुत्र विष्णु कुमार 15 तारीख को अपने ससुराल कैमा मजरा परसपुर किशन पुत्र मातादीन के घर गेहूं कटवाने के लिए आया था। परिजनों के मुताबिक रात में भोजन करने के बाद वह छत पर सोने चला गया, लेकिन सुबह उसका शव छत के छल्ले से फंदे पर लटका मिला।

सुबह यह मंजर देखते ही परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना रामपुर कला प्रभारी लल्ला गोस्वामी के निर्देशन में एसआई दिनेश सिंह, एसआई दिलीप शुक्ला और एसआई बंश लाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

## परशुराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गयी



मोहम्मदी खीरी। कस्बा में रामलीला की मंच से अक्षय तृतीया और परशुराम प्रकटोत्सव के पर्व पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शस्त्र पूजन के साथ शोभायात्रा निकाली गई है। यात्रा के दौरान शंख, घंटा और घड़ियाल की ध्वनियां गूंजने लगी महिलाओं ने छत से पुष्प वर्षा की है। अक्षय तृतीया और परशुराम के प्रकटोत्सव पर्व पर विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा परशुराम को शक्ति और ज्ञान का प्रतीक थे। संयोग के चलते आज मां अन्नपूर्णा देवी का अनुष्ठान भी है। जयंती पर शोभा यात्रा में सजी झांकियों के साथ यात्रा में श्याम किशोर अवस्थी, नपाप अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, अतुल बाजपेई, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश चंद्र उर्फ बेटू, पिंकू शुक्ला, आनंद बाजपेई पंकज मिश्रा रमाकांत समेत तमाम वर्गों के लोगों ने शोभा यात्रा में सहभागिता कर उत्साह बढ़ाया है। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकलते हुए कार्यक्रम का समापन रामलीला मैदान के मंच पर किया गया है।

## मुर्गी फार्म में आग से लाखों का नुकसान, विरोध पर मारपीट का आरोप



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। मोहम्मदी क्षेत्र के गांव पोखनापुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मुर्गी फार्म में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर जानबूझकर आग लगाने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। गांव निवासी कौशल भारती के अनुसार उनके मुर्गी फार्म में करीब 5400 चूजे पाले जा रहे थे, जिनकी कीमत लगभग 9 लाख रुपये थी। इसके अलावा फार्म की संरचना, उपकरण व अन्य सामान सहित कई लाख रुपये बताया जा रहा है। आग इतनी भीषण थी कि पूरा फार्म देखते ही देखते जलकर खाक हो गया। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने रंजिश के चलते फार्म में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो आरोपित पक्ष के लोगों ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपित के पिता ने उनका गिरेबान पकड़कर आग की ओर धकेलने की कोशिश की और गाली-गलौज भी की। घटना के बाद पीड़ित और उसके परिजनों में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विद्या मंदिर के पुरातन छात्र को मिला गोला गौरव सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पुरातन छात्र को नगर के सर्वोच्च सम्मान गोला गौरव से सम्मानित किए जाने पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य राज कुमार कन्नौजिया ने बताया कि विद्या भारती के विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में योगदान देने का प्रयास करते हैं और पुरातन छात्रों की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनती हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित समापन समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विद्यालय के पुरातन छात्र डॉ. आकाश राजपूत को गोला गौरव सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता की उपस्थिति में दिया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि डॉ. आकाश राजपूत वर्ष 2010 इंटरमीडिएट बैच के छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताया गया कि डॉ. आकाश राजपूत के पिता राम राजपूत नगर के प्रतिष्ठित सरार्फा व्यवसायी हैं। विद्यालय परिवार ने इस सम्मान को संस्था के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## महिला आरक्षण बिल बहुमत के अभाव में पास नहीं



लखीमपुर खीरी। संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत महिला आरक्षण बिल दो तिहाई बहुमत के अभाव में पास नहीं हो सका यह केवल कांग्रेस सपा डीएमके टीएमसी विपक्षी दलों की स्त्री विरोधी नीति के चलती वोटिंग में गिर गया उक्त विचार पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा व्यक्त किये वे आज भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थेउन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन को 5 वोट बढ़कर 298 मत मिले जबकि विपक्ष को 230 मत मिले लेकिन संख्या बल का दो तिहाई ना हो पाने के कारण बिल पास नहीं हो सका उन्होंने कहा कांग्रेस की नीति , लटकाने भटकाने की रही है कांग्रेस ने झूठा प्रचार कर इस बिल को गिराने का महा पाप किया है महिलाएं इसका जवाब देगी कांग्रेस और विपक्ष केवल इसलिए इस बिल का विरोध कर रहा था की महिलाएं लोकतंत्र में आगे बढ़कर अपनी भागीदारी न निभा पाए तथा भारतीय लोकतंत्र मजबूत ना हो सके जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को इसका लाभ मिले इसके लिए 16 अप्रैल से तीन दिनों का विशेष विशेष संसद सत्र को बुलाकर बिल पास करने के लिए पूरा प्रयास किया क्योंकि 2023 में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में संसद में महिलाओं को 33% आरक्षण बिल पास हो चुका है लेकिन उसमें एक विशेष प्रावधान है कि आरक्षण के लिए संसद सदस्यों की संख्या बढ़ानी होगी इसी के तहत संसद में तीन बिल प्रस्तुत किए जाने थे लेकिन विपक्ष की एवं स्त्री विरोधी नीति के चलते नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल बहुमत से पास नहीं हो सका इसका अर्थ होगा कि अब इसे 2034 से पहले लागू नहीं किया जा सकता धारा 368 के तहत जनगणना के आधार पर अथवा भौगोलिक आधार पर लोकसभा सीटे बढ़ाने का प्रावधान है।

## रोटरी क्लब ने जरूरतमंद बेटी के विवाह में बढ़ाया सहयोग का हाथ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रोटरी क्लब गोला सेंट्रल ने एक जरूरतमंद कन्या के विवाह अवसर पर सहयोग करते हुए मानवता की मिसाल पेश की। क्लब के सदस्यों ने एकजुट होकर कन्या को गृहस्थी के लिए आवश्यक सामान भेंट किया, जिससे उसके वैवाहिक जीवन की शुरूआत सहज हो सके। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था सेवा परमो धर्म की भावना के साथ लगातार समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करती रही है। उन्होंने कहा कि किसी बेटी के विवाह में सहयोग करना समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें सहभागी बनना गर्व की बात है। इस दौरान कन्या को पलंग, तकिए, बेडशीट, मैट्रेस और स्टोरेज बॉक्स सहित घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्री प्रदान की गई, जिससे उसके नए जीवन की शुरूआत में सुविधा मिल सके। इस पहल में क्लब के कई सदस्यों ने आर्थिक सहयोग किया। इनमें सचिव प्रमोद वर्मा, अनिल जायसवाल, जितेंद्र गट्टानी, विवेक गुप्ता, राजीव राजपूत, कामरान खान, योगेश कनौजिया, अमित वर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# 23 से चलेगा पोषण पखवाड़ा

### बाल विकास विभाग ने बनायी मानव श्रृंखला



लखीमपुर खीरी। बाल विकास परियोजना धौरहरा की तरफ से पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत धौरहरा बालविकास परियोजना के सीडीपीओ राजेंद्र वर्मा के समक्ष लालापुरला केन्द्र पर कार्यकर्ती रेखा रानी की उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत सशक्त नारी, विकसित भारत का संदेश देते हुए भव्य मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इसमें सुपरवाइजर मंजू शुक्ला, तनु वर्मा, खुशनुमा, ममता को कृष्णा रानी, रचना जायसवाल समक्ष धौरहरा व लाला पुरवा में पांच गोद भराई व दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इस दौरान अध्ययन रत बच्चों द्वारा विद्यालयों के बच्चों ने लघु नाटिकाओं और लोकनृत्यों के माध्यम से दर्शकों को आकर्षित किया। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समाज में महिलाओं के एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से प्रतिभागियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए पोषण एवं महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नारी सशक्तिकरण को कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण तथा पोषण के प्रति जन जगरूकता को व्यापक स्तर पर फैलाना रहा। योगदान और उनके सशक्तिकरण के महत्व को प्रभावी रूप से दशार्या। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, लाभार्थियों विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए सभी नागरिकों से जागरूक एवं जिम्मेदार बनने का आह्वान किया।


## श्रद्धा के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चन्द्र कला आश्रम एवं संस्कृति विद्या पीठ में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।

महंत प्रमोद जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य सुधीर मिश्र, आचार्य प्रमोद अवस्थी, आचार्य कुसुमेश शुक्ला एवं आचार्य टीकाराम उपाध्याय सहित गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारी और आश्रमवासी मौजूद रहे। सुबह से ही आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार त्रिपाठी, विनीता त्रिपाठी, सविता दीक्षित, अवधेश मिश्रा, पुत्तन मिश्रा, धीरज शुक्ला, आशीष दीक्षित, अनुज शुक्ला, मनोज मिश्रा, रवि श्रीवास्तव, विक्रम गुप्ता, राजीव बाजपेई, विनोद शुक्ला सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर देश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

## कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत हुआ भव्य आयोजन



हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अंतर्गत स्थित लब्ध प्रतिष्ठ बिड़ला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत आज एक भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं के शौर्य प्रदर्शन से हुई। जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। गाइड छात्राएं रिया, श्रुति यादव, प्रिया राठौर, अंकिमा, भूमिका सिंह और आराध्या तिवारी ने आत्मरक्षा के विभिन्न कौशलों का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए अन्य छात्राओं को भी प्रशिक्षण दिया। उनके साहस और आत्म विश्वास ने नारी सशक्ति करण का सशक्त संदेश दिया। सांस्कृतिक सत्र में छात्राओं ने लोकगीत, लोकनृत्य और लघु नाटिका प्रस्तुत कर समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके सम्मान का भावपूर्ण चित्रण किया। कार्यक्रम में उत्साह का माहौल तब और बढ़ गया जब खेलकूद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। प्रतियोगिताओं में अभ्या, सिम्स, लक्ष्मी और श्रेया यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य रामचेत सिन्हा ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ आत्मरक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर शिक्षक अंशू कुमार वर्मा, अमृता अवस्थी, सीमा मिश्रा एवं प्रज्ञा शुक्ला सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय में संचालित कार्यक्रम ने नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ किया।

# भव्यता के साथ मना परशुराम जन्मोत्सव



सीतापुर। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में परशुराम मंदिर सहित जनपद में भव्यता के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम भगवान विष्णु के छठे अवतार जुनैद चिरंजीवी अमर माना जाता है। महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था। ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बावजूद एक शास्त्र और शस्त्र दोनों के ज्ञाता थे। भगवान शिव से प्राप्त परशु फरसा धारण करने के कारण उनका नाम परशुराम पड़ा भगवान परशुराम की जयंती कार्यक्रम परशुराम चैक निकट सरोजिनी वाटिका में मनाया गया। मंदिर में भगवान परशुराम की पूजन कार्यक्रम एवं हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नेहा अवस्थी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, राजेश शुक्ला जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, मुनेंद्र अवस्थी पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत, विकास हिंदू राष्ट्रीय शेर सेना, यतींद्र अवस्थी बबलू, वीरू मिश्रा, प्रेम त्रिपाठी पूर्व ब्लाक प्रमुख खैराबाद, रामकिंकर पांडे ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख, धीरज पांडे, भरत त्रिपाठी एमएलसी, राष्ट्रीय संत पंडित सुरेश अवस्थी, होली परिक्रमा के अध्यक्ष संतोष दास जी महाराज, कंचन प्रभा पांडे जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा सहित अन्य संत महंत विद्वान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। पूजन उपरांत विशाल शोभा यात्रा भी नेहा अवस्थी के नेतृत्व में निकाली गई। जो शहर के मुख्य मार्ग से होकर अंत में परशुराम चैक पर संपन्न यात्रा में हजारों लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। दूसरी तरफ विशाल शोभायात्रा धीरज पांडे के नेतृत्व में मोटरसाइकिल से निकाली गई यात्रा में हजारों हजार लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यात्रा में सभी वर्ग और समाज के लोग सम्मिलित हुए। दूसरी तरफ मानस मानस मंदिर निकट महावीर पार्क में परशुराम की मूर्ति पर पूजन कार्यक्रम एवं महान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित राम प्रसाद अवस्थी, शिव शंकर दयाल तिवारी, नरेश मिश्रा, श्रवण बाजपेई, अनूप बाजपेई, सभासद सत्य प्रकाश मिश्रा पूर्व अध्यक्ष डीसीडीएएफ, निर्भय द्विवेदी द्वारा आयोजित परशुराम जयंती के पावन आवश्यक पर परशुराम मंदिर सुभाष नगर सीतापुर में मनाया गया।

# तत्कालीन एसडीएम व तहसीलदार समेत छह पर दर्ज हुआ मुकदमा

### कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, बाराबंकी के युवक ने खोली पोल

जिला संवाददाता

सीतापुर। जनपद के लहरपुर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और कूटनीति का एक बेहद चैंकाने वाला मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने न केवल अपनी पहचान छिपाई, बल्कि अपनी वल्दियत (पिता का नाम) बदलकर विभिन्न सरकारी विभागों से फर्जी दस्तावेज भी जारी करवा लिए। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीतापुर के आदेश पर लहरपुर पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार समेत तत्कालीन उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और संभागीय परिवहन अधिकारी के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं अधिकारिक सूत्रों द्वारा ज्ञात हुआ है कि जिन एसडीएम राधेश्याम और तहसीलदार रामदयाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है उनकी मौत भी हो चुकी है।

क्या है पूरा मामला?

बाराबंकी निवासी विनय कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि ग्राम गिरगिटपुर निवासी मनोज कुमार (पुत्र ओम प्रकाश) ने कूट रचित दस्तावेजों के सहारे खुद को मनोज कुमार पुत्र सोहन लाल) दशार्या। वादी के अनुसार, मनोज के वास्तविक पिता ओम प्रकाश हैं, लेकिन उसने अपने नाना स्वर्गीय सोहन लाल को पिता बताकर वर्ष 1995 में चकबंदी विभाग से आदेश पारित करा लिया और राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करा लिया।

फजीर्वाड़े की लंबी फेहरिस्त

आरोप है कि आरोपी मनोज कुमार ने पहचान बदलकर परिवहन विभाग से ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड तक बनवा लिए। इतना ही नहीं, उसने तत्कालीन अधिकारियों की कथित मिलीभगत से नवंबर 2020 में फर्जी आय और निवास प्रमाण पत्र भी जारी करा लिए। वादी की माँ रुकमिणी देवी ने इस संबंध में अगस्त 2020 से कई बार शिकायत की, लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

तत्कालीन अधिकारियों पर भी मुकदमा

न्यायालय के कड़े रुख के बाद लहरपुर पुलिस ने मनोज कुमार के साथ-साथ मामले में संलिप्त रहे तत्कालीन संभागीय परिवहन अधिकारी (सीतापुर), क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक (लहरपुर), तहसीलदार (लहरपुर) और उप जिलाधिकारी (लहरपुर) के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने भादंसं की धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक मनोज कुमार गुप्ता को सौंप दी है। प्रशासन की इस कार्रवाई से सरकारी महकमों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अपर जिलाधिकारी ने हीटवेव लू से बचाव, लक्षण व उपचार के बारे में दी जानकारी

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सीतापुर द्वारा एडवाइजरी जारी कर (हीटवेव) लू से बचाव के उपाय, लक्षण एवं उपचार आदि के बारे में बताया गया है। जन-सामान्य लू से बचाव को लेकर बताए उपायों को अमल में लाएं और अपना बचाव करें। हीटवेव (लू) से बचाव के लिए संबंधित विभाग को अपनी-अपनी तैयारी कर पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है ।

संक्षेप

## पांच लोगों पर एसटी एक्ट का केस दर्ज

**जौनपुर।** केराकत थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरकी गांव में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें ग्राम प्रधान सहित कई लोगों के खिलाफ अनुसूचित जनजाति (एसटी) एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित गुलाब चंद्र कन्नौजिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि बीते 15 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह अपने साथी युसूफ के साथ एक व्यक्ति के घर पर मौजूद थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश और जमीन संबंधी विवाद को लेकर विपक्षी पक्ष के लोग लाठी-डंडा व धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की, जिसमें युसूफ को चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष में भय का माहौल है और आरोपियों द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी देने की भी बात कही गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुरकी ग्राम प्रधान समेत नामजद आरोपियों के खिलाफ एसटी एक्ट व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आंबेडकर के पोस्टर फाड़ धमकी पर केस दर्ज

**जौनपुर।** सुरेरी थाना क्षेत्र के चिलाई कठवतिया गांव में बीते शुक्रवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के पोस्टर फाड़े जाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में अनुसूचित जाति की पीड़िता सुधा पत्नी मुकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, गांव के रास्ते पर लगे अंबेडकर के झंडे व पोस्टर को आरोपितो द्वारा उतारकर फाड़ दिया गया। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपितो ने गाली-गलौज और जाती सूचक शब्दों से नवाजते हुए मारपीट पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आरोपी करन राजभर पुत्र कमला, अंकित राजभर पुत्र गुलाब राजभर, शुभम राजभर पुत्र संतोष, अभिषेक राजभर पुत्र मुरली राजभर व आकाश राजभर पुत्र मान प्रताप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 299, 352, 351(2) तथा 3(2)(अं) (एससी/एसटी अधिनियम) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेरी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उल्लास से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**लालगंज, मीरजापुर।** इसी भावपूर्ण प्रसंग के साथ ग्राम लहंगपुर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के बीच मनाया गया। कथाव्यास परम श्रद्धेय श्री सुरेंद्र कृष्ण जी महाराज ने जैसे ही भगवान के जन्म का वर्णन किया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान महाराज ने गजेंद्र मोक्ष का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए बताया जब गजेंद्र मगरमच्छ के चंगुल में फंसकर असहाय हो गया और उसने पूर्ण समर्पण भाव से भगवान को पुकारा, तब श्रीहरि ने सुदर्शन चक्र से उसका उद्धार किया।

# व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा का विशेष योगदान होता है : प्रो. शोभा गौड़

## शिक्षा से आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता का विकास होता है: रामसकल

**मीरजापुर।** 79 वर्षों से शिक्षा को संस्कार बनाने और ज्ञान को चरित्र में ढालने का प्रयास करते हुए नगर के मध्य स्थित श्री माता प्रसाद माता अधिक इंटर कॉलेज विद्यालय परिवार में स्थापना दिवस और संस्थापक जयंती समारोह का आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर शोभा गौड़, विशिष्ट अतिथि निवर्तमान राज्यसभा सांसद राम सकल और जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व उत्कर्ष के प्रतीक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा का विशेष योगदान होता है। शिक्षा से आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास होता है। यह हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करती है। केवल डिग्री प्राप्त करना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है, बल्कि एक अच्छा इंसान बनना सच्ची शिक्षा का लक्ष्य होना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद रामसकल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से बालक की विशेष योग्यताओं के साथ ही शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक तथा सामाजिक क्रियाओं का विकास होता है। जिला विद्यालय निरीक्षक मिजार्पुर ने विद्यालय के पठन पाठन अनुशासन कि सराहना करते हुए कहा की निश्चित ही यह विद्यालय बालकों की अंदर नई शक्तियों, क्षमताओं का स्वाभाविक एवं प्रगतिशील विकास कर रहा है। राष्ट्रवादी मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि व्यक्तित्व का वास्तविक विकास तभी संभव है जब शिक्षा के साथ संस्कार भी जुड़े हों। शिक्षा जीवन को उद्देश्यपूर्ण और सफल बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। मुख्य अतिथि वं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय के प्रतिभावान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष इंटर की टॉपर जिज्ञासा दुबे, आयुष यादव, यथार्थ पाठक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्रों डॉ बलराम मौर्य, डॉक्टर निहाल प्रजापति, गौरव यादव, शुभम पांडेय को उनकी सफलता के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा मनोहारी प्रस्तुति दी गई जिसमें शिव तांडव भ्रूण हत्या तथा सोशल मीडिया के माध्यम से मोबाइल के दुरुपयोग पर दिए गए संदेशों की सभी अतिथि गणों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। समारोह में अखिल भारतीय वैश्य महासभा के प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरी नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल, अनुज उमर, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय राज सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह आशीर्वाद प्राप्त हुआ। विद्यालय द्वारा, प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह, कमलेश कुमार केसरवानी, अतुल जायसवाल, डॉ मधुलिका सिंह, प्रधानाचार्य दिनेश कनौजिया, अशोक कनौजिया, डॉ संतोष कुमार सिंह, प्रधान अध्यापक संतोष सोनकर, प्रधानाचार्य अनीता यादव, दीपा मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री उमाशंकर पांडेय को विद्यालय के प्रबंधक अतिन कुमार एवं प्रधानाचार्य प्रेमचंद यादव द्वारा सम्मानित किया गया।

## अति प्राचीन गौरीशंकर मंदिर अपने आप में समेटे है कई रहस्यों को

**सोनभद्र।** जनपद ऐतिहासिक धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से पीछे नहीं है। यहां मौजूद अनमोल प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की जरूरत है। यदि यहाँ की प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों को संरक्षित कर एक धागे में पिरोकर संचारा जाय तो वह दिन दूर नहीं जब औद्योगिक क्षेत्र के रूप में ख्याति प्राप्त करने के बाद सोनभद्र पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान कायम करेगा।

हालांकि शासन-प्रशासन की पहल से इसमें काफी परिवर्तन हुआ है। धार्मिक पर्यटन की लिहाज से देखा जाय तो जनपद मुख्यालय के राबर्ट्सगंज से महज महज आठ किमी दूरी पर कलवारी-खलियारी स्टेट हाईवे पर सदर ब्लाक के गौरीशंकर स्थित अति प्राचीन मंदिर अपने आप में कई रहस्यों को समेटे हुए है। जहां इस धाम में प्राचीनकाल से अनवरत मेले का आयोजन होता आ रहा है, वहीं मंदिर के निकट बूढ़ा बरगद अपनी कई शाखाओं के साथ अपनी उम्रराजी को भी बयां करता है। इतना ही नहीं मंदिर भगवान भोलेनाथ के साथ मां गौरी की सम्मिलित प्रतिमा भी अलौकिक है। इसके अलावां आदि देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की भी प्रतिमा अपने आप में लोगों को आकर्षित करती है। बुजुर्ग बताते हैं कि यहां स्थापित शिवलिंग करीब तीन सौ साल पहले डोड़रा नाले से प्राप्त हुई थी। प्रत्येक शिवरात्रि को माँ गौरी और शिवजी का भव्य श्रृंगार होता है। मेले की खास बात यह है कि यहाँ का मेला शिवरात्रि से प्रारम्भ होकर लगभग एक पखवारे तक चलता है। इसके अतिरिक्त बसंत पंचमी को भी एक दिवसीय मेला लगता है। मेले में खाने-पीने के साथ-साथ जीवनोपयोगी तथा घर-गृहस्थी से सम्बन्धित सामग्रियों की भी दुकानें लगती है। मेले में आने वाले लोग गुड़हिया जलेबी का स्वाद चखने से भी नहीं चुकते। खाते भी हैं और घर भी ले जाते हैं। पुरुषों के अलावां रंग-बिरंगे परिधानों में सजी-संवरी महिलाओं की भीड़ तो अत्यधिक आकर्षक लगती है। बच्चों और बुजुर्गों की भी भीड़ कम नहीं रहती। गौरीशंकर धाम मेले में पहले बिरादरी के लोग इकट्ठे होते थे। कुशल क्षेम के अलावां शादी-विवाह की भी बातें होती थी। इस दौरान कुछ शादियां तक भी हो जाती थी। प्रेम-व्यवहार एवं भाईचारा का भाव स्पष्ट रूप से दिखता था। लोग अपनी बिरादरी के सम्मानित बड़े बुजुर्गों की बात मानते थे। आसपास के गांवों में स्थित अपनी रिश्तेदारी में लोग रुकते थे। इसकी तैयारी पहले से ही पूरी कर ली जाती थी। शादी के पूर्व क्षेत्र के लोग माँ पार्वती के चरणों में सिन्दूर चढ़ाकर उसी का प्रयोग शादी की रस्म के समय करना एक रिवाज सा बन गया है।

## भगवान परशुराम ने अन्याय के विरोध का दिया संदेश : कुन्दन



**आजमगढ़।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव चंद्रमा ऋषि आश्रम सिलनी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा, ब्राह्मण एकता परिषद, परशुराम सेना इत्यादि संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर में स्थापित परशुराम जी की प्रतिमा का वैदिक रीति से पूजन कर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन ने कहा कि भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम ने अन्याय का विरोध करने का संदेश दिया। वे पराक्रम के कारक, सत्य के धारक और योग, नीति व धनुर्विद्या के पारंगत हैं। उन्होंने विधर्मी सहस्त्रार्जुन सहित अनेक नास्तिक राजाओं का वध करके समाज में व्याप्त असुरक्षा, आतंक और भय को समाप्त कर धर्म की स्थापना की थी। ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय कुमार पांडेय सरस और प्रदेश अध्यक्ष ने परशुराम जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान तपस्वी परशुराम जी चिरंजीवी हैं। त्रेतायुग में श्रीराम को शारंग धनुष और द्वापर में श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उन्होंने ही दिया था। एकता परिषद के विशाल उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। आश्रम के महंत बमबम गिरि की देखरेख में पं. श्रीराम मिश्र व अन्य विद्वान ब्राह्मणों ने विधिवत पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर भाजपा नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू, आर.पी. राय, ब्राह्मण सभा के प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, परशुराम सेना के अध्यक्ष संजय दुबे, बंशीधर पाठक, डा. एच.एन. पाठक, महंत संजय पांडेय, अजय पांडेय, दिलीप मिश्रा, अश्विन दुबे, सुनीता उपाध्याय, रागिनी तिवारी, सुरेन्द्र पाठक, बलराम तिवारी, घनश्याम पाण्डेय, सच्चिदानंद पांडेय, रविन्द्र चैबे, राकेश तिवारी, अखिलेश तिवारी, पुनीत उपाध्याय, दामोदर चैबे, गंगाशंकर मिश्रा, सुभाष तिवारी, सूर्यप्रकाश मिश्रा, राकेश कुमार राय, अश्विन त्रिपाठी, शैलेष राय, गुलाब राय, सुधाकर पाठक, सजन राय, आदि मौजूद रहे।

## जर्जर सड़क से त्रस्त ग्रामीणों का प्रदर्शन



**जौनपुर।** सुरेरी क्षेत्र के पृथ्वीपुर से नूरपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग अपनी बदहाली के कारण लोगों के गुस्से का कारण बन गया। जर्जर सड़क से त्रस्त ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग लंबे समय से पूरी तरह उखड़ चुका है। जगह-जगह गड्ढों में तब्दील सड़क न केवल आवागमन में बाधा बन रही है, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रही है। स्कूली बच्चों, मरीजों और राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बरसात के मौसम में हालात और भयावह हो जाते हैं, जब सड़क पर चलना तक मुश्किल हो जाता है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान न होने से नाराज ग्रामीणों का सब्र रविवार को जवाब दे गया। नूरपुर गांव निवासी त्रिलोकी प्रजापति के नेतृत्व में धनंजय मौर्य, सुक्खु, कन्हैयालाल, लालजी, त्रिलोकी नाथ, लाला यादव, रामसूरत, रामकिशन, बाबा, रामचंद्र दुबे, बबलू यादव, विनोद पांडे, अरविंद पांडे समेत दर्जनों लोग सड़क पर उतर आए और विरोध जताया। काफी देर तक चले इस प्रदर्शन के चलते आवागमन भी प्रभावित रहा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता के बाद मामला शांत हुआ और प्रदर्शन समाप्त किया गया। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता (जेई) इंजीनियर पुरेन्द्र निगम ने बताया कि सड़क की जर्जर स्थिति की जानकारी थी। उक्त मार्ग स्वीकृति होकर निविदा प्रक्रिया में है जल्द ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# राहुल गांधी की तस्वीर पर कालिख-चप्पल मारने का मामला, कांग्रेसियों ने दी तहरीर

**सोनभद्र।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तस्वीर पर कालिख पोतने और चप्पल मारने की घटना पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक शिष्टाचार के विरुद्ध और लोकतांत्रिक मूल्यों का घोर अपमान बताया।

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी, सोनभद्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में लिखित तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। शिकायत पत्र महिला कांग्रेस की अध्यक्षा ऊषा चौबे के लेटरहेड पर प्रस्तुत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज गोंड ने कहा कि इस प्रकार की ओछी एवं असंवैधानिक राजनीति को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो 22 अप्रैल को



कांग्रेस पार्टी पूरे जिले में भाजपा सरकार के खिलाफ शवयात्रा निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने इसे लोकतंत्र और राजनीतिक मयार्दा पर सीधा हमला बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की। जिला उपाध्यक्ष संगीता श्रीवास्तव ने भाजपा महिला मोर्चा की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं के नाम पर राजनीति करने वाला संगठन इस प्रकार की अमर्यादित हरकत कर समाज में गलत संदेश दे रहा है। उन्होंने चिंता जताई कि उक्त प्रदर्शन में एक मेडिकल कॉलेज की छात्राएं अपने गणवेश में शामिल रहीं, जो अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने संबंधित शिक्षण संस्थान की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष हाजी फरीद, नि.प्रदेश सचिव जितेंद्र कुमार पासवान, पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सेतराम केशरी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शशांक मिश्रा, शांति विश्वकर्मा, बृजेश तिवारी, आरटीआई जिला अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, रामेश्वर यादव, दयाशंकर पांडे, शारद पनिका, ज्यूत मौर्या, बेबी सिंह, ऊषा सिंह, आशीष सिंह, पंकज मिश्रा, बाबूलाल पनिका आदि मौजूद रहे।

## माफिया गिरोह से जुड़ी करोड़ों की अवैध संपत्ति कुर्क

**आजमगढ़।** जनपद के थाना जहानागंज क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत माफिया गिरोह से जुड़ी करोड़ों की अवैध संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपराधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत अभियुक्त संजय यादव की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया गया। कुर्क की गई संपत्ति का सर्किल रेट 1 करोड़ 91 लाख 42 हजार 767 रुपये आंका गया है, जबकि वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 6 करोड़ 20 लाख रुपये बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, यह संपत्ति प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया ध्रुव सिंह उर्फ कुन्टू सिंह के गैंग से जुड़े संजय यादव द्वारा आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धन से खरीदी गई थी। कुल 4 गाटों में फैली 0.636 हेक्टेयर जमीन जिगरसण्डी और अनेई गांव (तहसील सदर, आजमगढ़) में स्थित है, जिसे अभियुक्त ने अपने परिजनों के नाम पर खरीदा था और उस पर मकान बनाकर रह रहा था। इस मामले में थाना जहानागंज में वर्ष 2023 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी विवेचना के आधार पर कुर्की की कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन द्वारा 16 अप्रैल 2026 को आदेश जारी किया गया था, जिसके अनुपालन में 19 अप्रैल 2026 को मौके पर पहुंचकर टीम ने संपत्ति को कुर्क कराया। कुर्की की इस कार्रवाई में तहसीलदार विवेकानन्द दूबे, क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल, थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा सहित राजस्व व पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माफिया और अपराधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों पर सख्त प्रहार किया जा सके।

## केंद्रीय ब्राह्मण महासभा ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव



- हवन-पूजन कर न्याय व साहस के प्रतीक को किया नमन

**सोनभद्र।** केन्द्रीय ब्राह्मण महासभा, सोनभद्र के तत्वावधान में रविवार को बभनौली कालोनी, नियर चण्डी तिराहा, राबर्ट्सगंज स्थित कार्यालय में परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष संजय मिश्रा की अगुवाई में संपन्न हुआ।

वैशाख शुक्ल तृतीया अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम आठ चिरंजीवियों में से एक हैं और न्याय, साहस व धर्म के प्रतीक हैं। ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के घर जन्मे परशुराम जी को भगवान शिव से प्राप्त ह्यफरसाह्ल धारण करने के कारण विशेष महत्व है। इस दिन उनकी पूजा से जीवन में आत्मविश्वास और साहस बढ़ता है।

कार्यक्रम में हवन-पूजन कर परशुराम जी के पराक्रम और शिक्षाओं का स्मरण किया गया। अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि अक्षय तृतीया के साथ पड़ने वाला यह पावन दिन नई शुरुआत और दान-पुण्य के लिए अत्यंत शुभ है। इस मौके पर गजेंद्र दीक्षित, संदीप मिश्रा, मोहर देव पाण्डेय, विवेक कुमार पाण्डेय, रवि तिवारी, विमलेश कुमार तिवारी, संगम पाण्डेय, आलोक पति तिवारी, एस.एन. दुबे, राजू दुबे, अजय दुबे, वैभव दीक्षित, चंद्रकांत मिश्रा, रवि पाण्डेय, अमित मिश्रा, विक्की पाठक, शैलेन्द्र मिश्रा, सुनील चाँबे, मुनि महेश शुक्ल, शिव प्रकाश पाण्डेय, तारा, पंकज देव पाण्डेय, सोनभद्र बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव (प्रकाशन) विवेक कुमार पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, प्रफुल्ल तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अचेतावस्था में मिले अज्ञात की हुई मौत, पहचान कराने में जुटी पुलिस

**लालगंज, मीरजापुर।** क्षेत्र के वाराणसी-रीवा हाईवे पर स्थित बस्तरा पांडेय गांव के पास सड़क किनारे शनिवार को सुबह पांच बजे अचेतावस्था में मिले अज्ञात 35 वर्षीय युवक की मंडलीय अस्पताल में मृत्यु हो गई। अज्ञात शव के शिनाख्त हेतु मंडलीय अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। शिनाख्त नहीं हो पाई है। लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा नेशनल हाईवे फोरलेन पर बस्तरा पांडेय गांव में स्थित सड़क के किनारे अचेतावस्था में अज्ञात युवक को देख स्थानीय ग्रामीण व राहगीरों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया, जहां पर लावारिस युवक की प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस 108 मंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां पर दौरान उपचार युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव के पहचान हेतु नियमानुसार अंगूषठ छाप कराया गया। सामान्य कद काठी सांवले रंग का उम्र करीब 35 वर्षीय युवक का पहनावा कत्थई कलर का शर्ट और मैरून कलर का कछा तथा लाल रंग का एक गमछा लपेटा हुआ है चेहरे पर हल्की दाढ़ी व मुछ है सर के बाल का कलर काला है। प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि बस्तरा पांडेय गांव में पेट्रोल पंप के 100 मीटर की दूरी पर हाईवे के किनारे अचेतावस्था में युवक मिला था जिसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। एंबुलेंस चालक के सूचना के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने लालगंज थाने को सूचना दिया। जिस पर अज्ञात युवक के शव को पोस्टमार्टम एवं शिनाख्त के लिए अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है।

## शिक्षा में समरसता और मानवीय मूल्यों की स्थापना पर हुई चर्चा

**आजमगढ़।** विश्वविद्यालय परिसर में अघोरदर्शनः शिक्षा में समरसता और मानवीय मूल्यों की स्थापना विषय पर एक भव्य राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्रीं कुण्ड वाराणसी के पीठाधीश्वर अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम रामजी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने संत का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि यदि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में संतों की वाणी तथा भारतीय मनीषा में निहित अघोरदर्शन के नैतिक सिद्धांतों को समाहित किया जाए, तो एक सभ्य, सुरक्षित और नैतिक समाज एवं राष्ट्र का निर्माण संभव है। अपने आशीर्वचन में अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम रामजी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि मानव के विवेक को जागृत कर उसे नैतिकता, प्रेम और मानव कल्याण के मार्ग पर अग्रसर करने का साधन है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से आए प्राचीन इतिहास के विद्वान डॉ. विकास सिंह ने अघोर परंपरा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में समरसता और मानवीय मूल्यों के संवर्धन के लिए इसके सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक हैं। गोरखपुर से आए प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रूप कुमार बनर्जी ने सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों के उन्मूलन हेतु शिक्षा संस्थानों में अघोर के मानव कल्याणकारी सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया। अघोरपीठ सदर शाखा के संरक्षक लालबहादुर सिंह एवं व्यवस्थापक प्रमोद कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनपद में मानव कल्याण की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। संचालन अंग्रेजी विभाग की डॉ. दीपिका अग्रवाल और डॉ. पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पीठाधीश्वर के दर्शन और आशीर्वचन के लिए पहुंचे।




## 108 विद्यार्थियों को साइकिल वितरण



**जौनपुर।** धर्मा देवी महाविद्यालय बेलपार, उटरू कला, बक्शा में समाजवादी एनजीओ द्वारा समारोह आयोजित कर 108 साइकिलों का वितरण छात्र छात्राओं को किया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य रहे। महाविद्यालय के प्रबंधक समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास यादव ने मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत कर साइकिल वितरण किया। मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं में साइकिल वितरण से शिक्षा की राह आसान बनेगी दूर दराज से पैदल आने वाले बच्चों के लिए साइकिल मिलने से सफर आसान होगा जिससे पढ़ाई पर मन केंद्रित होगा। यह साइकिल केवल लोहे का ढांचा नहीं, बल्कि आपके सपनों को रफ्तार देने का एक माध्यम है। जैसे साइकिल को आगे बढ़ाने के लिए पैडल मारना पड़ता है, वैसे ही जीवन में सफल होने के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। साइकिल पाकर छात्र एवं छात्राओं के चेहरे खिल उठे। आयोजन में महाविद्यालय प्रशासन एवं रोहित यादव, मंगला यादव, सौरभ द्विवेदी, प्रदीप विश्वकर्मा, रविन्द्र मौर्य, अरुण यादव प्रधान ऊंटरुकला आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# जन्मोत्सव पर निकाली परशुराम की शोभायात्रा

**जौनपुर।** परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को सांय अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने एक विशाल शोभायात्रा निकाली। इसका आयोजन जिलाध्यक्ष रत्नाकर चैबे के नेतृत्व में किया गया। शोभायात्रा हरबसपुर शुक्ला मैरिज से शुरू होकर कुल्हना मऊ स्थित भगवान परशुराम के मंदिर तक गई। मंदिर में भगवान परशुराम का पूजन-अर्चन और मंगल दर्शन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चैबे ने भगवान परशुराम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम परम ब्रह्म परमेश्वर के छठे अवतार हैं, जिनका जन्म त्रेता युग में अक्षय तृतीया पर हुआ था। उनका मूल नाम राम था और शिव के आशीर्वाद से फरसा प्राप्त होने के बाद वे परशुराम कहलाए। उन्होने कहा कि भगवान परशुराम ने पृथ्वी से अत्याचारियों का संहार कर इसे मुक्त किया और भूदेव



की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने जौनपुर को जमदग्नि ऋषि की तपोभूमि बताते हुए कहा कि कुल्हना मऊ में स्थापित भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा जनपद को यह संदेश देती रहेगी कि अत्याचार बढ़ने पर उसका अंत होगा। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व प्रमुख बक्सा पंडित श्रीपति उपाध्याय, प्रदेश संरक्षक ज्ञान प्रकाश मिश्रा प्राचार्य, राष्ट्रीय सचिव अवध नारायण तिवारी, मंडल अध्यक्ष वाराणसी जयेंद्र शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष संजीव पाठक, जिला प्रभारी दीपक पांडे सहित अजय कुमार त्रिपाठी, धर्म दत्त उपाध्याय, राजेश उपाध्याय, कृष्णानन्द दुबे, सन्तोष पाठक, सुनील पाण्डेय, करूणाषंकर चैबे, अनुज मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, माला षुक्ला आदि बड़ी सख्यां में लोगों ने भागीदारी किया।

## सोमनाथ धाम भारत की आस्था व गौरव

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत प्रस्तावित सोमनाथ (गुजरात) यात्रा के क्रम में जनपद से विभिन क्षेत्र विधाओं के व्यक्तियों को डीएम डॉ० दिनेश चंद्र ने हर्षोल्लास के साथ रवाना किया। इस अवसर पर डीएम ने सभी तीर्थयात्रियों को माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर व मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाओं सहित यात्रा के लिए रवाना किया। ज्ञात हो कि इस यात्रा के अंतर्गत विभिन्न वर्गों महिलाओं, युवा, स्वयंसेवकों, किसानो, तकनीकी क्षेत्र के कर्मियों, वरिष्ठ नागरिकों, आध्यात्मिक संस्थाओं से जुड़े व्यक्तियों सहित अन्य सामाजिक समूहों से प्रतिनिधियों का चयन किया गया है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

## गुरु तेगबहादुर की तपोस्थली के पर्यटन विकास का शिलान्यास



**जौनपुर।** चाचकपुर मे स्थित गुरु तेज बहादुर साहेब तपोस्थली, का खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव जी द्वारा पर्यटन विकास का शिलान्यास किया। और साथ ही साथ चाचकपुर से गुरु तेज बहादुर साहब तपोस्थली तक जाने के सड़क मार्ग का भी शिलान्यास किया। तपोस्थली के पर्यटन विकास के लिए कुल रुपया 91.64 लाख आवंटन किए गए हैं, जिसे कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराया जाएगा, दूसरी परियोजना चाचकपुर (सिपाह) से गुरु तेज बहादुर साहब तपोस्थली तक सड़क मार्ग का निर्माण, जिसमें कुल लागत रुपया 64.73 लाख खर्च होंगे, जिसे कार्यकारी संस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जाएगा। एक हाल का निर्माण होगा बाउंड्री बनेगी, सुंदरीकरण होगा पेड़ पौधे लगेंगे और सोलर लाइट भी लगेगी, इसके अलावा बिजली विभाग द्वारा लाइट की भी व्यवस्था यहां की जाएगी, । अध्यक्षता सरदार कुलवंत सिंह छाबड़ा ने और संचालन सरदार जसविंदर सिंह ने किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, सारिका सोनी, मनीष श्रीवास्तव,

संक्षेप

## मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

ऊसराहार, इटावा। जमीन के विवाद मे हवन यज्ञ मे शामिल होकर लौट रहे वाइक सवार तीन लोगो को रास्ते मे रोककर मारपीट की गई वही दूसरे मामले मे घर मे घुसकर की गई मारपीट मे तीन लोग घायल हो गए।

भरथना थाना क्षेत्र के खानपुर निवासी तीन लोगों के साथ रविवार दोपहर उस समय मारपीट की घटना हो गई, जब वे रिश्तेदार के यहां हवन कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे।मारपीट मे जमीन का पुराना विवाद बताया गया है।राधेश्याम यादव उर्फ बाबाजी, शेरू और सुरेंद्र निवासी खानपुर, थाना भरथना अपने रिश्तेदार के गांव शिवरा थाना ऊसराहार में आयोजित हवन में शामिल होने गए थे।कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों लोग बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। वह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर पहुचा था उसी समय उनके गांव का ही एक व्यक्ति दो अज्ञात साथियों के साथ बाइक से आया और उनकी बाइक को घेर लिया।

# आरपीएफ ने 5 बांग्लादेशियों को ट्रेन में पकड़ा, दो को जेल भेजा

जिला संवाददाता

- म्यामार के रहने वाले सद्दाम व जाहिर शादी , मजदूरी कराने के लिए गुवाहाटी से कश्मीर ले जा रहे थे
- जिरादेई पहुंचने पर जनरल कोच में 02 नाबालिक लड़कियां, 01 नाबालिक लड़का व 02 वयस्क पुरुष संदिग्ध हालत में दिखाई दिये
- एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने द्वारा समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया

**देवरिया।** बताया गया है कि 16 अप्रैल की रात को अवध असम एक्स0 में रेलवे सुरक्षा बल को जनरल कोच में 03 नाबालिक बच्चे जिनमें 02 लड़कियां व 01 लड़के थे तथा साथ में 02 व्यक्ति वयस्क पुरुष संदिग्ध हालत में दिखाई दिये । पूछताछ में बच्चों द्वारा बताया गया कि सद्दाम हुसैन व जाहीर हुसैन जो फोराबाजार थाना मौन्डू रंगून म्यामांर के रहने वाले हैं के द्वारा हमलोंगों को शादी कराने/मजदूरी कराने के लिए गुवाहाटी से दिल्ली के रास्ते कश्मीर लेकर जा रहे हैं।ये बच्चे मूलतः म्यांमार के रहने वाले हैं परन्तु वर्तमान में बंगलादेश में रह रहे थे। उपरोक्त सभी को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना जनपद देवरिया को सुपुर्द किया गया था।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने द्वारा समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा विधिक कार्यवाही के क्रम में अभियुक्त सद्दाम हुसैन व जाहिर हुसैन को जिला कारागार देवरिया में दाखिल कराया गया। तथा नाबालिक लड़के को राजकीय बाल सुधार गृह गोरखपुर में व नाबालिक लड़कियों को बाल संप्रेक्षण नारी गृह जनपद बाराबंकी में दाखिल कराया गया।उक्त संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री सुनील कुमार सिंह ने बताया है कि 16 मार्च को हे0का0 अखिलेश यादव रेसुब /ट्रेन स्कोर्ट कम्पनी गोरखपुर (पूर्व) ,हे0का0 विमलेश कुमार व का0 शैलेश कुमार यादव की स्कोर्ट ड्यूटी गाडी संख्या 15909 में छपरा से गोरखपुर तक लगी थी। गाड़ी के जिरादेई पहुंचने पर जनरल कोच में 02 नाबालिक लड़कियां, 01 नाबालिक लड़का व 02 वयस्क पुरुष संदिग्ध हालत में दिखाई दिये ।

स्कोर्ट ड्यूटी में लगे उपरोक्त कर्मियों द्वारा पूछताछ करने पर नाबालिक लड़कियों व नाबालिक लड़का द्वारा बताया गया कि 02 व्यक्ति साथ में जिसका नाम सद्दाम हुसैन पुत्र नूर अहमद जिसकी उम्र 26 वर्ष व व 2.जाहीर हुसैन उर्फ जाहिद हुसैन उर्फ अयात तुसैन पुत्र सैयद हुसैन निवासी फोराबाजार थाना मंग्डू जिला रंगून म्यामांर हाल पता कच्छ बाजार बालू खाली कैम्प अटारा झोपड़ी बंगलादेश उम्र 38 वर्ष है, हमलोंग की शादी कराने/मजदूरी कराने के लिए गुवाहाटी से दिल्ली के रास्ते कश्मीर लेकर जा रहे है।

नाबालिक लड़कियों का नाम पता पूछने पर उनके द्वारा वर्मा, म्यांमार हाल पता कच्छ बाजार बालू खाली कैम्प अटारा झोपड़ी बंगलादेश का निवासी बताया गया । वयस्क व्यक्तियों द्वारा अपना नाम पता क्रमशः 1.सद्दाम हुसैन पुत्र नूर अहमद सा0 फोकीरा बाजार थाना मंग्डू जिला मंग्डू रंगून म्यांमार हाल पता ग्राम नूहू (सिद्दीक नगर) थाना सदर नूहू जिला नूहू हरियाणा उम्र 26 वर्ष व 2.जाहीर हुसैन उर्फ जाहिद हुसैन उर्फ अयात तुसैन पुत्र सैयद हुसैन निवासी फोराबाजार थाना मौन्डू, रंगून म्यामांर हाल पता कच्छ बाजार बालू खाली कैम्प अटारा झोपड़ी बंगलादेश उम्र 38 वर्ष बताया गया ।

नाबालिक लड़कियों द्वारा बताया गया कि सद्दाम हुसैन व जाहीर हुसैन उर्फ जाहिद हुसैन उर्फ अयात तुसैन द्वारा बांगलादेश बार्डर पार कराकर कश्मीर ले जाया जा रहा है ।उक्त पांचों को स्कोर्ट लगे सुरक्षाकर्मियों द्वारा ह्यूमन ट्रैफिंकिंग थाना जनपद देवरिया (अळ्ळ) पर लाकर सुपुर्द किया गया जिसके पश्चात थाना एएचटी टीम द्वारा पूछताछ किये जाने पर उपरोक्त बातें स्वीकार की गयी।

जिसके संबंध में थाना एएचटी जनपद देवरिया पर मु0अ0सं0-01/2026 धारा 143(3),143(4) बीएनएस व 14( ),14( ) विदेशियों विषयक अधिनियम 1946 का अभियोग पंजीकृत किया गया । तत्पश्चात थाना एएचटी जनपद देवरिया द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त सद्दाम हुसैन व जाहिर हुसैन उपरोक्त को जिला कारागार देवरिया में दाखिल कराया गया। तथा नाबालिक लड़के को गोरखपुर राजकीय बाल सुधार गृह में दाखिल कराया गया व नाबालिक लड़कियों को बाल संप्रेक्षण नारी गृह जनपद बाराबंकी में दाखिल कराया गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

सद्दाम हुसैन पुत्र नूर अहमद सा0 फोकीरा बाजार थाना मौन्डू, रंगून म्यांमार हाल पता ग्राम नूहू (सिद्दीक नगर ) थाना सदर नूहू जिला नूहू हरियाणा उम्र 26 वर्ष एवम जाहीर हुसैन उर्फ जाहिद हुसैन उर्फ अयात तुसैन पुत्र सैयद हुसैन निवासी फोराबाजार थाना मौन्डू, रंगून म्यामांर हाल पता कच्छ बाजार बालू खाली कैम्प अटारा झोपड़ी बंगलादेश उम्र 38 वर्ष है ।

## राष्ट्रीय सचिव के दौरे को लेकर कांग्रेस की बैठक



**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, सह प्रभारी उत्तर प्रदेश सत्यनारायण पटेल के आगमन को लेकर टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में तैयारी बैठकें और संगठनात्मक संवाद तेज हो गए हैं। आगामी गतिविधियों के संदर्भ में तैयारी जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कांग्रेस जनों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय सचिव के प्रवास को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की है। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए चर्चा की गई संगठन समीक्षा बैठक में बूथ मजबूती, जनसंपर्क अभियान, विचारधारा के प्रचार और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शाही, अब्दुल जब्बार, जुलेखा खातून, सुनील कुमार तिवारी, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद, जिला महासचिव आलोक त्रिपाठी राजन, शहनाज जफर, रीता देवी, रमेश चंद्र वर्मा,किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हरिहर त्रिपाठी, किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव विजय शंकर मिश्रा, जिला सचिव पन्नालाल पाठक, परमानंद प्रसाद, सोहन मिश्रा,रविन्द्र मल्ल,मुमताज अली, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धनंजय यादव, डॉ.संजय गुप्ता, अरुण कुमार श्रीवास्तव, निर्मला वर्मा,डॉ.सी.पी.चौहान, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव, प्रताप दीक्षित आदि मौजूद थे ।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**देवरिया।** अग्निशमन तथा आपात सेवा जनपद-देवरिया द्वारा 14 अप्रैल 2026 से 20 अप्रैल 2026 तक मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत स्कॉलर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राघवनगर, बीएन पब्लिक स्कूल, केडी पब्लिक स्कूल उमनागर, सेंट जेवियर्स स्कूल गौरीबाजार, सेंट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर, सेंट जेवियर्स स्कूल भाटपाररानी, एसबीटी पब्लिक स्कूल गौरीबाजार एवं आरएसएस अकैडमी सलेमपुर में ह्रसुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज–आग की रोकथाम के लिए एक साथह्न थीम पर निबंध लेखन एवं चार्ट मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई।इस दौरान विद्यार्थियों को गैस सिलेंडर एवं शॉर्ट-सर्किट से होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करते हुए आपातकालीन स्थिति में सतर्कता एवं सूझबूझ से कार्य करने के उपाय बताए गए।

बच्चों ने प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उत्कृष्ट रचनाओं का प्रदर्शन किया।मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी विशाल यादव एवं उनकी टीम द्वारा विद्यालयों में पहुंचकर अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई तथा उनका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया।

# देवरिया लोकसभा की मातृ शक्ति को आगे ले जाने का संकल्प अडिग

- परिवारवादी विपक्षी पार्टियों का महिला विरोधी इतिहास– शशांक मणि
- नारी शक्ति के अधिकार दिलाने के लिए अडिग सरकार
- विपक्षी दलों ने देश की महिलाओं से विश्वासघात किया :भारती शर्मा



**देवरिया ।** 131 वे संविधान संसोधन के तहत नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा से पारित नहीं होने पर, आज देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि ने प्रेस क्रॉन्फ्रेस के माध्यम से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत सभी विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। तीन दिवसीय विशेष सत्र से वापस अपने क्षेत्र देवरिया लौटने पर शशांक मणि ने विपक्षी दलों पर जनता को गुमराह करने और दोहरे चरित्र का आरोप लगाया।उन्होने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम हमारी मातृ शक्ति को विकसित भारत के संकल्पों से जोड़ने का रास्ता था, लेकिन विपक्ष ने सदन में संख्या बल से इसे कुचल दिया। विपक्षी दलों के इस कुचक्र से देश की आधी आबादी यानी लगभग 70 करोड़ मातृ शक्ति अपने अधिकार से वंचित रह गई।सांसद शशांक मणि ने अपने क्षेत्र की महिलाओं से विनम्र अपील करते हुए कहा कि देवरिया लोकसभा की 15 लाख मां, बहन, बेटियों को आश्वस्त कराना चाहता हूं कि हमारे प्रधानमंत्री जी इस बिल को लेकर प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में आपके लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लाएं, इसके लिए हमारी पार्टी पूर्ण रुप से संकल्पित है।दो दिन पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लोकसभा में सांसद शशांक मणि को सदन में बोलने का मौका दिया। अपने करीब 9 मिनट के स्पीच में शशांक मणि ने महिला शक्ति के योगदान को तर्क और इतिहास के साथ सदन के पटल पर रखा था।शशांक मणि ने देवरिया में उद्यमिता के माध्यम से स्वरोजगार से रोजगार देने वाली प्रतिभा प्रजापति का उदाहरण भी दिया ।अपने स्पीच में नारी शक्ति की उपेक्षा पर पिछली सरकारों पर भी निशाना साधा, उन्होने आज फिर दोहराते हुए कहा ये हमारी सभ्यता के लिए एक प्रमुख प्रेरक रही हैं, इनसे यह सुनिश्चित किया कि हमारी परंपरा नवाचारी और समावेशी दोनों बनी रहे, लेकिन औपनिवेशिक शक्तियों ने इन्हे पर्दे के पीछे ढकेल दिया, और दशकों तक दबाए रखा।स्वतंत्रता के 79 वर्ष बाद, महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाने की वही भावना इस विधेयक के माध्यम से पुनः स्थापित करने की कोशिश की गई, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इनके सहयोगी दलों ने महिलाओं को उसी दलदल में रखना उचित समझा ।शशांक मणि देश की मातृ शक्ति से अपील की सदन में विपक्षी दलों की महिला विरोधी नीति को भूलना नहीं चाहिए।

वहीं भारतीय जनता पार्टी देवरिया, महिला मोर्चा की अध्यक्ष भारती शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की महिला विरोधी नीतियों से देश अवगत हो चुका है।देवरिया की हमारी माताएं, बहने भी इनकी दोहरी मानसिकता को पहचान चुकी हैं।सत्ता में रहते हुए इन लोगों ने महिलाओं के हक से खिलवाड़ करते रहे अब विपक्ष में आने के बाद भी इनकी मानसिकता वही बनी हुई है। आने वाले समय में देवरिया समेत देश की महिलाएं इन्हे सबक सिखाएंगी।

## सड़क हादसे में तीन की मौत

मिर्जापुर।जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र में एक ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई।दुर्घटना मड़िहान थाना क्षेत्र के देवरी में शनिवार रात हुई।पुलिस क्षेत्राधिकारी मंजरी राव ने पत्रकारों को बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार वीरेंद्र कुमार (35), विजय कुमार (38) और राजेश (41) मिर्जापुर से मड़िहान की तरफ जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

## पिकअप वाहन से जनरेटर गिरने पर बाइक सवार मां-बेटे की मौत

**महराजगंज ।** जिले के निचलौल-सिसवा रोड पर एक पिकअप वाहन से सड़क पर अचानक जेनरेटर गिर जाने से मोटरसाइकिल सवार मां-बेटे की मौत हो गई। ठूठीबारी थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि शनिवार शाम एक पिकअप वाहन से जनरेटर अलग होकर सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार रमावती कुशवाहा (45) और उनका 18 वर्षीय बेटा लक्ष्मण कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस के अनुसार हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाई और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।मां-बेटे कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र स्थित सोहरवाना के निवासी थे।लक्ष्मण शनिवार शाम अपनी मां रमावती के साथ बाइक से महराजगंज के ठूठीबारी थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे।इसी दौरान निचलौल -सिसवा रोड पर यह हादसा हो गया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की विधिक कार्वाई की जाएगी।फिलहाल पिकअप चालक और वाहन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# सपा का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिला,न्याय दिलाने की मांग

जिला संवाददाता



देवरिया । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के आदेशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल आज जनपद देवरिया का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव जी ने किया।प्रतिनिधिमंडल ने सर्वप्रथम देवरिया जनपद के बरहज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर निवासी अधिवक्ता स्वर्गीय विजेन्द्र सिंह जी के निधन के बाद, शोक में डूबे परिवार से मिला। यहां पीड़ित परिवार को न्याय मिलने के बजाय 5 निर्दोष लोगों पर फर्जी एफआईआर दर्ज कर दी गई है। यहां फर्जी फसाए गए ग्राम प्रधान राजेश यादव के परिजनों से प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर संतावना दिया।तत्पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने देवरिया खास पहुँचकर देवरिया नगर पालिका द्वारा बनाया गया इंटरलॉकिंग रास्ता सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा बंद किए जाने पर पीड़ित लोगों से मिलकर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया।उसके बाद प्रतिनिधिमंडल देवरिया सदर विधानसभा के सोपरी बुजुर्ग पहुंचकर कुछ दिन पूर्व गोली मारकर हत्या कर दिए गए स्वर्गीय पप्पू यादव के परिजनों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा की समाजवादी पार्टी इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर हाल में उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। पीड़ित परिवारों को जल्द न्याय नहीं मिलता है तो समाजवादी पार्टी जनपद में बड़ा आंदोलन करने का काम करेगी।इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल में सर्वश्री लाल बिहारी यादव (नेता प्रतिपक्ष, विधान परिषद उ0प्र0), व्यास यादव (जिलाध्यक्ष), रमाशंकर राजभर (सांसद), रामभुआल निषाद (सांसद), श्रीमती कनकलता सिंह (पूर्व सांसद), धर्मेन्द्र सोलंकी (प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ), जे0पी0 जायसवाल (पूर्व सदस्य विधान परिषद), स्वामीनाथ यादव (पूर्व विधायक), आशुतोष उपाध्याय (पूर्व विधायक), मनबोध प्रसाद (पूर्व विधायक), अनुग्रह नारायण सिंह ह्यखोखा सिंहह्न (पूर्व विधायक), मनीष सिंह (प्रवक्ता), उदय प्रकाश यादव, गेनालाल यादव (विशेष आमंत्रित सदस्य), मुरली मनोहर जायसवाल (पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, बरहज), विजय रावत, रामबहादुर यादव (विधानसभा अध्यक्ष, बरहज), आफताब आलम (विधानसभा अध्यक्ष, देवरिया सदर) सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 23 अप्रैल को व्यापार मंडल करेगा प्रदेश व्यापी आंदोलन

इटावा। स्मार्ट मीटर योजना अब सुविधा नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन चुकी है। जिस तकनीक को पारदर्शिता और सुविधा के नाम पर लागू किया गया था, वही आज आम जनता के लिए आर्थिक और मानसिक बोझ बन गई है। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चैंकाने वाली बात यह है कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं को 1000 से 1500 तक एडवांस जमा रखने की सलाह दे रहा है। यह व्यवस्था सीधी-सीधी आम आदमी पर आर्थिक दबाव डालने जैसी प्रतीत होती है।

पहले जहां उपभोक्ता बिजली का उपयोग करने के बाद बिल चुकाते थे, वहीं अब बिना उपयोग के ही पैसे जमा करने की मजबूरी बना दी गई है।

## संदिधावस्था में फंदे से लटका मिला शव

भटनो (देवरिया) स्थानीय थाना क्षेत्र के जे डी उ मा वि रामपुर खुरहुरिया के पीछे पेड से लटकते शव को पुलिस किया बरामद। घटना की सूचना जंगल की आग की तरह पुरे क्षेत्र में फैल गयी ।क्षेत्रके दर्जनों गाँवों के लोगों की भीड आ गयी ।मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी ।इसी बीच युवक की पहचान सूरज राजभर पुत्रमधु राजभर ग्राम रामपुर खुरहुरिया थाना भटनी के रुप में हुई ।

बताया गया है कि सूरज राजभर अपने रिश्तेदार के घर भार्गव कोडरा रह कर किसी का ट्रैक्टर चलाता था ।शनिवार के सायंकाल किसी कार्य से बाईक से जा रहा था ।पीवकोल थाना कोतवाली सलेमपुर के पास एक बाईक से भिडन्त हो गयी जिससे एक युवक कोचोट लग गयी । जिससे बाद कुछ लोग मारपीट करने लगे ।काफी भीड जूट गयी ।मामले को गम्भीर देखते हुए सूरज के साथ वाले युवक वही उपचार कराकर अपना गला बचा लिया ।वे सभी घर आ गये ।लेकिन सूरज का कही पता परिजन नही लगा पाये ।परिजनों व साथ मे घटना के समय उपस्थित युवको ने दबी जुबान से बताया कि भीड के बीच से ही कुछ अपने साथ लेकर चले गये ।इस बात की चर्चा घटनास्थल पर ही लोग एक दुसरे से बयां कर रहे थे ।वही पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

मामला दो थाने के बीच हो गया है ।ऊधर परिजन हत्या की आशंका लगाते पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है ।शव बरामद तो भटनी थाने में हुआ है ।लेकिन पुलिस जहां से घटना की शुरूआत होती है तो पुलिस घटनास्थल वही हो जाता है ।पुरा मामला पुलिस के जाँच के घेरे में है ।सोमवार को तहरीर थाने मे.देंगे ।लिखे गये तहरीर मे कुल आठ लोगोपर हत्या करने का आरोप लगाया गया है ।जिसमें तींन नामजद व पाँच लोग अज्ञात को आरोपी बनाया गया है ।जो सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के एकही गाँव के निवासी बताये गये है ।घटना की सूचना पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## महिला आरक्षण विधेयक पास न होना नारी शक्ति के अधिकारों पर आघात

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** शुक्रवार को संसद में महिला आरक्षण से जुड़ा विधायी प्रयास आगे न बढ़ पाने पर कुशीनगर की महिला जनप्रतिनिधियों ने गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने इसे केवल एक विधेयक का रुकना नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी की उम्मीदों पर लगा विराम बताया।

कुशीनगर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती किरण राकेश जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में देश एक ऐतिहासिक बदलाव की ओर बढ़ रहा था। लेकिन राजनीतिक स्वार्थों ने इस प्रयास को रोक दिया।

ब्लॉक प्रमुख फाजिलनगर श्रीमती उर्मिला जायसवाल ने इसे महिलाओं की अधूरी उम्मीद बताते हुए कहा कि यह निर्णय उनके आत्मसम्मान को आहत करने वाला है। नगरपंचायत फाजिलनगर की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुनीता शाही ने इसे नारी शक्ति के अधिकारों के खिलाफ खड़ा एक संगठित अवरोध बताया और कहा कि इससे विपक्ष की मानसिकता स्पष्ट होती है। सभासद नगरपंचायत फाजिलनगर श्रीमती रेखा देवी ने कहा कि देश की महिलाएं इस घटनाक्रम को गहराई से महसूस कर रही हैं और यह आक्रोश आगे चलकर एक मजबूत जनशक्ति में बदलेगा।

सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह संघर्ष रुकेगा नहीं और महिलाएं अपने अधिकारों के लिए लगातार आवाज उठाती रहेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह प्रयास फिर जोर पकड़ेगा और महिलाओं को उनका अधिकार अवश्य मिलेगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शिवालयों में हुए भव्य आयोजन

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** जनपद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का भव्य संगम देखने को मिला। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जिला प्रशासन एवं संस्कृति विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न शिवालयों में विशेष आयोजन किए गए। इस दौरान मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ-साथ भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और सोमनाथ यात्रा के गौरवशाली इतिहास से जुड़ी बुकलेट्स का वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य कड़ी में कसया नगर स्थित प्राचीन श्रीनाथ जी शिव मंदिर पर नगरपालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्षा किरन राकेश जायसवाल, उनके प्रतिनिधि राकेश जायसवाल एवं उपजिलाधिकारी कसया संतराज सिंह बघेल संस्कृति विभाग के तरुण शुक्ला व सभासद राजेश मद्धेशिया द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन किया गया। यहाँ सुनील मिश्रा दिनेश तिवारी भोजपुरिया एवं उनकी टीम ने अपनी सुरीली आवाज में शिव भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसी क्रम में बिड़ला शिव मंदिर कुशीनगर में तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह एवं तरुण शुक्ला की उपस्थिति में पूजन संपन्न हुआ, जहाँ अतुल कुमार भारती द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। जनपद के अन्य हिस्सों में भी इस पर्व की धूम रही। कुबेरस्थान शिव मंदिर में सुनील संगम, करहिया शिव मंदिर (नर्सर) में सुनील मिश्रा और रामकोला के अमवा मंदिर में भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। तमकुहीराज तहसील के शिव सरया मंदिर, तमकुही राज मंदिर एवं बगही शिव मंदिर (पटहेरवा) में राधेश्याम त्यागी की टोली ने भजनों के माध्यम से शिव महिमा का गुणगान किया। फाजिलनगर स्थित शिव मंदिर में भी सुनील मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

नगर क्षेत्र पडरौना में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री विनय जायसवाल जी के नेतृत्व में स्थानीय शिव मंदिर में विशाल भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए लखनऊ में आयोजित मुख्य राजकीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से आम जनता को दिखाया गया, जिससे लोग घर बैठे इस उत्सव की भव्यता के साक्षी बने। इस पूरे अभियान को सफल बनाने में संस्कृति विभाग से धीरेंद्र कुमार मिश्र, हिमांशु प्रजापति तथा राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि, मार्कण्डेय मणि और लेखपाल निलेश रंजन राव, नंदलाल पाठक, शैलेंद्र दुबे, सुनील यादव, गौरव प्रताप सिंह एवं राजन मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजनों में सभी मंदिरों के महंत, पुजारी और भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

## भौतिकवादी जीवन से अध्यात्म का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता: मानस मंदाकिनी



**कुबेरस्थान, कुशीनगर।** मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है।शास्त्रों में कहा गया है कि 84 लाख योनियों के बाद यह अमूल्य मानव शरीर प्राप्त होता है। यह केवल खाने-पीने, सोने और भौतिक सुखों एवं सुविधाओं में लिप्त रहने के लिए नहीं है, बल्कि ईश्वर की भक्ति और आत्मा के उत्थान के लिए मिला है। भौतिक जीवन से आध्यात्म का मार्ग कभी प्रशस्त नहीं हो सकता।रविवार को कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचिका मानस मंदाकिनी ने आगे कहा कि आज का मनुष्य धन, पद,प्रतिष्ठा और सुख-सुविधाओं के पीछे इतना भाग रहा है कि वह अपने वास्तविक उद्देश्य को भूल चुका है। भोग-विलास क्षणिक सुख देते हैं, लेकिन अंत में दुःख और अशांति ही प्रदान करते हैं।भगवान का भजन, सत्संग, दान, त्याग, परसेवा और सच्चे कर्म ही मनुष्य को सच्ची शांति और मोक्ष की ओर ले जा सकते हैं।जब हम अपने जीवन को ईश्वर के समक्ष समर्पित करते हैं,तभी जीवन सार्थक बनता है। उन्होंने एक राजा की कथा का जिक्र करते हुए बताया कि एक राजा था,जिसके पास अपार धन-दौलत और ऐश्वर्य था।फिर भी उसके मन में शांति नहीं थी।एक दिन उसने एक संत से पूछा मेरे पास सब कुछ है फिर भी मैं अशांत क्यों हूँ ?ह्न संत ने उत्तर दिया हे !राजन आपने संसार को तो अपना लिया लेकिन भगवान को नहीं।

जब तक मनुष्य भजन और भक्ति में नहीं जुड़ता, तब तक उसे सच्ची शांति नहीं मिल सकती। राजा ने संत के वचनों को अपनाया और धीरे-धीरे भक्ति मार्ग पर चलने लगा। अंततः उसे वह शांति प्राप्त हुई, जिसकी वह वर्षों से तलाश कर रहा था। याद रखें भगवत भजन बिना जीवन अधूरा है। इस कलयुग भक्ति ही आपकी शक्ति है।इस दौरान अशोक सिंह, उमेश सिंह, ध्रुवनारायण सिंह, दिनेश सिंह, प्रभुनाथ मिश्र, जितेंद्र यादव, पवन सिंह, बेचू सिंह, प्रवीण सिंह, रमाशंकर सिंह आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महंगाई बढ़ने की आशंका

मध्यपूर्व युद्ध के कारण देश में महंगाई बढ़ने की आशंका बढ़ती जा रही है। युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर तेल, गैस, उर्वरक और अन्य महत्वपूर्ण चीजों की आपूर्ति एवं उत्पादन में जो बाधाएं पैदा हुई हैं, उसका साइड इफेक्ट अभी अर्थव्यवस्था पर पूरी तरह से आना बाकी है। संभवतः इसीलिए आरबीआई ने मौद्रिक नीति समीक्षा में बहुत ही सतर्क रुख अख्तियार किया और नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया। रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने बुधवार को नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। नये वित्त वर्ष में यह समिति की पहली बैठक थी। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम के बाद पश्चिम एशिया संकट की गहनता भले ही कम हुई है लेकिन अनिश्चितता बरकरार है और ऐसे में मौद्रिक नीति समिति द्वारा नीति को समायोजित करने के पहले कुछ और स्पष्टता की प्रतीक्षा करना सही निर्णय है। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि जहां जिंस कीमतों में उछाल खासकर कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी के कारण आने वाले महीनों में महंगाई बढ़ सकती है, वहीं जंग की शुरूआत के पहले खुदरा मुद्रास्फीति की दर अपेक्षाकृत कम थी और उल्लेखनीय नीतिगत राहत प्रदान कर रही थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी और फरवरी में क्रमशः 2.7 और 3.2 फीसदी रही। यह देखना अहम होगा कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम कायम रहता है या नहीं, और क्या यह संकट का स्थायी समाधान खोजने के लिए पर्याप्त होगा। यदि दोनों पक्ष समाधान खोजने में विफल रहते हैं और युद्ध फिर से शुरू होता है, तो दोबारा संवाद आरंभ होने में बहुत वक्त लगेगा। होर्मुज स्ट्रेट में किस हद तक



और किन शर्तों पर आवाजाही बहाल होती है यह भी देखना होगा। माना जा रहा है कि युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त तेल और गैस सुविधाओं को फिर से काम करना शुरू करने में कुछ समय लगेगा। फिर भी, युद्धविराम ने तेल की कीमतों को कम करने और शेयर व बॉन्ड की कीमतों को बढ़ाने में मदद की है। इससे मुद्रा बाजार में आवश्यक स्थिरता लाने में भी मदद मिलेगी। आने वाले दिनों में वित्तीय बाजार की दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि कूटनीतिक प्रयास किस तरह आगे बढ़ते हैं। इस अनिश्चित माहौल में अर्थव्यवस्था के आकलन की बात करें तो रिजर्व बैंक ने 2026-27 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर को अनुमानतः 6.9 फीसदी रखा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के दूसरे अग्रिम अनुमान ने 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.6 फीसदी बताई थी। इस प्रकार वर्तमान में वृद्धि के अपेक्षाकृत धीमा रहने की उम्मीद है। आंशिक रूप से देखें तो ऐसा बाहरी अनिश्चितताओं के काराण होगा। निजी क्षेत्र के एक पूवार्नुमानकर्ता के मुताबिक इस वर्ष मॉनसून सामान्य से कम रह सकता है। इससे वृद्धि और मुद्रास्फीति के परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर, रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि 2026-27 में दर औसतन 4.6 फीसदी रहेगी, जिसमें तीसरी तिमाही के दौरान सबसे अधिक दर 5.2 फीसदी होगी। ये पूवार्नुमान पश्चिम एशिया के घटनाक्रम के आधार पर काफी बदल सकते हैं। जैसा कि मौद्रिक नीति रिपोर्ट में दिखाया गया है, रिजर्व बैंक का कच्चे तेल की कीमतों के लिए आधारभूत अनुमान वित्तीय वर्ष के लिए औसतन 85 डॉलर प्रति बैरल है। अगर जंग दोबारा शुरू हुई तो यह बहुत अधिक बढ़ सकता है। यदि ये पूवार्नुमान सही साबित होते हैं, तो नीतिगत ब्याज दर पूरे वर्ष वर्तमान स्तर पर बनी रहेगी। दिलचस्प बात यह है कि रिजर्व बैंक ने अब मुख्य मुद्रास्फीति दर को भी अनुमान देना शुरू किया है, जो वर्ष के दौरान औसतन 4.4 फीसदी रहने की उम्मीद है। इस अतिरिक्त जानकारी का समावेश स्वागत योग्य है। बहरहाल एक ऐसी स्थिति में जब भू-राजनीतिक स्थितियां पूरी तरह से अस्थिर और अस्पष्ट हैं, तब आरबीआई का सतर्क रुख ही सही है।

### विचार

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

-महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

-वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ-प्रदर्शन करता है।

-गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

-स्वामी विवेकानन्द.

# युद्ध से धीमी पड़ सकती है अर्थव्यवस्था


मनोज बाजपेयी

> युद्ध के पहले भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन युद्ध के कारण रुपये का अवमूल्यन हुआ और इस कारण हमारी अर्थव्यवस्था फिसल कर छठवें नंबर पर आ गयी। जापान और इंग्लैंड जो भारत से पीछे थे, वे आगे निकल गये हैं।

साहिर लुधियानवी की युद्ध पर एक बहुत प्रसिद्ध नज़्म है, जो ऐसे समय बहुत ही प्रासांगिक है जब दुनिया में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। ''जंग तो खुद ही एक मसअला है, जंग क्या मसअलों का हल देगी, आग और खून आज बख्शेगी, भूक और एहतियाज कल देगी। इसलिए ऐ समझदार इंसानों, जंग टलती रहे, तो बेहतर है।'' साहिर लुधियानवी का यह शेर युद्ध के मानवीय पक्षों, युद्ध में होने वाली जनहानि और युद्ध के बाद भुखमरी, अभाव और व्यापक मानवीय त्रासदी की ओर इशारा करती है। युद्ध महाविनाश का कारण बनती है। इसके बावजूद अगर आज आधी दुनिया युद्ध के दायरे में है। रूस-यूक्रेन, इजराइल-लेबनान, गाजा, पाकिस्तान-अफगानिस्तान युद्ध में हैं। महाविनाशकारी मिडिल ईस्ट युद्ध फिलहाल आस्थायी विराम की अवधि में है, लेकिन यह अल्पकालिक शांति कभी भी युद्ध में तब्दील हो सकती है, ऐसी आशंका बनी हुई है। ऐसे में दुनिया का प्रत्येक शांति प्रेमी यही प्रार्थना कर रहा है कि अमरीका, इजराइल और इरान के बीच जो युद्धविराम 21 तारीख तक है, वह आगे बढ़े और सभी पक्ष मिल बैठकर इस मानवीय संकट का हल खोजें।

मध्य पूर्व में जो 39 दिनों तक युद्ध चला और युद्धरत अमरीका, इजराइल व ईरान ने एक दूसरे के ठिकानों पर बम-बारूदों की वर्षा की उससे सीधे प्रभावित देशों को कितना नुकसान हुआ इसका ठीक-ठाक आकलन करने में महीनों लगेंगे लेकिन अगर इस युद्ध से हजारों मील दूर भारत पर पड़ने वाले असर का विश्लेषण किया जाये, तो समझ में आयेगा कि हमने इस युद्ध में बहुत कुछ खोया है। युद्ध शुरू होने के पहले हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही थी और इसके आठ फीसद से भी ज्यादा विकास दर्ज करने की बात कही जा रही थी। लेकिन युद्ध के बाद देश की अर्थव्यवस्था डगमगाने लगी। युद्ध के पहले भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन युद्ध के कारण रुपये का अवमूल्यन हुआ और इस कारण हमारी अर्थव्यवस्था फिसल कर छठवें नंबर पर आ गयी। जापान और इंग्लैंड जो भारत से पीछे थे, वे आगे निकल गये। इसी तरह चालू खाते का घाटा तेजी




से बढ़ने लगा, देश में तेल, गैस और उर्वरकों का संकट गहराने लगा। मध्य पूर्व में काम कर रहे एक करोड़ के करीब भारतीयों का रोजगार संकट में पड़ गया। देश में करीब पांच-छह लाख होटल, रेस्तरां गैस की किल्लत से आंशिक बंदी की स्थिति में पहुंच गये। देश में महंगाई तेजी से बढ़ने लगी। अब अगर युद्ध का स्थायी विराम नहीं होता है और फिर से मिसाइलें आग उगलने लगीं, तो इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था संकट में पड़ जायेगी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारत सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले देशों में शामिल होगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में यह स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है कि भू-राजनीतिक तनावों की वजह से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता में इजाफा हो रहा है। आईएमएफ के पूवार्नुमानों पर पूरी दुनिया की नजर रहती है और इसमें विभिन्न परिदृश्य प्रस्तुत किए गये हैं।

**विमर्श**

आईएमएफ पूवार्नुमान के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था के 2026 में 3.1 फीसदी की दर से विस्तार करने की उम्मीद है, जो 2025 के 3.4 फीसदी की तुलना में धीमी है। वैश्विक समग्र मुद्रास्फीति दर 2026 में बढ़कर 4.4 फीसदी होने की संभावना है। आईएमएफ का कहना है कि अगर जंग नहीं होती तो वृद्धि पूवार्नुमानों में सुधार हो सकता था। विपरीत परिदृश्य में ईंधन कीमतों में बढ़ोत्तरी का अनुमान है जिससे 2026 में वैश्विक वृद्धि घटकर 2.5 फीसदी रह सकती है। अधिक गंभीर हालात में मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 5.4 फीसदी तक पहुंच सकती है। गंभीर हालात से तात्पर्य ऊर्जा संरचनाओं को और अधिक क्षति पहुंचने से है जिससे वैश्विक वृद्धि घटकर 2 फीसदी तक आ सकती है। ऐसे में समग्र मुद्रास्फीति 2027 तक 6 फीसदी के पार जा सकती है और यह स्थिति इतनी घातक होगी की तीसरी दुनिया के देशों की गरीब जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि करेगी। युद्ध और लगातार बने हुए भू-राजनीतिक तनावों का प्रभाव विभिन्न देशों में अलग-अलग हो सकता है।

ऊर्जा आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं पर इसका अधिक असर पड़ने की संभावना है। हालांकि भारत के लिए, जनवरी की तुलना में चालू वर्ष की वृद्धि दर का अनुमान 0.1 फीसदी अंक बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया है। इसमें पिछले वर्ष की मजबूत गति और इस तथ्य को ध्यान में रखा गया है कि अमेरिकी शुल्क भारतीय वस्तुओं पर काफी हद तक कम हो गये हैं। स्पष्ट है कि अगर युद्ध के बजाय शांति होती और तेल एवं गैस की कीमतें सामान्य होती, तो भारत की विकास दर में एक फीसद से भी ज्यादा इजाफा हो सकता था। बहरहाल, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि ये पूवार्नुमान पश्चिम एशिया की स्थिति पर निर्भर करते हुए तेजी से बदल सकते हैं। फिलहाल जो संकेत मिल रहे हैं कि इस्लामाबाद में पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद भी अमेरिका और ईरान बातचीत जारी रखने के इच्छुक हैं। यह बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि बातचीत किन परिस्थितियों में होती हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि स्थिति की जटिलता और दोनों पक्षों की घोषित स्थितियों को देखते हुए, एक स्थायी समाधान तक पहुंचने में लंबा वक्त लग सकता है। इस बीच, यह आवश्यक होगा कि क्षेत्र से ऊर्जा आपूर्ति बहाल हो जाये। अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर रही है। यद्यपि अमेरिका ने कहा है कि वह अन्य देशों के जहाज गुजरने देगा, लेकिन उसकी यह कार्रवाई वार्ताओं और ईरान की स्थिति को प्रभावित कर सकती है। तेजी से बदलती स्थिति को देखते हुए, किसी भी बात को निश्चित रूप से कहना कठिन है। इससे नीति-निर्माताओं और व्यवसायों के लिए निर्णय लेना जटिल हो जाता है, विशेषकर भारत जैसे देश में जो ऊर्जा आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, खासकर इस क्षेत्र से। वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि अभी तक मुद्रास्फीति के आंकड़ों में पूरी तरह परिलक्षित नहीं हुई है क्योंकि इसका सीमित असर हुआ है। मार्च के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर 3.4 फीसदी रही, जबकि पिछले महीने में यह 3.2 फीसदी थी। यह स्थिति पेट्रोल-डीजल की कीमतों में समायोजन के साथ काफी बदल सकती है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें आम तौर पर वृद्धि को कम करती हैं और मुद्रास्फीति को बढ़ाती हैं। अब अगर वर्तमान झटका, यदि बरकरार रहता है, तो ऊंची तेल कीमतों की स्थिति सामान्य अनुमान की तुलना में अधिक प्रभाव डाल सकती है।

भारत के लिए एक अतिरिक्त जटिलता यह है कि इस साल सामान्य से कमजोर मानसून की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि इस वर्ष मानसून सामान्य से कम रहेगा और दीर्घकालिक औसत का 92 फीसदी होगा। कृषि उत्पादन पर असर पड़ने से खाद्य मुद्रास्फीति दर भी बढ़ सकती है। यह स्थिति भविष्य की जटिलता की ओर इशारा करती हैं। इसलिए सरकार को भूराजनीतिक स्थितियां पर सतर्कता से नजर रखनी होगी और हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

सरदार वल्लभ भाई पटेलजी ने संकल्प लिया था कि सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार होगा, लेकिन इस मार्ग में बाधक बने देश के प्रथम पीएम जवाहर लाल नेहरू। सीएम योगी.



एक गरीब चायवाले को एल्युमीनियम का बर्तन प्रयोग करने पर सरकार और भाजपाइयों के गुर्गों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, क्या बड़े ब्रॉड के बर्तन रखने पर छापेमारी होगी। अखिलेश यादव.



बंगाल कभी संस्कृति, शिक्षा और उद्योग का केंद्र था, लेकिन आज टीएमसी राज में डर व असुरक्षा के माहौल में लोग जीने को मजबूर हैं। ममता राज में बंगाल बीमार है। राजनाथ सिंह.



# वैचारिक चेतना

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ्तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रोरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

अंतर्दृष्टि

# पिताजी के संस्कार...

व्यंग्यलोक

बचपन से ही मेरी चरित्रवान बनने की इच्छा थी। पिताजी ने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था यानि मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा-बेटा ! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा ! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विड्रा करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा ! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है-मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।


पूरन सरमा

# दिनोंदिन गंभीर होता जा रहा वैश्विक जल संकट


पर्यावरण

**लोकमित्र**

पानी की कमी से दुनियाभर के समुदायों के स्वास्थ्य और विकास को खतरा है, हमें इस बात को गंभीरता से समझना होगा- जो बाइडेन पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति। पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति की यह चिंता जायज है, मगर सवाल है क्या इस चिंता के लिए वे अपने देश को भी जिम्मेदार ठहराएंगे या इसके लिए बरती जाने वाली किफायत के दायरे में अपने देश को भी लाएंगे? ऐसा कभी नहीं होगा। जबकि हकीकत यह है कि दुनिया के मौजूदा जल संकट में सबसे बड़ी भूमिका दुनिया के विकसित और अमीर देशों की है, जिनमें अमरीका सबसे आगे है। इसे एक उदाहरण से समझते हैं। जहां अफ्रीका के करीब 27 देशों में वहां के लोगों को औसतन प्रतिदिन 10 लीटर भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, वहीं औसतन अमरीकी नागरिक प्रतिदिन 100 गैलन यानी 350 लीटर पानी का इस्तेमाल करता है। यह स्थिति तो तब है, जब पिछले एक दशक में अमरीकियों के पानी के इस्तेमाल में कुछ कमी आयी है वरना 90 के दशक में और इस सदी के शुरूआती दशक में भी औसतन अमरीकी 400 लीटर पानी प्रतिदिन इस्तेमाल करते थे। आज भी एक अमरीकी परिवार हर दिन औसतन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है यानी करीब हर दिन 1800 लीटर।

क्या पानी के इतने गैर जिम्मेदारी से इस्तेमाल के बावजूद अमरीकी राष्ट्रपति या वहां के किसी भी नेता को विश्व जल संकट पर इस कदर रस्मी आंसू बहाने की छूट होनी चाहिए? लेकिन आज की दुनिया की हकीकत यही है। दरअसल इंसान इतना चतुर हो गया है कि वह समस्याओं पर दिन-रात लंबे चौड़े खाके तो खींचता है, लेकिन इन परेशानियों को खत्म करने के लिए अपनी निजी भूमिका जरा भी नहीं अदा करता। ये लगभग वैसा ही है जैसे कि हर हिंदुस्तानी यह तो चाहता है कि भगत सिंह जैसे कुर्बानी की भावना से भरे राष्ट्रभक्त युवा हों, लेकिन हम यह नहीं चाहते कि भगत सिंह हमारे घर में पैदा हों। हम चाहते हैं, भगत सिंह पैदा तो हों, लेकिन पड़ोस में। दुनिया की ज्यादातर वैश्विक समस्याओं और उनके लिए खूब हाय-तौबा मचाए जाने का पूरा का पूरा रवैय्या कुछ इसी तरह का है। आज विश्व जल दिवस है (22 मार्च 2024)। पूरी दुनिया में जल संकट पर खूब रस्मी भाषण होंगे, चिंताएं व्यक्त की जाएंगी और सावधानियां सुझाई जाएंगी। लेकिन कोई ऐसा करने वाले दुनिया के बड़े बड़े नेताओं से पूछे कि वे यह सब उपदेश किसके लिए दे रहे हैं, क्या उन्हें या उनके देश को इन सब बातों पर खुद अमल नहीं करना चाहिए? अपने यहां तुलसीदास जी ने सदियों पहले लिख दिया है, 'पर उपदेश, कुशल बहुतेरे...।' दुनिया की किसी भी समस्या को लेकर आज इसी किस्म के पर उपदेश खूब दिए जा रहे हैं, लेकिन स्वयं उन पर अमल करना किसी को पसंद नहीं है। अगर जरा भी चिंता होती तो अमरीका और अफ्रीका में पीने के पानी को लेकर इस तरह का विकराल भेद नहीं होता कि एक अफ्रीकी परिवार को तो एक दिन में 5 गैलन पानी भी उपलब्ध न हो और एक अमरीकी परिवार हर दिन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करे? दरअसल दुनिया के एक नहीं ज्यादातर संकटों की यही कहानी है। एक अमरीकी हर दिन औसतन 8.2 मिनट नहाता है और लगभग 18 गैलन पानी खर्च कर देता है। 2005 में तो नहाने में औसतन अमरीकी 22 गैलन पानी खर्च किया करते थे, जबकि अमरीकियों की तुलना में दुनिया के दूसरे अमीर और विकसित देश, जो यह मानकर चलते हैं कि धरती के ज्यादातर संसाधनों का मनमानी से इस्तेमाल करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, ऐसे पश्चिमी देश भी अमरीका की मनमानी के सामने शरमा जाते हैं। क्योंकि जहां एक अमरीकी हर दिन करीब 100 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है, वहीं एक अंग्रेज बेचारा हर दिन महज 150 लीटर पानी से ही संतोष कर लेता है और एक जर्मन हर दिन 126 लीटर पानी कम से कम इस्तेमाल करता है। जबकि इन दिनों भारत के महानगरों में हर व्यक्ति के लिए औसतन प्रतिदिन महज 10 लीटर पीने का पानी उपलब्ध है और बंग्लुरु तथा चेन्नई जैसे जल संकट से घिरे महानगरों में आम लोगों को हर दिन पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। यह अकारण नहीं है कि इन दिनों बंग्लुरु के प्रशासन ने छोटे बच्चों के ही नहीं, बड़े शिक्षण संस्थानों को भी पानी के संकट के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया है और कई बड़ी कंपनियां जल संकट से घिरे होने के कारण अपने कर्मचारियों से वर्क फ्राम होम करने के लिए कह रहे हैं।

## आप की बात

### युवाओं में विकसित करें स्किल

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### स्वच्छ बनायें शहरों की हवा

केन्द्र सरकार ने श में वायु प्रदूषण की स्थिति क्या है यह हर जगह पता चल जाती है। महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। स्विस संगठन आईक्यूएआई आर की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश बताया गया है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान और पहले स्थान पर बांग्लादेश है। अर्थात दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत हैं। ये तीनों देश सात दशक पहले एक ही थे इसलिए यह कहा जा सकता है कि नगर नियोजन यातायात प्रबंधन, सड़कों के रखरखाव, लापरवाही और डस्ट की समस्या पर गंभीरता नहीं है। इसीलिए दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में बेंगूसराय सबसे ऊपर है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हालत भी बहुत खराब है। प्रदूषण की समस्या देश में बहुत जटिल है।

**सत्येन्द्र कुशवाहा, लखनऊ.**

संक्षेप

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा घायल

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद निवासी मनोज सेन पुत्र वनमाली सेन अपने बहनोई मथुरा प्रसाद सेन के साथ मोटर साइकिल से रिश्तेदारी में निमंत्रण देने ललितपुर आए थे। 19 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे जब दोनों मसौरा बैरियर के पास जिजयावन तिराहे पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक नंबर आर.जे. 32 जी 7684 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर गए, जिसमें मथुरा प्रसाद सेन के ऊपर ट्रक का पहिया चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मनोज सेन को शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित द्वारा बाद में दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125(बी) और 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आठवीं तक के स्कूलों का बदला समय

बांदा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सहित अन्य संगठनों की मांग व मौसम की विभीषिका को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यालयों का समय बदल दिया है। भीषण गर्मी के चलते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त आईसीएसई, सीबीएसई, अन्य बोर्ड से संचालित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में विद्यालय संचालन का समय 7:30 से अपराह्न 12:30 तक कर दिया गया है। उन्होंने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

## शराबी वार्ड ब्याय आचरणहीनता पर निलंबित

बांदा। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा पर कार्यरत वार्डबॉय ने शराब पीकर ड्यूटी करने, अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने कहा कि मरीज के उपचार एवं सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा पर कार्यरत वार्ड बॉय सुशील कुमार ने शराब पीकर ड्यूटी करने, अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए 10 अप्रैल को वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लिया। सुशील कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। इस पर सीएमओ ने सुशील कुमार को निलंबित कर दिया है।

## ऑनलाइन ठगी के 5 हजार रुपये कराये गये वापस

ललितपुर। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जाखलौन पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति के 5 हजार रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा एडीजी कानपुर जोन और डीआईजी झांसी परिक्षेत्र के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के तहत ग्राम पटौराखुर्द निवासी प्रेम सिंह पुत्र हनुमंत सिंह के साथ हुई वित्तीय ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई की गई। पीड़ित द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। थाना जाखलौन पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट एवं अन्य दस्तावेजों का तकनीकी विश्लेषण कर संबंधित बैंकों व वित्तीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया।

तत्पश्चात उचित माध्यम से संपर्क कर धोखाधड़ी की राशि को होल्ड कराया गया और नियमानुसार 5 हजार रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई।

राशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं जाखलौन पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की।

इस कार्यवाही में थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह, उपनिरीक्षक विनय कुमार, कांस्टेबल (ग्रेड-बी) विवेक राज मिश्र एवं कांस्टेबल अजयपाल सिंह शामिल रहे।

# गेवरागुंदेरा और बदनपुर जल योजना का निरीक्षण



जिला संवाददाता

ललितपुर। सरकार आपके द्वार-ग्राम संतृप्तिकरण अभियान के तहत झांसी मंडल आयुक्त एवं नोडल अधिकारी बिमल कुमार दुबे ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित बदनपुर ग्राम समूह पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संयोजन कराए जाएं। निरीक्षण के क्रम में मण्डलायुक्त ने ग्राम गेवरागुन्देरा का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। मौके पर जल आपूर्ति सुचारु पाई गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से जानकारी लेने पर बताया गया कि बारात घर व सचिवालय सहित गांव में पेयजल संयोजन उपलब्ध हैं। योजना के तहत 7.00 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 4 सीडब्ल्यूआर एवं 8 ओएचटी के माध्यम से 31 ग्रामों में 6972 घरों को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसके बाद मण्डलायुक्त ने ग्राम बदनपुर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया, जहां स्काडा प्रणाली संचालित पाई गई। लैब इंचार्ज ने बताया कि प्रतिदिन पांच पानी के नमूनों की जांच की जाती है। मण्डलायुक्त ने मौके पर सीडब्ल्यूआर से लिए गए पानी का परीक्षण भी कराया, जो मानकों के अनुरूप पाया गया। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दयाराम कुशवाहा से फीडबैक लेते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि सभी घरों में पेयजल कनेक्शन सुनिश्चित किए जाएं तथा खराब संयोजनों को तत्काल ठीक कर आपूर्ति बाधित न होने दी जाए। इस दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, सीडीओ शेषनाग चैहान, एडीएम नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति संजय मिश्रा, अधिशासी अभियंता उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) अवनीश सिंह, सहायक अभियंता संजीव मौर्या, जूनियर इंजीनियर चन्द्रशेखर कुशवाहा तथा कार्यदायी संस्था मेसर्स डारा इंजीनियरिंग प्रा.लि. के प्रोजेक्ट मैनेजर सुभाष विश्नोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण सम्मेलन में हवन-पूजन के साथ एकजुटता का दिया संदेश




जिला संवाददाता

बांदा। जिले में बड़े ही हर्षोल्लास से भगवान परशुराम की जन्मोत्सव मनाई गई। अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। शहर के आदर्श बजरंग इंटर कालेज में सम्मेलन का आयोजन हुआ। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अध्यक्षता करते हुए एकजुटता पर बल दिया।

राज कृष्णकांत तिवारी, संतोष द्विवेदी, राजेश दीक्षित आदि ने ब्राम्हण एकता पर विचार व्यक्त किए। बार संघ अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, महासचिव राजेश त्रिपाठी ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अक्षय तृतीया के अवसर पर अधिवक्ता संघ भवन में सुंदरकांड पाठ एवं हवन हुआ। युवाओं ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। बार संघ भवन में हवन-पूजन के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाया और धर्म की रक्षा की। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और संस्कार को जीवन में अपनाने का आहवान किया। भंडारे का आयोजन हुआ। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता कमिश्नरी महासचिव विनोद सिंह, प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, परशुराम त्रिपाठी, सीपी तिवारी, विजयबहादुर परिहार, सत्यदेव त्रिपाठी, ब्रजेश द्विवेदी, सुनील, राहुल तिवारी आदि मौजूद रहे। इसी तरह बिसंडा कस्बे के एक हाल में राज्यमंत्री गिरीश मिश्रा ने सभा को संबोधित कर समाज की एकजुटता पर बल दिया। जदयू कार्यालय में भी भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। इस दौरान जदयू महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विरासत के संरक्षण में न बरतें लापरवाही करें उनका संरक्षण: सोनाली



जिला संवाददाता

ललितपुर। इन्टैक ललितपुर चैप्टर के तत्वावधान में कला भवन में विरासत संरक्षण दिवस के अवसर पर विरासत चित्र प्रदर्शनी, विरासत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन के मुख्य आतिथ्य, बजाज समूह उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, इन्टैक

**● विरासत संरक्षण की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहा है इन्टैक: सन्तोष शर्मा**

ललितपुर चैप्टर संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं चित्रकार ओमप्रकाश बिरथरे के संयोजन में सम्पन्न हुआ। शुभारम्भ दीप प्रज्जवल एवं मां सरस्वती पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासतों के संग्रहण, संरक्षण को याद करने का दिन है, जिन्होंने विरासत को बनाया है, उन्हें हम तक पहुँचाया है, इन्हें संरक्षित करते हुये अगली पीढ़ी को सौंपने का कार्य हमें करना है। आज का दिन हम इस लिए मना रहे है कि हममें से अधिकांश अपनी विरासत को संरक्षण करने के प्रति लापरवाह होते जा रहे है, जिसके कारण देश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, जीवन शैली की विरासत को संरक्षित करने हेतु याद दिलाने के लिए हमें यह दिन मनाना पड़ रहा है। इंटैक संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा ने कहा कि ललितपुर में समृद्ध विरासत है, जिसका सुनियोजित तरीके से विकास कार्य किया जाये तो देश विदेश के सैलानी इन स्थलों पर आयेंगे, जिससे यहां युवाओं को प्रचुर मात्रा में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। विरासत स्थलों पर परिवहन, सड़क मार्ग, ठहरने एवं जलपान हेतु होटल एवं गाइडों की व्यवस्था तथा इन स्थलों को विकसित किया जाना आवश्यक है। कलाविद् ने बताया कि यूनेस्को ने 1982 में 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाने का निर्णय किया। चित्रकला एक विरासत है, आदिकाल एवं पाषाण काल में चित्रकला एवं मानव ने गुफाओं में रहना सीखा था, तभी से चित्रकला एक विरासत के रूप चली आ रही है। 2500 ई.पू. से महाराष्ट्र के आदिवासियों की वारली पेन्टिंग, जिसमें रेखा, त्रिभुज, वर्ग के माध्यम से दैनिक जीवन, प्रकृति, परम्पराओं को दशार्या गया है, आज भी हमारी बहुमूल्य विरासत का अंग बन गयी है। राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे जनपद में सर्वाधिक 278 धरोहर स्थल शामिल है, हमारी विरासत के रूप में श्रुति ज्ञान, एवं पारम्पारिक भी शामिल है, जिन्हें वाद में पाण्डुलिपियों में संग्रहीत एवं संरक्षित किया गया। इस दिवस मनाने की आवश्यकता इसलिए भी है कि हम अपनी देश की जीवनदायिनी विरासत वायु को भी शुद्ध रखने में विफल हो गये है। कई विरासतें तो प्रशासनिक कार्यवाहियों के कारण जमींदोज होती चली गयी, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण धामौनी का किला है, जहां प्रशासन के सागर चले जाने के कारण आज भुतहा शहर कहा जाने लगा है। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शांति मालवीय ने कहा कि हमे अपनी विरासत संरक्षण के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है, जब जब विरासत स्थलों को देखने जाये, वहां को विरासत को देखे एवं अनावश्यक उन्हें न छेड़े। गोविन्द नारायण ब्यास, विनोद त्रिपाठी, पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल डायमण्ड, महेश प्रसाद बिरथरे, तरूण जामकर, वैभव जैन, सार्थक सक्सेना, रमाकांत तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संचालन संस्कार भारती अध्यक्ष ब्रजमोहन संज्ञा ने किया।

## अंगदान कर दो लोगों को दी जिंदगी

इटावा। भरथना सिंधी कॉलोनी निवासी सुनील गनवानी का छत्तीसगढ़ के रायपुर में सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान निधन हो गया, लेकिन जाने से पहले उन्होंने दो लोगों को नई जिंदगी दे दी। परिवार ने कठिन समय में अंगदान का फैसला लिया, जिससे दो मरीजों का जीवन बच सका। इस घटना से जहां हर कोई भावुक है, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

भरथना के सिंधी कॉलोनी निवासी लक्ष्मणदास गनवानी के पुत्र सुनील गनवानी 26 मार्च को रायपुर में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में एम्स छत्तीसगढ़ में भर्ती कराया गया था। सिर में गहरी चोट लगने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और उनका मस्तिष्क धीरे-धीरे काम करना बंद कर गया।

कई दिनों तक वे लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रहे। ऐसे कठिन समय में भी परिवार ने हिम्मत दिखाते हुए अंगदान का फैसला लिया। डॉक्टरों की सलाह पर सुनील की दोनों किडनी दान करने की सहमति दी गई। इससे एक 24 वर्षीय युवक और 35 वर्षीय महिला, जो लंबे समय से डायलिसिस पर थे, को नई जिंदगी मिल सकी।

## ई-आफिस प्रणाली से अनजान तहसीलों के बाबू और राजस्व निरीक्षक आफिस

*बांदा* /शासन की मंशा के अनुरूप फाइलों की डंपिंग प्रणाली रोकने के लिये प्रदेश और जिले के आला अफसर भले ही मीटिंग, समीक्षा और प्रशिक्षण कर रहे हो लेकिन तहसीलों में स्थितियां इसके विपरीत हैं। यहां कार्यरत बहुत से बाबू जानते ही नहीं है कि ई-आफिस किस चिडियां का नाम है जो थोडा बहुत जानते हैं उनका कहना है कि जब अधिकारियों का दबाव आयेगा तो देखा जायेगा। अभी ऐसे ही कम चल रहा है, तो इसकी जरूरत क्या है। हालांकि ई आफिस व्यवस्था को लेकर मंडलायुक्त अजीत कुमार बेहद संजीदा हैं और वह लगातार इस व्यवस्था को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके बावजूद यह व्यवस्था तहसील व ब्लाक स्तर पर बेपटरी है।

तहसील बबेरू, पैलानी, नरैनी के दैवी आपदा बाबू के स्तर से निर्गत होने वाले पत्रों की संख्या ज्यादा रहती है। इसी तरह राजस्व निरीक्षकों आफिस के पटलों पर अभी तक उपजिलाधिकारी और तहसीलदार ई-आफिस की व्यवस्था लागू नहीं करा पायें है। तहसील के पटलों में कार्यरत बहुत से राजस्व निरीक्षकों की अभी तक ई-आफिस आईडी ही नहीं बनी है। ऐसी स्थिति में कार्य कहां से शुरू हो। राजस्व निरीक्षक संघ के जिला मंत्री कहते हैं कि अभी तक आफिस में कार्यरत राजस्व निरीक्षकों का लागिन जिले से नहीं बनाया गया है। न ही किसी प्रकार का प्रशिक्षण जिला स्तर से दिलाया गया है। तहसील बांदा के दैवी आपदा पटल का कार्य देख रहे छंगूराम, राजस्व निरीक्षक से इ-आफिस के बारे कुछ भी बता पाने में असमर्थ रहे। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजकुमार सोनी का कहना है कि तहसीलों में भी ई आफिस लागू कराने के लिये कार्यवाही करायी जा रही है। कलेक्ट्रेट के कुछ पटलों में ई-आफिस से कार्य शुरू हो गया है। जिसमें नगर मजिस्ट्रेट के बाबू ई आफिस से पत्र निर्गत करा रहे हैं किन्तु सबसे पीछे भूलेख अधिष्ठान है, जहां के बाबू ई-आफिस से यदा-कदा कार्य करके खानापूर्ति ही कर रहे है। जबकि भूलेख अधिष्ठान से शासन, राजस्व परिषद एवं तहसीलों को बडी संख्या में पत्राचार होता है।

## सम्प्रेक्षण गृह में 35 किशोरों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

ललितपुर। उच्च न्यायालय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी इलाहाबाद एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निदेर्शों के अनुपालन में शनिवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत एवं सीएमओ द्वारा नामित चिकित्सीय टीम के संयुक्त तत्वावधान में सम्प्रेक्षण गृह में रह रहे 35 किशोरों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ नशे एवं मादक पदार्थों के सेवन की संभावनाओं से संबंधित परीक्षण भी किए गए तथा किशोरों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सीय टीम ने किशोरों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह की स्वच्छता, खान-पान, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया।

अधिकारियों द्वारा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि किशोरों की बेहतर देखभाल एवं पुनर्वास के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

इस दौरान प्रभारी अधीक्षक रमेश, न्यायालय से रोहित राठौर, अनिल एवं चिकित्सीय टीम में डा.राजेश भारती, डा.पवन सूद, लैब टेक्नीशियन आशुतोष पटैरिया तथा साइकियाट्रिक नर्स रामचांदनी उपस्थित रहीं।

# परशुराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा




फतेहपुर। फतेहपुर में परशुराम जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा, पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया, अखिल भारत हिंदू महासभा के तत्वावधान में शनिवार को फतेहपुर में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को अपार उत्साह के साथ मनाया गया। रेणुका नंदन परशुराम की जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने शहरवासियों का मन मोह लिया। यह आयोजन द्विवेदी टावर, आईटीआई रोड पर पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता की अध्यक्षता में प्रारंभ होकर देर शाम तक चला। सर्व समाज के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, जो सनातन धर्म की एकता का प्रतीक बना शोभायात्रा और पूजन की भव्य शुरूआतसर्वप्रथम भगवान परशुराम के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रों के साथ आरती की गई। परशुराम स्वरूप में विराजमान रामबाबू द्विवेदी मयंक का विशेष स्वागत अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया, जो शहर की प्रमुख सड़कों से गुजरी। यात्रा में भगवान परशुराम की झांकी, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनें और नारे गूंजते रहे, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरूआत में मात्र 5 वर्ष की बालिका आर्य अग्रवाल ने संस्कृत भाषा में गीता, भागवत सहित लगभग 101 श्लोकों का पाठ कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उनकी मधुर वाणी ने उपस्थितजनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।परशुराम की गौरवगाथा पर विख्यात अभिनेता का मार्गदर्शनउद्बोधन सत्र में विख्यात परशुराम अभिनेता रामबाबू द्विवेदी मयंक ने सनातन धर्म और भगवान परशुराम की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि परशुराम ने सर्व समाज के कल्याण के लिए दक्षिण दिशा में सहयाद्रि पर्वत पर रहने वाले कोल-भील आदिवासीजनजाति, अनु, दुई, तरसतू, सरयाति आदि जातियों को तत्कालीन राजाओं के अत्याचारों से मुक्त कर सुसंस्कृत नागरिक बनाया। असम प्रांत को समतल करने हेतु हिमालय की पूर्वी शिखाओं को अपने फरसे से काटकर ब्रह्मपुत्र नदी का निर्माण किया, जिससे लोगों को जल संकट से मुक्ति मिली। उन्होंने सभी को परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।हिंदू महासभा नेता का महत्वपूर्ण संदेशकार्यक्रम का संचालन हिंदू महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने बखूबी किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहामहापुरुषों देवताओं और भगवान को जाति-भेदभाव से ऊपर रखना होगा। हम सबको एक सूत्र में बंधकर सनातन धर्म व हिंदुत्व का झंडा ऊंचा करें तथा देश के गौरव को बढ़ाएं।₹ अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने फतेहपुर के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।प्रमुख उपस्थितजन और समाजिक एकता का संदेशकार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामगोपाल शुक्ला, रामू शुक्ला, राम अनुज तिवारी, शशिकांत मिश्रा, गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, डॉ. प्रमोद पांडे, नवनिर्वाचित बार महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा, सभासद विनय तिवारी, अमित तिवारी ब्लॉक प्रमुख भिटौरा रिंकू सिंह लोहारी, सत्य भगवान गुप्ता, आशीष मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा श्रवण पांडे पथिक, अमित त्रिवेदी, नीटू मिश्रा, शिक्षक अनुराग मिश्रा, वीरेंद्र मणि त्रिपाठी एडवोकेट, संगीता गुप्ता, बेबी गुप्ता, काजल तिवारी, सुधा सिंह, संध्या शुक्ला आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### आज धूमधाम से मनाया जायेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

ललितपुर। ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव को इस वर्ष भी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में बुधवार को ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला गांधीनगर में स्वजातीय बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता अध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया ने की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम प्रकटोत्सव जयंती 20 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई तथा समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई। इस दौरान डा.एस.पी. पाठक, शिवनारायण संज्ञा, महेंद्र रावत, संतोष शर्मा, आत्माराम रिछारिया, बृजेश चतुवेर्दी, नरेंद्र कुमार चैबे, श्यामाकांत चैबे, पवन कुमार संज्ञा, ओमकार पाराशर, मदन मोहन शर्मा, पं. जगदीश पाठक, रमाकांत तिवारी, चंद्रशेखर दुबे, गोविंद व्यास, आचार्य सीताराम गोस्वामी, अरविंद संज्ञा, ओमप्रकाश किलेदार, शशिकांत तिवारी, हरीबाबू शर्मा, मनमोहन चैबे (पार्षद), प्रमोद बबेले, दीपक गोस्वामी, विनोद भोंडेले, बृजमोहन शर्मा, वेदप्रकाश लिटौरिया, रजनीश गिरी, डा.दीपक पस्तोर, बृजेश बबेले, अशोक कोकरआदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, भाई घायल

बांदा। अतर्रा कस्बा में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बिसंडा-ओरन रोड पर दशरथपुरवा गांव के पास हुई, जब तेरहवीं के निमंत्रण पर ननिहाल जा रहे दोनों भाइयों की बाइक एक डंपर से टकरा गई। घटना शनिवार देर शाम की है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के व्यासपुरवा निवासी 20 वर्षीय राजकुमार अपने चचेरे भाई 25 वर्षीय संदीप के साथ ग्राम पारा स्थित ननिहाल जा रहे थे। दशरथपुरवा के पास ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक आगे चल रहे डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा पहुंचाया। डाक्टर ने जांच के बाद राजकुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि संदीप का इलाज जारी है। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक राजकुमार के पिता जगरूप ने बताया कि उनका परिवार पंजाब में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। करीब एक महीने पहले ही वे गेहूं की कटाई के लिए गांव लौटे थे। राजकुमार तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत से मां जयंती सहित पूरे परिवार में गहरा दुख है। बिसंडा थाना प्रभारी राममोहन राय के अनुसार, यह हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ था। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

## ई रिक्शा की टक्कर, महिला की मौत, जेठानी घायल

बांदा। भरतकूप थाना क्षेत्र के ब्यूर में स्थित खेतो से अरहर कूट कर अपनी जेठानी के साथ अपने घर बघेलावारी तिराहे के पास बदौसा की तरफ से तेज गति आ रहे ई रिक्शा की टक्कर लगने से छतीस वर्षीय महिला की मौत हो गई। छोटे-छोटे बच्चों सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

फतेहगंज थाना क्षेत्र के बघेलवारी निवासी रामजस पटेल की 36 वर्षीय पत्नी रेनू अपनी जेठानी पुष्पा पटेल के साथ चित्रकूट जनपद के ब्यूर में स्थित खेतो की अरहर कूटने शुक्रवार को गई थी। शाम लगभग छह बजे वापस अपने घर आने के दौरान बघेलावारी तिराहे के लगभग पचास मीटर पहले बदौसा की तरफ से तेज गति आ रहे ई रिक्शे ने जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे पति सहित परिवारीजनों ने आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा लाये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद चिकित्सक ने घायल दोनों महिलाओ की नाजुक हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। महिला रेनू की गम्भीर हालत देखकर मेडिकल कालेज से भी चिकित्सक ने कानपुर रेफर कर दिया है। शनिवार की देर रात महिला ने दम तोड़ दिया। मेडिकल कालेज में मृतक महिला के पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव विच्छेदन के लिए मर्चरी हाउस भेजा गया। मृतका के पति ने बताया कि मेरी पत्नी के साथ मेरी भाभी पुष्पा को भी चोट लगने से हाथ मे फेक्चर हो गया है, जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है।

## पिस्टल के साथ भ्रमण कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार



बांदा। थाना गिरवां पुलिस को गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान ग्राम स्योढ़ा से एक आरोपी को अवैध पिस्टल व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना गिरवां पर अभियोग पंजीकृत करते हुए राज उर्फ राहुल पुत्र रामसिंह निवासी खानपुर थाना गिरवां न्यायालय भेजा गया है। यह जानकारी गौरव कुमार मिश्रा चैकी प्रभारी माँ विन्ध्यवासिनीधाम ने बताया।

## बांके बिहारी मंदिर में भव्य जलाभिषेक

फतेहपुर। सिद्ध पीठ श्री बांके बिहारी मंदिर में भव्य जलाभिषेक, भक्तों ने की भक्ति में लीनशांति नगर स्थित सिद्ध पीठ श्री बांके बिहारी मंदिर में से बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य जलाभिषेक एवं पूजन कार्यक्रमविधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य जजमान प्रदीप गर्ग एवं सुनीता गर्ग के नेतृत्व में आयोजित इस पावन अनुष्ठान ने मंदिर परिसर को भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग दिया। सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति ने धार्मिक एकता का सुंदर चित्र प्रस्तुत किया।जलाभिषेक की दिव्य शुरूआतकार्यक्रम की शुरूआत सरोवर से लाए गए पवित्र जल से हुई, जिसे प्रदीप गर्ग और सुनीता गर्ग ने पूरे विधि-विधान के साथ भगवान बांके बिहारी को अर्पित किया। वेदियों की स्थापना, कलश स्थापना और भगवान कामतानाथ बाबा का विधिवत पूजन-अर्चना कर दिव्य स्नान कराया गया। मंदिर परिसर में भक्ति भजनों और मंत्रोच्चारण की गूंज से वातावरण दिव्य हो गया।प्रमुख सहयोगियों का योगदानमुख्य जजमान प्रदीप गर्ग ने अपनी श्रद्धा और समर्पण से आयोजन को गरिमामय बनाया, जबकि सुनीता गर्ग ने महिलाओं को प्रेरित कर उत्साह बढ़ाया। पुरुष भक्तों में हरिओम रस्तोगी, मोनू रस्तोगी, सुशील मिश्रा एडवोकेट संजीव अग्रवाल, मनीष गुप्ता, मनीष मिश्रा, अभिनव यादव, बबलू गुप्ता, संजीव चौरसिया, अनिल सिंह, गौतम सरोज एवं मौर्य ने सक्रिय सहभागिता की। महिलाओं में कविता रस्तोगी, कल्पना सिंह, रीता सिंह, रश्मि अवस्थी एवं खुशी सैनी ने भक्ति का विशेष प्रदर्शन किया।समाजिक सद्भाव का संदेशयह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करने वाला था, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का प्रेरणादायक संदेश भी दे गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने सिद्ध पीठ की महत्ता को रेखांकित किया।

## प्रयागराज एक्सप्रेस में आग की आशंका से यात्रियों में हडकंप, आधा घंटा खड़ी रही ट्रेन

बांदा। खुरहंड स्टेशन के नजदीक प्रयागराज एक्सप्रेस (11801) के जनरल डिब्बे में अचानक धुआं फैलता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। डरे हुए यात्री अपना सामान लेकर ट्रेन से बाहर कूदने लगे। गनीमत रही कि किसी यात्री के द्वारा चेन पुलिंग करने पर ट्रेन स्टेशन से पहले रुक गई थी। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंचे खुरहंड रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों की जांच में शरारत की बात सामने आई है।रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे की है, जब प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन बांदा से खुरहंड स्टेशन पहुंच रही थी तभी स्टेशन आने के पहले जमरेही फाटक के पास ट्रेन के जनरल डिब्बे से धुआं निकल रहा था। जहां उठ रहे धुआं और आग की आशंका से यात्रियों में हड़कंप मच गया। डरे सहमे लोग जल्दबाजी में अपना सामान लेकर कोच से बाहर की ओर भागने लगे। यात्रियों को बोगी से सुरक्षित बाहर निकलने के बाद स्टेशन स्टाफ ने तत्काल डिब्बे की जांच शुरू की तब जनरल डिब्बे में कर्मचारियों ने पाया कि वहां न तो कोई आग लगी थी और न ही कोई तकनीकी खराबी थी। जांच में पता चला कि डिब्बे में कंजर जाति के सात-आठ व्यक्ति बैठे थे जिनके साथ बैठे किसी लड़के ने डिब्बे में लगे अग्निशामक यंत्र में जानबूझकर छेड़छाड़ की और सुरक्षा पिन को खोल दिया जिससे अग्निशामक यंत्र से डिब्बे में चारों तरफ धुआं फैल गया और यात्रियों को लगा कि ट्रेन में आग लग गई। जांच के करीब 30 मिनट बाद ट्रेन अपने गंतव्य की तरफ रवाना हुई।

## गाजीपुर के हत्याकांड में न्याय की मांग तेज

ललितपुर। गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर कटरिया गांव में युवती के साथ हुए कथित दुष्कर्म एवं हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के विरोध में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज ने अध्यक्ष विजय डयोडिया के नेतृत्व में प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई है। समाज अध्यक्ष विजय सोनी ड्योडिया के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि 18 अप्रैल 2026 को सियाराम विश्वकर्मा की पुत्री निशा विश्वकर्मा के साथ अज्ञात आरोपियों द्वारा पहले दुष्कर्म किया गया और बाद में उसकी निर्मम हत्या कर शव को गंगा नदी किनारे फेंक दिया गया। देर रात युवती के लापता होने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, जिसके बाद गंगा किनारे शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि पोस्टमार्टम के चार दिन बाद भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। समाज ने इस घटना को अत्यंत दुखद और शर्मनाक बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पंचरत्न विश्वकर्मा समाज ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाया जाए तथा दोषियों को सख्त सजा दी जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके। इस दौरान अध्यक्ष विजय सोनी डयोडि ?ा, अनूप ताम्रकार, राजेश झां, जगदीश झा, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह विश्वकर्मा, मनोज झा, प्रीतम लाल विश्वकर्मा, दिनेश झां, सत्येन्द्र विश्वकर्मा एड. के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### डीजेटी माइक्रो फाइनेंस ने की विस्तार की घोषणा

नई दिल्ली। डीजेटी माइक्रो फाइनेंस ने असम में वृद्धि की बड़ी योजना के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अपनी रणनीतिक विस्तार रूपरेखा की घोषणा की है। यह पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में कंपनी की उपस्थिति बढ़ाने और वंचित समुदायों तक जिम्मेदारी भरी वित्तीय सेवाएं पहुंचाने के लक्ष्य के साथ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल में कंपनी के मौजूदा परिचालन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने इस क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वर्ष 2027 तक 20,000 नए सदस्यों को सशक्त करने की योजनाओं की घोषणा की है। यह सुविधाजनक एवं सुरक्षित ऋणों के जरिए इस देश के वंचित एवं ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से सशक्त करने पर ध्यान देते हुए कम आय वाले परिवारों को माइक्रोफाइनेंस सेवाएं उपलब्ध कराने की डीजेटी माइक्रोफाइनेंस की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

### मीट-क्यूट का आयोजन

मुंबई। स्टार प्लस ने शनिवार को मुंबई में अपने बहुप्रतीक्षित शो तुम देना साथ मेरा के प्रीमियर से पहले एक खास कम्युनिटी इवेंट मीट-क्यूट का आयोजन किया। वास्तविक जुड़ाव और कहानी कहने की कला का संगम बने इस इवेंट में सिंगल मिलेनियल्स और मीडिया कपल्स का एक चुनिंदा समूह शामिल हुआ, जहाँ एक अर्थपूर्ण और पुराने दौर के रोमांस का जश्न मनाया गया। विंटेज लव की खूबसूरती को केंद्र में रखकर तैयार किए गए इस अनुभव ने एक आत्मीय और दिलचस्प माहौल बनाया, जहाँ मेहमानों ने खुलकर बातचीत की, इंटरैक्टिव एक्टिविटीज में हिस्सा लिया और हल्के-फुल्के पलों का आनंद लिया, जिससे सच्चे कनेक्शन बनने की प्रेरणा मिली। अपनी थीम के अनुरूप, मीट-क्यूट ने क्लासिक रोमांस की यादों को ताजा किया—विंटेज सजावट, सौम्य रोशनी और सोच-समझकर चुने गए तत्वों के साथ, जो उस दौर की झलक दिखाते हैं जब रिश्ते गहराई, धैर्य और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित होते थे इस इवेंट में चार चाँद लगाने के लिए लीड कलाकार सृति झा और शबीर अहलूवालिया भी शामिल हुए, जिन्होंने उपस्थित मेहमानों और मीडिया से बातचीत की। तुम देना साथ मेरा एक हिंदी रोमांटिक ड्रामा है, जो सृति झा और शबीर अहलूवालिया की बहुप्रतीक्षित ऑन-स्क्रीन जोड़ी को प्रस्तुत करता है।

### सरकार बढ़ा सकती है पेंशन क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा

नयी दिल्ली। सरकार पेंशन क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक करने पर विचार कर रही है और इस संबंध में विधेयक संसद के अगले सत्र में पेश किया जा सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कदम बीमा क्षेत्र के अनुरूप होगा, जहां पहले ही 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी जा चुकी है। पिछले वर्ष संसद ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाले विधेयक को मंजूरी दी थी। सूत्रों के अनुसार, पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) अधिनियम, 2013 में संशोधन कर पेंशन क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव मानसून या शीतकालीन सत्र में लाया जा सकता है। फिलहाल पेंशन कोष में एफडीआई की सीमा 49 प्रतिशत है। इसके अलावा, सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित संशोधन विधेयक में एनपीएस ट्रस्ट को पीएफआरडीए से अलग करने का प्रावधान हो सकता है। वर्तमान में एनपीएस ट्रस्ट की शक्तियां, कार्य और जिम्मेदारियां वर्ष 2015 के नियमों के तहत निर्धारित हैं, जिन्हें भविष्य में किसी धर्मार्थ ट्रस्ट या कंपनी कानून के तहत लाया जा सकता है।

### माझी ने भुवनेश्वर में चिप पैकेजिंग इकाई की आधारशिला रखी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को भुवनेश्वर में भारत की पहली उन्नत 3डी ग्लास चिप पैकेजिंग इकाई की आधारशिला रखी। इस परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री और रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त रूप से किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि ओडिशा का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और अब यह केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि प्रौद्योगिकी, नवाचार और उच्च मूल्य वाले निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज भारत की पहली उन्नत 3डी ग्लास चिप पैकेजिंग इकाई की नींव रखकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

# अमेरिका-ईरान तनाव तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

उन्होंने बताया कि विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है। देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की। एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की चेतावनी भी दी। आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा। निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान वार्ता की दिशा पर रहेगा और वे अल्पकालिक खबरों के बजाय किसी स्थायी समाधान के संकेतों को अधिक महत्व देंगे, क्योंकि इसका असर वैश्विक निवेश, पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है और इससे वृहद आर्थिक स्थिति को भी सहारा मिल सकता है।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही काफी हद तक रोक दी थी, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है।

# शीर्ष 10 में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.87 लाख करोड़ बढ़ा



नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497.45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही।

पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत की तेजी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 58,831.52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,25,125.21 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 27,608.62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,691.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 20,731.64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका कुल मूल्यांकन 9,34,063.56 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,231.05 करोड़ रुपये बढ़कर 18,47,317.84 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का मूल्यांकन 18,577.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,63,314.50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,163.04 करोड़ रुपये घटकर 12,31,315.53 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में भी 9,769.3 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,65,437.17 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही, जिसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

## भारत-अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों के बीच व्यापार समझौते पर आज से वाशिंगटन में होगी बातचीत

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर तीन दिन की वार्ता के लिए भारत के लगभग एक दर्जन अधिकारी 20 अप्रैल को वाशिंगटन पहुंचेंगे।

एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि अमेरिका में शुल्क ढांचा बदल गया है, इसलिए दोनों पक्ष उस समझौते पर फिर से विचार कर सकते हैं, जिसका मसौदा सात फरवरी को जारी किया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। बैठक 20-22 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होगी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि द्वारा शुरू की गई जांच पर भी इन तीन दिवसीय विचार-विमर्श में चर्चा हो सकती है। भारत ने व्यापार कानून की धारा 301 के तहत इन जांच में लगाए गए आरोपों को कड़ाई से खारिज कर दिया है और जांच को समाप्त करने का अनुरोध किया है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच मार्च में एलपीजी की खपत 13 प्रतिशत घटी



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी आपूर्ति दिक्कतों की वजह से भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की खपत में मार्च में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे घरों की रसोई और वाणिज्यिक ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्धता पर असर पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मार्च में एलपीजी की खपत 23.79 लाख टन रही है, जो पिछले साल की इसी अवधि के आंकड़े 27.29 लाख टन से 12.8 प्रतिशत कम है। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। इसका एक बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से आता है। ईरान पर अमेरिका और इजराइली हमलों और जवाबी ईरानी कार्वाई के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आपूर्ति में रुकावट के कारण, सरकार ने घरों में रसोई गैस की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए होटल और उद्योगों के लिए एलपीजी आपूर्ति में कटौती की थी। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के मुताबिक, मार्च में घरेलू को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति 8.1 प्रतिशत घटकर 22.19 लाख टन रह गई, जबकि गैर-घरेलू उपयोगकर्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में 48 प्रतिशत की कमी आई। थोक एलपीजी की बिक्री में 75.5 प्रतिशत की भारी गिरावट आई। पीपीएसी के ये आंकड़े ऐसे समय आए हैं जबकि सरकार लगातार दावा कर रही है कि एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है और घरेलू उपयोगकर्ताओं की सभी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। इस कमी को पूरा करने के लिए, सरकार ने रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के लिए पेट्रोरसायन उत्पादन से गैस को घरेलू इस्तेमाल वाली गैस के लिए स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। इससे मार्च में घरेलू एलपीजी उत्पादन एक साल पहले के 11 लाख टन से बढ़कर 14 लाख टन हो गया। इस बढ़ोतरी से पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में एलपीजी उत्पादन दो वित्त वर्षों के 1.28 करोड़ टन से बढ़कर 1.31 करोड़ टन हो गया। मार्च का महीना एक अपवाद होने के बावजूद, बीते वित्त वर्ष में एलपीजी की खपत छह प्रतिशत बढ़कर 3.32 करोड़ टन से अधिक हो गई। हाल के वर्षों में एलपीजी की खपत लगातार बढ़ी है। इसकी वजह यह है कि सरकार लकड़ी और अन्य प्रदूषण फैलाने वाले ईंधन की जगह स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल पर जोर दे रही है। युद्ध की वजह से कई खाड़ी देशों में हवाई क्षेत्र बंद होने की वजह से जेट ईंधन या एटीएफ की खपत मार्च में लगभग स्थिर 8,07,000 टन रही, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 8,01,000 टन था। हालांकि, इस दौरान पेट्रोल और डीजल की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी हुई। पेट्रोल की बिक्री 7.6 प्रतिशत बढ़कर 37.8 लाख टन हो गई, जबकि डीजल की खपत 8.1 प्रतिशत बढ़कर 87.27 लाख टन हो गई। पूरे वित्त वर्ष में एटीएफ की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 91.61 लाख टन हो गई। वहीं पेट्रोल की खपत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 4.25 करोड़ टन रही।

# मायल ने विमान को नुकसान के मामले में लगाया एआईएएसएल पर 10 लाख रुपये का जुर्माना

नयी दिल्ली। मुंबई हवाई अड्डे की परिचालक मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लि. (मायल) ने सरकारी कंपनी एआईएएसएल पर जुर्माना लगाया है। इस महीने की शुरुआत में ग्राउंड हैंडलिंग परिचालन के दौरान एक डॉली हवाई अड्डे पर पार्क किए गए गल्फ एयर के एक विमान से टकरा गई थी, जिससे विमान को नुकसान हुआ था। डॉली हवाई अड्डों पर सामान उतारने वाली ट्रॉली होती है। मिली जानकारी के मुताबिक, अदाणी समूह की कंपनी मायल ने इसे एक बड़ी घटना बताते हुए एआई एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एआईएएसएल) पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसे हवाई अड्डे की छवि को नुकसान पहुंचाने की घटना माना गया है। गल्फ एयर के विमान को नुकसान पहुंचाने वाली यह घटना 10 अप्रैल को हुई थी, जब एआईएएसएल के कर्मचारी विमान स्टैंड की डॉली पर रखे सामान से भरे कंटेनर को खींच रहे थे। मायल ने 15 अप्रैल को एआईएएसएल को लिखे एक पत्र में कहा, ...जब माल को उतारा जा रहा था तो पीछे की एक डॉली पिछली डॉली से अलग हो गई, अनियंत्रित तरीके से चली और हवाई अड्डे पर पार्क किए गए गल्फ एयर के विमान से टकरा गई। इस मामले में मायल और एआईएएसएल से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# लेंसकार्ट ने विवाद के बाद मांगी माफी

## नये दिशानिर्देशों में कार्यस्थल पर धार्मिक प्रतीकों की अनुमति

नयी दिल्ली। चश्मों की खुदरा कंपनी लेंसकार्ट ने एक कथित आंतरिक ग्रूमिंग दस्तावेज को लेकर सोशल मीडिया पर हुए विरोध के बाद माफी मांगी है। इसके अलावा कंपनी ने नया इन-स्टोर स्टाइल गाइड जारी किया है, जिसमें कर्मचारियों को कार्यस्थल पर धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक पहनने की अनुमति दी गई है।

कंपनी ने एक्स पर जारी बयान में कहा कि ग्राहकों और समुदाय की चिंताओं को दूर करने के लिए वह अपने दिशानिर्देशों को सार्वजनिक और पारदर्शी बना रही है। नई नीति में टीम के सदस्यों द्वारा आस्था से जुड़े सभी प्रतीकों जैसे बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, कड़ा, हिजाब और पगड़ी को स्वीकार किया गया है। कंपनी ने कहा, यदि हमारे कार्यस्थल से जुड़े किसी भी संचार से किसी को ठेस पहुंची हो या ऐसा महसूस हुआ हो कि उनकी आस्था का यहां स्वागत नहीं है, तो हमें गहरा खेद है। यह लेंसकार्ट की पहचान नहीं है और न ही कभी होगी। यह विवाद उस समय सामने आया जब एक कथित कर्मचारी ग्रूमिंग नीति का दस्तावेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें बिंदी और तिलक जैसे कुछ धार्मिक प्रतीकों पर प्रतिबंध होने का दावा किया गया था। इस पर सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने नाराजगी जताई और बहिष्कार की मांग की। इस मामले पर कंपनी के संस्थापक पीयूष बंसल ने पहले स्पष्ट किया था कि वायरल दस्तावेज पुराना संस्करण है और कंपनी की वर्तमान नीति को नहीं दर्शाता। उन्होंने कहा था, यह दस्तावेज हमारी मौजूदा दिशानिर्देशों को प्रतिबिंबित नहीं करता। हमारी नीति में किसी भी धार्मिक अभिव्यक्ति, जैसे बिंदी और तिलक, पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने इसको लेकर उत्पन्न भ्रम तथा चिंता के लिए खेद जताया था। कंपनी ने अपने ताजा बयान में कहा कि उसके 2,400 से अधिक स्टोर ऐसे लोगों द्वारा संचालित हैं जो अपने विश्वास और परंपराओं के साथ काम करते हैं। बयान में कहा गया, ' लेंसकार्ट भारत में बनी, भारतीयों द्वारा और भारतीयों के लिए कंपनी है।

कंपनी ने यह भी कहा कि भविष्य में उसकी हर नीति, प्रशिक्षण सामग्री और संचार समावेशी मूल्यों को दर्शाएंगे और वह ग्राहकों का विश्वास बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी।

## छात्रों के सर्वांगीण विकास की प्राथमिकता जरूरी : रवि भूषण

लखनऊ। रवि भूषण ने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़े अनेक कॉलेजों में पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास और व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान दौर में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर तेजी से बदलाव हो रहा है, ऐसे में छात्रों को नई तकनीकों और वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों की जानकारी देना आवश्यक हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए कॉलेजों में एआई और अन्य आधुनिक विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, यह भी स्वीकार किया कि कुछ कॉलेजों में अभी भी पढ़ाई का स्तर अपेक्षित मानकों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके बावजूद संस्थान समय के साथ खुद को ढालते हुए सुधार की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैन यूनिवर्सिटी का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो भविष्य में बेहतर कॉरपोरेट संस्कृति का निर्माण कर सकें।

## पेज एक का शेष

### पटाखा फैक्ट्री

आग बुझाने का काम शुरू किया और बचाव अभियान चलाया। फायर और रेस्क्यू विभाग के अनुसार, अब तक कई शव बरामद किए जा चुके हैं और बाकी लोगों को खोजने का काम जारी है। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और जांच शुरू कर दी है कि विस्फोट कैसे हुआ। इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और उन्हें इससे गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। साथ ही प्रशासन को राहत और सहायता कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रपति ने भी इस हादसे को बेहद दुखद बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने भी घटना पर शोक जताते हुए कहा कि यह हादसा बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। दोनों नेताओं ने इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

### ममता सरकार

हजारों युवाओं के साथ धोखा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल के हजारों स्कूल बिना शिक्षकों के चल रहे हैं, क्योंकि नौकरियां लूट ली गईं। पश्चिम बंगाल के इस पश्चिमी हिस्से में सत्ता विरोधी लहर का दावा करते हुए मोदी ने कहा कि पुरुलिया के लोग अब बदलाव की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पूरा पुरुलिया बदलाव चाहता है और कह रहा है पलटानो दरकार (बदलाव जरूरी है)। मोदी ने कहा कि जहां-जहां भ्रष्टाचार और अत्याचार चरम पर पहुंचे, वहां लोगों ने आखिरकार भाजपा को विकल्प के रूप में चुना। उन्होंने कहा, तृणमूल के भ्रष्टाचार और अत्याचार ने बंगाल की जनता को आतंकित कर दिया है। लेकिन अब लोग भाजपा को एकमात्र विश्वसनीय विकल्प मानते हैं। लोगों से वोट की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि बंगाल को अब केंद्र में ही नहीं, राज्य में भी भाजपा सरकार चाहिए। उन्होंने कहा, आपने मुझे प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी दी है, अब बंगाल को भी भाजपा का मुख्यमंत्री चाहिए। भाजपा के डबल इंजन नारे को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने दावा किया कि अगर केंद्र और राज्य दोनों जगह उनकी पार्टी की सरकार होगी तो पुरुलिया का विकास दोगुनी रफ्तार से होगा। उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों भाजपा के होंगे, तो पुरुलिया का विकास मौजूदा रफ्तार से दोगुना होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का मुख्यमंत्री शपथ लेगा। भाजपा शासित पड़ोसी राज्यों से तुलना करते हुए मोदी ने कहा कि आदिवासी समुदायों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व केवल भाजपा ने दिया है। उन्होंने कहा, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में हमने आदिवासियों को मुख्यमंत्री बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र ने आदिवासी मामलों के लिए अलग मंत्रालय बनाया और आदिवासी कल्याण के लिए विशेष धनराशि दी, जबकि तृणमूल सरकार ने इस क्षेत्र की अनदेखी की। भाषा और पहचान के मुद्दे पर भाजपा की स्थिति मजबूत करने की कोशिश करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी पार्टी हर भाषा और बोली का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं को ज्यादा महत्व दिया गया है, ताकि गरीब, ग्रामीण और आदिवासी परिवारों के बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ सकें। मोदी ने कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार बांग्ला, संथाली, कुर्माली और राजबंशी भाषाओं को मजबूत करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्ला भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा भाजपा सरकार ने दिलाया।

### पुलिस की

के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरोह बैंकिंग संदेशों तक पहुंचने और कई खातों के माध्यम से पैसे अंतरित करने के लिए उपकरणों का उपयोग करता था। 22 बैंक खातों से जुड़ी 524 शिकायतें मिलीं, जो बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का संकेत देती हैं। यह गिरोह संचालकों, एजेंटों और खाताधारकों के एक संगठित नेटवर्क के रूप में काम करता था। इस गिरोह का कथित सरगना बरेली का सुमित कुमार अब भी फरार है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।

### विपक्ष का

इनसे महिलाओं को व्यापक लाभ मिला है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लाखों महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों, स्टार्टअप और एमएसएमई से जोड़ा गया है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में महिला सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दलों का उद्देश्य केवल अपने परिवार तक अवसर सीमित रखना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति के मन में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के प्रति आक्रोश है और इस मुद्दे पर एनडीए पूरी तरह उनके साथ खड़ा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के अन्य दलों को अपने इस नारी-विरोधी आचरण के लिए माफी मांगनी चाहिए। लेकिन उनका यह कृत्य अक्षम्य है और किसी भी स्थित में आधी आबादी उन्हें माफ नहीं करेगी।

### आज भी

धन-संपदा लूटी, मंदिरों को अपवित्र किया और सनातन आस्था पर प्रहार किया। लेकिन भारत के सनातन धर्म की अटूट आस्था भगवा पताका के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी रही। आज 1000 वर्ष बाद जब हम देखते हैं तो भारत की सनातन आस्था पूरी दृढ़ता से विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है, जबकि आक्रांताओं का कोई नामोनिशान इस धरती पर नहीं बचा है। यही है ह्लयतो धर्मस्ततो जयःह्व का शंखनाद। आक्रांताओं की बर्बरता जिसे रोक नहीं पाई, तोड़ नहीं पाई और झुका नहीं पाई, वही सनातन आस्था आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत में हर भारतवासी की यह अभिलाषा थी कि देश को केवल राजनीतिक स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाधीनता भी प्राप्त हो। इसके लिए लगातार प्रयास किए गए और अनेक स्वर उठाए गए। भारत माता के सपूत, भारत की अखंडता के शिल्पी और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर की दुर्दशा देखकर संकल्प लिया था कि इस मंदिर का पूर्ण जीर्णोद्धार होगा और द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ के मंदिर की गरिमामयी पुनर्स्थापना की जाएगी। लेकिन इस मार्ग में बाधक बने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू। उनकी इच्छा थी कि यह कार्य न हो, परंतु सरदार पटेल की दृढ़ संकल्प शक्ति के सामने नेहरू की नहीं चली। सरदार पटेल के प्रयासों से मंदिर का निर्माण पूरा हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को आगे बढ़ाने के लिए आयोजन समिति ने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी को आमंत्रित किया। तभी कांग्रेस सरकार और पंडित जवाहरलाल नेहरू फिर बाधक बन गए।

### गंगोत्री-यमुनोत्री

में यमुनोत्री धाम पहुंची। पूजा-अर्चना के बाद दोपहर 12:35 बजे यमुनोत्री मंदिर के कपाट भी श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के चारधाम करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के केंद्र हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि हर यात्री को सुरक्षित, सुगम, स्वच्छ और दिव्य यात्रा अनुभव मिले। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा केवल तीर्थाटन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, आत्मिक शांति और प्रकृति से जुड़ने का अद्वितीय अवसर है। उन्होंने यात्रियों से स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का उपयोग न करने और हिमालयी पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने की अपील की। साथ ही ग्रीन एवं क्लीन चारधाम यात्रा अभियान में जनभागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, प्रताप पंवार, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, एसपी कमलेश उपाध्याय, एडीएम मुक्ता मिश्रा, मंदिर समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### विराज सागर

विराज सागर दास द्वारा राजधानी लखनऊ के राजेन्द्र नगर, पानी टंकी पार्क एवं उदयगंज के नई बस्ती मैदान में लगभग 600 लोगों को नजर के चश्मे वितरत किये गये। उदयगंज स्थित नई बस्ती मैदान में रविवार को विशेष सेवा शिविर में 300-400 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, ताकि उन्हें बेहतर दृष्टि और स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि विगत 12 अप्रैल को पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार एवं पूर्व मेयर लखनऊ की पुण्यतिथि पर लखनऊ के सैकड़ों की संख्या में बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों एवं गरीब परिवारों के लोगों के निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच के लिए कैम्प लगाये गये थे। उस दिन सभी लोगों के नेत्र की जांच नेत्र चिकित्सकों द्वारा की गयी थी। नेत्र चिकित्सा की जांच के उपरान्त उन सभी लोगों को नजर के चश्मे आज वितरित किए गए।

इस मौके पर नजर के चश्मे पाकर वहां पर मौजूद सभी के चेहरे पर मुस्कान छा गयी और सभी ने विराज सागर दास द्वारा इस सराहनीय योगदान के लिए भूरि भूरि प्रसंसा की। इस मौके पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि मेरे पिताजी सदैव लोगों की मदद में जुटे रहते थे। उनका मानना था कि एक दूसरे की सहायता करके लोगों के चेहरे पर मुस्कान लायी जा सकती है। उन्हीं की प्रेरणा से हम लोग टीम भावना के साथ आगे बढ़कर समाज की सेवा में तत्पर हैं और जो भी समाज के लिए कर सकते हैं, वह सब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास एवं मेरे पिता डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने राजधानीवासियों की हर संभव सेवा करने का प्रयास किया है। उन्हीं की प्रेरणा से आज हम उसी मार्ग पर चलते हुए आम जनता की सेवा में समर्पित हैं। मेरा सदैव यही संकल्प रहता है कि लखनऊ के सभी सम्मानित नागरिकों के लिए ऐसे ही सेवा कार्य निरंतर करता रहूं, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आवश्यक सहायता और संबल मिल सके। आप सभी का यही स्नेह और अटूट विश्वास मुझे जनसेवा के इस मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की ऊर्जा एवं प्रेरणा देता है। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरुण गुप्ता, पार्षद अमित चौधरी, पार्षद राजेश दीक्षित, कैलाश पांडेय, राजीव बाजपेयी, वन्दना राज अवस्थी, शान बख्शी, चन्द्रा रावत, ऊषा बाल्मीकि, उमा गुप्ता, कमलेश गुप्ता, कमल बाल्मीकि, नेहाल अहमद खान, डॉ. पी.एस. जायसवाल पूर्व सभासद, अशोक सिंह, महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड के पार्षद अमित चौधरी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ईडी ने

दर्ज हैं। संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले में एक अप्रैल को पहली बार छापेमारी की थी। उस समय निदेशालय ने तलाशी के दौरान कुछ परिसरों से 1.47 करोड़ रुपये नकद, 67.64 लाख रुपये मूल्य के सोने एवं चांदी के आभूषण और एक देसी रिवॉल्वर जब्त की थी। यह जांच दंगा करने, हत्या का प्रयास, आपराधिक साजिश रचने और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में पोद्दार के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से जुड़ी है। ईडी ने नौ अप्रैल को एक बयान में कहा था कि पोद्दार एवं अन्य आरोपी पश्चिम बंगाल राज्य में संगठित आपराधिक गिरोह की गतिविधियों में शामिल थे और गिरोह के संचालन के माध्यम से अवैध रूप से धन जुटाते थे।




# कोलकाता ने राजस्थान को हराकर चखा जीत का स्वाद

## केकेआर ने राजस्थान रायल्स को चार विकेट से हराया,रिंकू सिंह व अनुकूल रॉय ने सातवें विकेट के लिए दमदार साझेदारी कर जीत का खाता खोला



खेल संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने राजस्थान रॉयल्स को चार विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। केकेआर के लिए मौजूदा सीजन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन रिंकू सिंह और अनुकूल रॉय ने सातवें विकेट के लिए दमदार साझेदारी कर केकेआर के लिए जीत का खाता खोला। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए, केकेआर की बल्लेबाजी बेहद खराब रही और टीम ने 85 रन के स्कोर पर छह विकेट गंवा दिए थे। जोफ्रा आर्चर ने पहली ही गेंद पर टिम सीफर्ट को पवेलियन की राह दिखाई और फिर नांद्रे बर्गर ने दूसरे ओवर में कप्तान अजिंक्य रहाणे को अपना शिकार बनाया। केकेआर को दोनों सलामी बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल सके। इसके बाद टीम ने कैमरन ग्रीन (27), अंगकृष रघुवंशी (10), रोवमैन पॉवेल (23) और रमनदीप सिंह (10) के विकेट नियमित अंतराल पर ही गंवा दिए। उस वक्त केकेआर की टीम मुश्किल में नजर आ रही थी।

रिंकू सिंह मौजूदा सीजन में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन आज सही समय पर उनके बल्ले से रन निकले। रिंकू केकेआर में फिनिशर की भूमिका के लिए जाने जाते हैं और राजस्थान के खिलाफ वह ऐसा करने में सफल भी रहे। छह विकेट गिरने के बाद रिंकू सिंह ने अनुकूल रॉय के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 37 गेंदों पर 76 रनों की अविजित साझेदारी की। यह आईपीएल में सफल रन चेज में सातवें या इससे निचले क्रम के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस मामले में शीर्ष पर एबी डिविलियर्स और इकबाल अब्दुल्लाह की जोड़ी है जिन्होंने 2016 में आरसीबी के लिए खेलते हुए गुजरात लायंस के खिलाफ 91 रनों की अविजित साझेदारी की थी।

केकेआर के लिए रिंकू सिंह ने अर्धशतक लगाया और टीम को जीत दिलाकर ही पवेलियन लौटे। केकेआर के लिए रिंकू सिंह ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 53 रन बनाए। यह केकेआर की ओर से सफल रन चेज में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथा सर्वोच्च स्कोर है। वहीं, अनुकूल 16 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 29 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की ओर से रवींद्र जडेजा को दो विकेट मिले, जबकि जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और यश राज पूंजा को एक-एक विकेट मिले।

इससे पहले, राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। राजस्थान को वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में केकेआर को कोई सफलता हासिल नहीं करने दी और पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े। राजस्थान के लिए वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी की, जबकि उनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

वैभव ने 28 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाए, जबकि यशस्वी 29 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों के अलावा शिमरॉन हेटमायर (12) और रियान पराग (12) की दहाई अंक तक पहुंच सके। राजस्थान हालांकि, चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा, लेकिन रिंकू और अनुकूल ने उनके मुंह से जीत छीन ली। केकेआर के लिए कार्तिक त्यागी और वरुण चक्रवर्ती ने तीन-तीन विकेट झटके। वहीं, सुनील नरेन को दो विकेट मिले।

### राजस्थान के खिलाफ खाता भी नहीं खोल सके कप्तान रहाणे



अजिंक्य रहाणे आईपीएल में बतौर सलामी बल्लेबाज सबसे ज्यादा बार जीरो पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। आरआर के खिलाफ रहाणे 12वीं बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। रहाणे के बाद इस लिस्ट में पार्थिव पटेल का नाम है, जो आईपीएल में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 11 बार जीरो पर आउट हुए हैं। वहीं, शिखर धवन (10), गौतम गंभीर (10) और डेविड वॉर्नर (9) का नाम भी इस अनचाही लिस्ट में शुमार है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने राजस्थान रॉयल्स को चार विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। केकेआर के लिए मौजूदा सीजन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन रिंकू सिंह और अनुकूल रॉय ने सातवें विकेट के लिए दमदार साझेदारी कर केकेआर के लिए जीत का खाता खोला। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

# पंजाब ने लखनऊ को दिया 255 रन का लक्ष्य

खेल संवाददाता



**चंडीगढ़।** आज आईपीएल में पंजाब किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से हो रहा है। इस मैच में लखनऊ की नजर सत्र की तीसरी जीत पर हैं, जबकि पंजाब लय बरकरार रखने का लक्ष्य लेकर उतरी है। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की मदद से पंजाब किंग्स ने सत्र का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इस मैच में टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 254 रन बनाए। इससे पहले आरसीबी ने 250/3 का स्कोर बनाया था। अब लखनऊ को जीत के लिए 255 रन बनाने होंगे। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कप्तान ऋषभ पंत ने बताया कि मणिमारन सिद्धार्थ को दिग्वेश राठी की जगह मौका दिया गया है। वहीं, पंजाब किंग्स ने कोई बदलाव नहीं किया है। आईपीएल 2026 के 29वें मुकाबले में आज पंजाब किंग्स का सामना लखऊ सुपर जायंट्स से हो रहा है। यह मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। मौजूदा सीजन में पंजाब ने कोई मैच नहीं गंवाया है। ऐसे में श्रेयस अय्यर विजयी रथ पर सवार रहना चाहेंगे। दूसरी ओर पिछले 2 मैच हारकर आ रही लखनऊ आज जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी। 20वें ओवर में शशांक सिंह आउट हुए। उन्होंने 6 गेंदों पर 17 रनों का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बनाए। यह मौजूदा सीजन में एक पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले आरसीबी ने चेन्नई के विरुद्ध 250 रन बनाए थे। इसके अलावा यह पंजाब का लीग में दूसरा सर्वाधिक स्?कोर है। इससे पहले पंजाब ने 2024 में कोलकाता के खिलाफ 262 रन बनाए थे। पंजाब की ओर से 2 बल्लेबाज शतक से चूके। प्रियांश आर्य ने 37 गेंदों पर 93 तो कूपर कोनोली 46 गेंदों पर 87 रन की पारी खेली। प्रिंस यादव और मणिमारन सिद्धार्थ ने 2-2 विकेट लिए। शमी और मोहसिन खान के खाते में 1-1 सफलता आई। पंजाब किंग्?स का 5वां विकेट गिर गया है। 17वें ओवर नेहल वढेरा आउट हुए। मणिमारन सिद्धार्थ ने उन्?हें पूरन के हाथों कैच आउट कराया। नेहल ने 7 गेंदों पर 13 रन बनाए। 17 ओवर के बाद पंजाब का स्?कोर 214 रन है। कूपर कोनोल और प्रियांश आर्य के बाद कप्?तान श्रेयस अय्यर भी आउट हो गए हैं। पंजाब ने 10 गेंद के भीतर 3 विकेट गंवा दिए हैं। 14वें ओवर की 5वीं गेंद पर कूपर कोनोली आउट हुए। अगले ओवर की दूसरी गेंद पर आर्य का विकेट गिरा। इसके बाद 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर श्रेयस अय्यर ने शमी को कैच थमा दिया। अय्यर ने 6 गेंदों पर 5 रन की धीमी पारी खेली। कूपर कोनोल के बाद प्रियांश आर्य भी शतक से चूक गए।

## हमें और बेहतर बल्लेबाजी करनी चाहिए थी : किशन

**हैदराबाद, 18 अप्रैल (भाषा)।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत दर्ज करने के बाद कहा कि बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर टीम को स्कोर में 30-40 रन और जोड़ने चाहिए थे।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (59 रन) की शानदार शुरूआत के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज की धारदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। अभिषेक और हेनरिक क्लासेन (59 रन) के अर्धशतकों को छोड़ दें तो सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी इकाई ने सीएसके के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। जवाब में सीएसके की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 184 रन ही बना सकी और उसे चौथी हार का मुंह देखना पड़ा। उसके लिए मैथ्यू शॉर्ट 34 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

किशन ने गेंदबाजों के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, जब आपके पास युवा गेंदबाज होते हैं तो यह शानदार होता है क्योंकि वे अपने नयी योजना के साथ आते हैं। उन्हें बखूबी काम उन्होंने कहा, यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी और हम 30-40 रन पीछे रह गए। हमें और बेहतर बल्लेबाजी करनी चाहिए थे। हम अंक तालिका की तरफ नहीं देख रहे हैं क्योंकि यह लंबा टूर्नामेंट है। हम एक समय में एक ही मैच के बारे में सोच रहे हैं।

## जब राशिद ने भारत से मिली नागरिकता की पेशकश ठुकरा दी

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान के करिश्माई लेग स्पिनर राशिद खान से अनौपचारिक तौर पर एक नहीं बल्कि दो देशों ने संपर्क किया था और उन्हें नागरिकता के साथ-साथ अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका देने की पेशकश की थी जिनमें भारत भी शामिल था लेकिन इस स्टार क्रिकेटर ने इन प्रस्तावों को ठुकरा दिया। राशिद ने इसके बजाय अपने वतन के प्रति वफादार रहना चुना और यह बात एक नयी किताब में सामने आई है। एक किताब राशिद खानः फ्रॉम स्ट्रीट्स टू स्टारडम में इस ऑलराउंडर ने लेखक मोहम्मद हांद जाफर को बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने ही उन्हें इस तरह के प्रस्ताव दिए थे जिन्हें उन्होंने अस्वीकार कर दिया। यह किताब सोमवार को रिलीज होगी।

## चीन में ह्यूमनॉइड रोबोट ने हाफ मैराथन में इंसानों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**बीजिंग।** चीन की एक कंपनी द्वारा बनाए गए एक ह्यूमनॉइड रोबोट ने रविवार को यहां शौकिया धावकों के साथ हुई एक रेस में 50 मिनट 26 सेकंड के समय के साथ इंसानों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। चीन की शेन्जेन ऑनर स्मार्ट टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा बनाए गए ह्यूमनॉइड रोबोट फ्लैश ने 2026 बीजिंग ई-टाउन हाफ मैराथन में ऑटोनॉमस नेविगेशन श्रेणी में जीत हासिल की। यहां की आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फ्लैश ने इंसानों के 57:20 के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। पुरुषों की हाफ मैराथन का विश्व रिकॉर्ड पिछले महीने पुर्तगाल में लिस्बन हाफ मैराथन में युगांडा के स्टार लंबी दूरी के धावक जैकब किप्लिमो ने बनाया था। चीन, जर्मनी, फ्रांस और ब्राजील की 100 से ज्यादा टीमों ने इंसानी धावकों के साथ इस दौड़ में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार रोबोट और इंसानी धावकों ने 21 किलोमीटर का एक ही रास्ता तय किया, लेकिन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग लेन का इस्तेमाल किया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार रोबोट के लिए कट-ऑफ समय तीन घंटे 40 मिनट निर्धारित किया गया था।

## एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूरः सूरज फाइनल में पहुंचे

**चेन्नई।** भारत के सूरज कुमार चंद ने रविवार को हांगकांग के वाइलोक टो को हराकर एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर के पुरुष फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त चंद ने यहां इंडियन स्क्वाश अकादमी में खेले गए पुरुष सेमीफाइनल में 11-8, 11-7, 11-6 से जीत दर्ज की। वह पीएसए टूर पर पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर मौजूद चंद का मुकाबला दक्षिण कोरिया के आठवें वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जियोंगमिन रियू से होगा। जियोंगमिन ने एक अन्य सेमीफाइनल में हांगकांग के एंडेस लिंग को हराया।

## दक्षिण अफीका ने दूसरे महिला टी20 में भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में रविवार को यहां टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला के पहले टी20 मैच को जीतने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। भारत ने एकादश में दो बदलाव करते हुए अनुष्का शर्मा और क्रांति गौड़ को मौका दिया है। अनुष्का अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर रही हैं।

## प्रणवी जोबर्ग ओपन में संयुक्त 30वें स्थान पर

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाकर लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग महिला ओपन में संयुक्त 30वां स्थान हासिल कर लिया। प्रणवी ने पहले दो दिन में 70-74 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे दौर में तीन बोगी की लेकिन इसके साथ ही छह बर्डी भी लगाई। उनका कुल स्कोर अब पांच अंडर है। अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बख्शी कट में जगह नहीं बना पाई थी। फ्रांस की तीन खिलाड़ी कैमिला शेवेलियर, सेलीन हर्बिन और अगाथे लैस्ने संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों का कुल स्कोर 16 अंडर पार है।

## एशियाई अंडर20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन स्पर्धा कर्नाटक में

**नयी दिल्ली।** अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के इच्छुक खिलाड़ियों को 24 से 26 अप्रैल तक कर्नाटक के तुमकुर में आयोजित तीन दिवसीय आयु वर्ग प्रतियोगिता के दौरान एएफआई द्वारा निर्धारित मानक हासिल करने होंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को आगामी एशियाई प्रतियोगिता के लिए चयन मानदंडों की घोषणा की। देश के शीर्ष एथलीटों के तुमकुर में होने वाली तीन दिवसीय 24वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद है।

## यह पारी मेरे आत्मविश्वास के लिए अहम थी : रिंकू

**कोलकाता।** रिंकू सिंह ने रविवार को यहां नाबाद 53 रन की पारी खेलकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के तनावपूर्ण मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को इस सत्र की पहली जीत दिलाने के बाद कहा कि जोश तो था लेकिन कोई हिचकिचाहट नहीं थी। जब लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल लग रहा था, तब रिंकू ने संयम और नियंत्रित आक्रामकता का तालमेल बिठाते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया।

उन्होंने मैच के बाद कहा, कभी-कभी ऐसा होता है जब कुछ चीजें आपके हिसाब से नहीं होतीं तो आप वह जोश महसूस करते हैं। लेकिन ऐसा नहीं था कि मैं अपने शॉट खेलने को लेकर हिचकिचा रहा था या मुझे कोई दुविधा थी। मेरी सोच यही थी कि खेल को आखिर तक ले जाऊं। इस सत्र में एक बड़ी पारी की तलाश में रहे इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने शुरुआत में मिलेएक जीवनदान का पूरा फ़ायदा उठाया और मैच का रुख केकेआर के पक्ष में मोड़ दिया। रिंकू ने कहा, कभी-कभी ऐसा ही होता है। दिमाग ठीक से काम नहीं करता और आप ऐसे शॉट्स खेल बैठते हैं। लेकिन शुक्र है कि किस्मत मेरे साथ थी और आखिरकार हम मैच जीत गए।

रिंकू ने माना कि इस पारी का उन्हें लंबे समय से इंतजार था और यह उनके आत्मविश्वास के लिए बहुत जरूरी थी। उन्होंने कहा, मैंने काफी पारियां खेली थीं और एक बड़ी पारी का इंतजार कर रहा था। यह मेरे लिए बहुत अच्छी पारी थी और मेरे आत्मविश्वास के लिए भी बहुत अहम थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खास तौर पर रिंकू और गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा, मुझे रिंकू, अनुकूल (रॉय) और वरुण (चक्रवर्ती) के लिए सच में बहुत खुशी है। जिस तरह से वरुण ने गेंदबाज़ी की। अनुकूल का घरेलू टूर्नामेंट भी शानदार रहा। राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने क्षेत्ररक्षण में हुई उन गलतियों पर अफसोस जताया जो मैच का नतीजा तय करने में अहम साबित हुईं। पराग ने कहा, मुझे लगा था कि यह 170 रन वाला विकेट है, लेकिन हम 10 रन पीछे रह गए। गलती हमारी तरफ से हुई। हम कैच नहीं छोड़ सकते, इसी वजह से हम मैच हार गए। रिंकू का कैच उनकी पारी की शुरुआत में ही छूट गया था।

### केकेआर की टीम से जुड़े श्रीलंका के तेज गेंदबाज पथिराना

**कोलकाता।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम में शामिल हो गए हैं, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तालिका में सबसे नीचे चल रही टीम को मजबूती मिली है। फ्रेंचाइजी ने रविवार को इसकी पुष्टि की। पथिराना टी20 विश्व कप के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी पिंडली में चोट लगी थी लेकिन अब वह फिट हैं। उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) का फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है और उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल चुका है। वह रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं। पथिराना को हालांकि सीधे अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद नहीं है क्योंकि टीम कुछ अभ्यास सत्रों में उनकी मैच फिटनेस का आकलन करेगी।

## रुतुराज किसी तरह की उलझन में नजर आ रहे हैंः अश्विन

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में फॉर्म में वापसी करने का एक शानदार मौका गंवा दिया। सनराइजर्स ने शनिवार को खेले गए मैच में सीएसके को 10 रन से हराया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 194 रन बनाए जिसके जवाब में सीएसके आठ विकेट पर 184 रन ही बना पाया। अश्विन ने कहा कि गायकवाड दबाव में नजर आ रहे हैं। उन्होंने जिओस्टार से कहा, उनके लिए रन बनाने का यह सबसे अच्छा मौका था। आयुष म्हात्रे की अच्छी शुरुआत को देखते हुए उन्हें जोखिम लेने या तेज गति से रन बनाने की जरूरत नहीं थी। पावरप्ले में उनकी टीम पूरी तरह हावी थे। रुतुराज के पास क्रीज पर कुछ समय बिताने, कुछ रन बनाने और फॉर्म में वापसी करने का सुनहरा अवसर था।

## मध्यक्रम को लेकर चल रही बाहरी चर्चा की ज्यादा परवाह नहींः पार्थिव

खेल संवाददाता (vol)

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने रविवार को टीम के मध्य क्रम को लेकर चल रही बाहरी चर्चाओं को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि वह मुश्किल परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। टाइटंस की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स पर पांच विकेट से जीत हासिल करने के बाद सोमवार को मुंबई इंडियंस का सामना करेगी। टीम के निचले मध्य क्रम, विशेष रूप से राहुल तेवतिया और शाहरुख खान के आखिरी ओवरों के प्रदर्शन पर सवाल उठ रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर पार्थिव ने कहा, मुझे पता है कि जीटी के मध्य क्रम को लेकर बाहर काफी चर्चा चल रही है, लेकिन जहां तक हमारी बात है, हम अपने प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट हैं।

तेवतिया और शाहरुख के बारे में पूछे जाने पर पार्थिव ने जवाब दिया, जाहिर है, उन्होंने काम पूरा किया इसलिए उन्हें जो भी गेंदें मिल रही हैं, वे अपना काम कर रहे हैं। आप अगर रनों की संख्या और स्थिति की तुलना करने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह किसी भी टीम के लिए एक जैसा नहीं होगा।

उन्होंने कहा, हमारा शीर्ष क्रम शानदार है, हम शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी से बहुत खुश हैं। तेवतिया ने पिछले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है और शाहरुख (खान) नाबाद रहे, इसलिए हमें इसकी चिंता नहीं है।

भारत के इस पूर्व विकेटकीपर ने कहा, अगर मैं आपको पिछले साल की बात याद दिलाऊं जब दिल्ली के खिलाफ हमें एक ओवर में 10 रन चाहिए थे, तब तेवतिया आए और मिचेल स्टार्क की रिवर्स स्विंग होती गेंद पर छक्का लगाया, तो उन्होंने अपना काम बखूबी किया है। यहां तक कि कल भी शाहरुख नाबाद रहे।

## फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के महिला विशेष चरण में शामिल हुईं गीता फोगाट, स्वीटी बूरा

**नयी दिल्ली, (भाषा)।** खेल मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा शुरू की गई साप्ताहिक पहल फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के महिला विशेष चरण में ओलंपियन गीता फोगाट दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 1000 महिलाओं के साथ शामिल हुईं। पूरे देश में एक साथ आयोजित इस विशेष चरण में 2000 से अधिक स्थानों पर लोगों ने हिस्सा लिया जिससे यह फिट इंडिया अभियान के तहत सबसे बड़े फिटनेस आंदोलनों में से एक बन गया। बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक, महिलाओं ने साइकिल रैलियों और फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में एकजुट होकर शारीरिक तंदुरुस्ती और सामूहिक भागीदारी के महत्व को और मजबूत किया।

दिल्ली में आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम में पहलवान फोगाट, मुक्केबाज स्वीटी बूरा, जूडो खिलाड़ी और एमटीवी रोडीज के फाइनल तक पहुंची प्रिया शर्मा, फिट इंडिया आइकन मिलिंद सोमन, फिट इंडिया चैंपियन और अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी तथा फिट इंडिया चैंपियन अंकिता कोंवर जैसी खेल जगत की दिग्गज हस्तियां विशेष अतिथियों के रूप में एक साथ शामिल हुईं।

दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम में शहर के प्रमुख लड़कियों के कॉलेजों की छात्राओं, माई भारत के स्वयंसेवकों, भारतीय साइकिल महासंघ के प्रतिनिधियों के अलावा योगासन भारत व रोप स्किपिंग टीम के सदस्यों सहित अन्य लोगों ने भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को साइकिल चलाने को एक सरल, टिकाऊ और प्रभावी फिटनेस गतिविधि के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही यह एक सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली के व्यापक संदेश को भी बढ़ावा देती है। एक घंटे तक चली मजेदार फिटनेस गतिविधियों के बाद महिलाओं ने इंडिया गेट के चारों ओर साइकिल चलाई।

## उत्पीड़न विवाद में बड़ा एक्शनः कोच नवल सिंह बर्खास्त

### सुमित अंतिल-नीरज चोपड़ा ने लगाये थे आरोप




**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच नवल सिंह को उत्पीड़न के आरोपों के बाद पद से हटा दिया है। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने रविवार को इस फैसले की पुष्टि की। दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता सुमित अंतिल ने कोच नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाया था। इस मामले में उन्होंने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ) से औपचारिक शिकायत भी की थी। सुमित अंतिल को इस मुद्दे पर टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का भी समर्थन मिला।

शिकायत में देश के कई शीर्ष एथलीट्स ने भी हस्ताक्षर किए, जिसमें कोच पर बार-बार अपमानजनक भाषा और मानसिक दबाव बनाने के आरोप लगाए गए। यह लिखित शिकायत 10 अप्रैल को साइ को सौंपी गई थी। सुमित अंतिल ने बताया कि उन्होंने पहले साइ अधिकारियों से इस मुद्दे पर बात की थी, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश भी की गई, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। नवल सिंह को पिछले साल द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह भारतीय जैवलिन थ्रो एथलीट्स को ट्रेनिंग देने में अहम भूमिका निभा चुके हैं। हालांकि, लगातार शिकायतों के बाद पीसीआई बोर्ड ने उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का निर्णय लिया। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने पैरा-एथलीटों द्वारा द्रोणाचार्य अवॉर्ड विजेता भाला फेंक कोच नवल सिंह पर लगाए गए मानसिक उत्पीड़न और अभद्र भाषा के आरोपों की तेज और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, चैंपियनों को मैदान में पसीना बहाना चाहिए, न कि उत्पीड़न से जूझना चाहिए। पूनिया ने एक्स पर लिखा, 'सुमित अंतिल द्वारा लगाए गए मानसिक उत्पीड़न के आरोप बेहद गंभीर हैं। हमारे चैंपियनों को मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए, न कि सिस्टम के भीतर होने वाले दुर्व्यवहार से जूझना चाहिए। मैं अधिकारियों से अपील करता हूं कि इस मामले की जल्द और निष्पक्ष जांच की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।'

# कांग्रेस ने महिलाओं के साथ धोखा किया: शाह

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी

एजेंसी



इरोड (तमिलनाडु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के खिलाफ मतदान करने को लेकर कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर रविवार को तीखा हमला किया और उन पर संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण से वंचित कर उनसे विश्वासघात करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और देश की महिलाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मोडक्कुरिची से अपनी पार्टी की उम्मीदवार कृतिका शिवकुमार के समर्थन में यहां आयोजित रोड शो में भरोसा जताया कि इस चुनाव के बाद राज्य में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनाएगा। शाह ने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक ने पूरे देश और तमिलनाडु की माताओं-बहनों को संसद और विधानसभाओं में (आरक्षण से) निश्चित रूप से वंचित किया है। तमिलनाडु के लिए (लोकसभा सीटों में) 50 प्रतिशत वृद्धि का मौका था लेकिन 2026 की जनगणना के आधार पर सीटें बढ़ाने पर जोर देकर उन्होंने तमिलनाडु की सीटें घटाने की साजिश रची है। उन्होंने कहा, लेकिन मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से तमिलनाडु के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम कांग्रेस और द्रमुक की इस साजिश को सफल नहीं होने देंगे। हम तमिलनाडु के लोगों और तमिलनाडु की महिलाओं को निश्चित रूप से न्याय दिलाएंगे। शाह ने परिवारवादी राजनीति को लेकर सत्तारूढ़ द्रमुक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, (मुख्यमंत्री) स्टालिन का पूरा ध्यान अपने बेटे (उदयनिधि) को मुख्यमंत्री बनाने पर है। पहले करुणानिधि, फिर स्टालिन और अब उनका बेटा। ऐसे वंशवादी दल तमिलनाडु के लोकतंत्र का कोई भला नहीं कर सकते। शाह ने कथित भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था के मुद्दों को लेकर भी द्रमुक की आलोचना की। उन्होंने कहा, राज्य में अन्नाद्रमुक एवं भाजपा की सरकार बनने पर द्रमुक का भ्रष्ट शासन खत्म होगा। हम तमिलनाडु में भी अन्य राज्यों की तरह कानून-व्यवस्था बेहतर बनाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम तमिलनाडु की खोई हुई गरिमा वापस लाने का प्रयास करेंगे।

शाह ने भाजपा को मिलने वाले उत्साहपूर्ण समर्थन की भी सराहना की। प्रचार वाहन पर सवार भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने मोडक्कुरिची मांगे और लोगों से उन्हें भा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की उम्मीदवार कृतिका के लिए वोटरी अंतर से विजयी बनाने की अपील की।

# विपक्ष ने महिलाओं के साथ किया विश्वासघात : अनुराग ठाकुर



बेंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन का विरोध करकै महिलाओं के साथ विश्वासघातै करने का आरोप लगाया।

ठाकुर ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर विधायिका में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के प्रयासों को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष महिलाओं के सशक्तीकरण का समर्थन करने मैं ऐतिहासिक रूप से विफलै रहा है और इस मुद्दे पर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) और समाजवादी पार्टी ने पांचवीं बार महिलाओं के आरक्षण का गला घोंट दिया है। उन पर शर्म आती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने इस कानून में लगातार बाधा डाली है। ठाकुर ने दावा किया कि हालांकि विधेयक को पहले राजनीतिक मजबूरियों के कारण समर्थन मिला था, लेकिन विपक्ष का असली इरादौ बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा, जो लोग कभी महिलाओं के साथ खड़े नहीं हुए, वे अब उनके रक्षक होने का दिखावा कर रहे हैं। संसदीय चर्चा का उल्लेख करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी दलों से समर्थन की अपील का हवाला दिया। उन्होंने दक्षिणी राज्यों पर परिसीमन के प्रभाव को लेकर विपक्षी दलों द्वारा उठाई गई चिंताओं को भी खारिज करते हुए कहा कि प्रतिनिधित्व में कोई कमी नहीं होगी। मेरे प्रिय मित्रों, कोई नुकसान नहीं है - केवल लाभ है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में सीट की संख्या में वृद्धि होगी, साथ ही महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व में भी वृद्धि होगी।

संक्षेप

## प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे हैं

प.बंगाल। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने हुगली जिले के तारकेश्वर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के संबंध में राष्ट्र को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए अवैध तरीके से प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर आदर्श चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा, उन्होंने (भाजपा ने) कल सरकारी तंत्र का दुरुपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए किया। हम इसकी निंदा करते हैं और निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराएंगे। वर्ष 2029 से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक के संसद के निचले सदन में पारित नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस और उसके सहयोगियों को चेतावनी दी कि भारत की महिलाएं उन्हें भ्रूण हत्या के पाप के लिए कड़ी सजा देंगी।

# अनुमति दी, फिर हमला क्यों : भारतीय जहाज के कैप्टन ने लगायी फटकार




तेहरान। होर्मुज में ईरान की कार्रवाई ने समुद्री व्यापार को हिला दिया है। पहले जहाजों को रास्ता देने के संकेत, फिर अचानक यू-टर्न लेकर बंदी का एलान और उसके बाद गोलीबारी, इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक स्तर पर सनसनी फैला दी है। ऐसे में सबसे बड़ा धमाका उस वायरल ऑडियो ने किया है, जिसमें भारतीय जहाज के कप्तान ने गोलीबारी से नाराज होकर ईरानी नेवी को लताड़ा। आइए जानते हैं।

पश्चिम एशिया में तनाव अब खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इसका सीधा असर समुद्री रास्तों पर दिखने लगा है। ईरान की नौसेना द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय झंडा लगे जहाजों पर फायरिंग की घटना ने हालात को और भड़का दिया है। यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल सप्लाई होता है, ऐसे में यह घटना बेहद गंभीर मानी जा रही है। इसी बीच इस मामले में सामने आए एक ऑडियो क्लिप ने इस पूरे मामले को और गर्म कर दिया है। पूरी बात को ऐसे समझिए कि संकट के बीच जब होर्मुज का रास्ता खुला तब वहां के कई सारे जहाज गुजरने लगे, लेकिन फिर अचानक से ईरान ने यू-टर्न लेते हुए होर्मुज बंद करने का फैसला किया। इतना ही नहीं रास्ते में मौजूद सभी जहाजों को बलपूर्वक रोकने भी लगे। इसी क्रम में भारत के दो जहाज को भी रोका और फिर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) की तरफ से जहाज पर गोलीबारी करने की भी बात कही गई, जिसके बाद से भारत में इस बात को लेकर खूब चर्चा चल रही है।

अब इस मामले में नया मोड़ तब सामने आया, जब भारतीय सुपरटैंकर 'सनमार हेराल्ड' इराक से करीब 20 लाख बैरल तेल लेकर गुजर रहा था। तभी अचानक ईरानी गनबोट्स ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। अब इस दौरान एक ऑडियो खूब सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ये ऑडियो जहाज के कप्तान का है। ऑडियो में गोलीबारी से नाराज कप्तान को ईरानी नेवी को फटकार लगाते हुए सुना जा सकता है। सामने आए ऑडियो क्लिप में जहाज के कप्तान गुस्से में ईरानी नेवी के अधिकारी से कहते हैं कि पहले हमें जब रास्ता देने की अनुमति दी गई थी, फिर अचानक से ये हमला क्यों किया गया? कप्तान ने ऑडियो में इस बात पर भी जोर दिया कि वहां गुजरने के जब जहाजों को हरी झंडी दिखाया गया था।

# महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केंद्रीय मंत्री ने साधा विपक्ष पर निशाना

शिमला। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि नारी शक्ति वंदनै सिर्फ एक कानून नहीं है, बल्कि भाजपा की वैचारिक प्रतिबद्धता है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने विपक्ष के रवैये कोै ऐतिहासिक विश्वासघातै बताया और कहा कि कांग्रेस ने 50 वर्षों से महिलाओं के आरक्षण की बात की, लेकिन उसे कभी लागू नहीं किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा,ै जब एक विश्वसनीय, संवैधानिक रूप से सही और अच्छी तरह से तैयार किया गया तंत्र पेश किया गया, तो उन्होंने प्रक्रिया संबंधी बहाने और ध्यान भटकाने वाले तर्क दिए, जिससे उनकी नीयत साफ हो गई। सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियमै का उद्देश्य शासन और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को संस्थागत बनाना है। उन्होंने कहा, जब देश इस ऐतिहासिक कदम के लिए तैयार था, तब विपक्ष ने सहयोग के बजाय बाधा डालने का रास्ता चुना। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर आरोप लगाया कि वे महिलाओं के सशक्तीकरण से ज्यादा राजनीतिक समीकरण को प्राथमिकता देते हैं।

# वैष्णव ने 3डी ग्लास चिप पैकेजिंग की आधारशिला रखी



भुवनेश्वर। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को भुवनेश्वर में भारत की पहली उन्नत 3डी ग्लास चिप पैकेजिंग इकाई की आधारशिला रखी।

इस परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री और रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त रूप से किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि ओडिशा का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और अब यह केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि प्रौद्योगिकी, नवाचार और उच्च मूल्य वाले निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा,ै आज भारत की पहली उन्नत 3डी ग्लास चिप पैकेजिंग इकाई की नींव रखकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। यह परियोजना बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगी और ओडिशा को उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में एक मजबूत केंद्र बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा अब अगली पीढ़ी के उद्योगों का केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूती देगा। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, आज ओडिशा की धरती से भारत ने सेमीकंडक्टर यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। मुझे खुशी है कि मैं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ देश की पहली 3डी ग्लास सब्सट्रेट पैकेजिंग इकाई के शिलान्यास में शामिल हुआ, जो ओडिशा को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक औद्योगिक निवेश नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि आने वाली तकनीकें कहां विकसित होंगी और यह सुशासन और रणनीतिक दृष्टि का परिणाम है। केंद्र सरकार ने इस परियोजना को लगभग 1,943 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी है। इससे करीब 2,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे और इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता पांच करोड़ इकाइयों की होगी। अधिकारी ने बताया कि ओडिशा में बनने वाली चिप का उपयोग एयरोस्पेस, रक्षा, कृत्रिम मेधा, 5जी तकनीक और डेटा केंद्रों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री खट्टर ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर विपक्ष की आलोचना की


चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर और संजय सेठ ने महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं होने को लेकर विपक्ष और उसके सहयोगियों की कड़ी आलोचना की तथा उन पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने और एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

पंजाब के जालंधर में खट्टर ने संवाददाताओं से कहा कि संशोधन विधेयक को पारित नहीं करके विपक्षी दलों ने महिलाओं के साथ अन्याय किया है। खट्टर ने कहा कि कृषि, विज्ञान, उद्योग, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, अध्यापन और खेल समेत हर क्षेत्र में महिलाओं का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा चाहती है कि लोकतंत्र में महिलाओं को भी राजनीतिक क्षेत्र में अधिकार मिले। उन्होंने कांग्रेस पर किसी न किसी कारण से इस मुद्दे पर पीछे हटने और अड़चनें पैदा करने का आरोप लगाया। खट्टर ने कहा कि विपक्ष ने घिनौना खेल खेला और लोकसभा में विधेयक को पारित नहीं होने दिया। खट्टर के साथ मौजूद उत्तर प्रदेश की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा, महिलाएं कुछ भी बर्दाश्त कर सकती हैं लेकिन अपमान नहीं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में विपक्ष को महिलाओं के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने विधेयक पारित होने में अड़चनें पैदा करके घोर पाप किया है और उन्हें इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। सेठ ने कहा कि देश गुस्से में है और लोग उन्हें इसके लिए सबक सिखाएंगे।

इंटरटेनमेंट...

# अनुराग कश्यप ने अभिनय से ब्रेक लेने पर तोड़ी चुप्पी

एजेंसी



मुंबई। अभिनेता और फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप अपनी चुनिंदा भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर खुलकर बात की है।

अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच अनुराग ने बताया कि कुछ समय के लिए उन्होंने अभिनय से ब्रेक क्यों लिया था। जानिए क्या है इसके पीछे की वजह? एक खबर के अनुसार, 53 साल के अनुराग कश्यप ने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर कहा कि उन्हें बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएं मिल रही थीं। इससे बचने के लिए उन्होंने जानबूझकर अभिनय छोड़ दिया था। वे नहीं चाहते थे कि लोग उन्हें एक तय स्क्रीन इमेज में देखने लगें। उन्होंने हाल ही में तेलुगु फिल्म ह्यडकैतह्न में काम करके तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

अनुराग कश्यप ने कहा, 'लोग आपको एक खास तरीके से देखने लगते हैं और आपको लगातार वैसी ही भूमिकाएं मिलती रहती हैं। समय के साथ ये रोल एक ही किरदार के अलग-अलग रूप लगने लगे।' उन्होंने अभिनय से ब्रेक क्यों लिया इस पर अनुराग ने कहा, 'भूमिकाएं अच्छी हों या बुरी, लेकिन वे अब मुझे कोई नई चुनौती नहीं दे रही थीं।' इसी वजह से उन्होंने कई प्रोजेक्ट ठुकरा दिए और ब्रेक ले लिया था।

अनुराग का मानना है कि सिर्फ इसलिए कोई काम नहीं करना चाहिए क्योंकि वह हमारे पास आ रहा हो। काम करने के पीछे कोई और मजबूत वजह होनी चाहिए। अब वे अभिनय में वापस लौटे हैं क्योंकि उन्हें नई और अलग तरह की चुनौतियां चाहिए। अनुराग कश्यप ने कहा, 'अपने करियर में मैंने बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं। कुछ भी हमेशा के लिए नहीं रहता- न फैशन और न ही लोगों की धारणाएं। हर शुक्रवार कुछ नया लाता है। इसलिए हमें खुद को भी बार-बार नया रूप देना चाहिए, वरना हम एक ही तरह की छवि में फंस जाते हैं।' 10 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म 'डकैत' ने आज रविवार को 10वें दिन 1.06 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की इस फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 31.66 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

# गिन्नी वेड्स सनी 2' के इवेंट पर 72 साल के सुधीर पांडे के साथ किया गया बुरा बर्ताव

एजेंसी



मुंबई। गिन्नी वेड्स सनी 2 फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में दिग्गज अभिनेता सुधीर पांडे के साथ बुरा बर्ताव किया गया। फिल्म की स्टार कास्ट ने उन्हें पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। किसी ने न ही उनसे बात की और न ही उन्हें पूछा।

72 साल के दिग्गज अभिनेता सुधीर पांडे का एक वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो 'गिन्नी वेड्स सनी 2' के इवेंट का है। इस वीडियो को देखकर यूजर्स भड़क गए हैं और इसे शर्मनाक बता रहे हैं। सुधीर पांडे के कई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे है। इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि स्टेज पर अविनाश तिवारी और मेधा शंकर बोल रहे हैं। सुधीर पांडे उनके बगल में खड़े हैं, लेकिन कोई उन्हें ध्यान नहीं दे रहा। जब उन्हें लगा कि उन्हें इग्नोर किया जा रहा है, तो वे चुपचाप स्टेज से नीचे उतर गए। जाते वक्त वे पीछे मुड़कर भी देखते रहे कि शायद कोई उन्हें रोके, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# अल्जाइमर पर आधारित हिंदी-कन्नड़ फिल्म का कान फिल्म महोत्सव में प्रीमियर

एजेंसी



मुंबई। लेखिका एवं निर्देशक करेन क्षिति सुवर्णा की पहली फीचर फिल्म सितंबर 21 का विश्व प्रीमियर 16 मई को कान फिल्म महोत्सव के मार्चे डू फिल्म में होगा।

हिंदी और कन्नड़ में बनी यह फिल्म अल्जाइमर के एक मरीज पर केंद्रित है, जिसे लगता है कि उसकी पत्नी कोविड-19 के कारण बगल के घर में पृथकवास में है, जबकि उसका अलग रह रहा बेटा व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और कर्तव्य के बीच द्वंद्व के साथ घर लौटता है। सुवर्णा (22) ने कहा कि यह परियोजना जितनी डिमेंशिया रोगियों की देखभाल करने वालों के बारे में है, उतनी ही स्वयं रोगियों के बारे में भी है। निर्देशक ने एक बयान में कहा, देखभाल करने वालों के संघर्ष अल्जाइमर रोगियों के संघर्षों से कहीं अधिक हैं। इस फिल्म में प्रवीण सिंह सिसोदिया अल्जाइमर से पीड़ित पिता की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में प्रियंका उपेंद्र, जरीना वहाब, अजित शिधाये और अमित बहल ने भी भूमिका निभायी है। फिल्म की कहानी राजशेखर ने लिखी है और संगीत विनय चंद्र ने दिया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com